

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पीढ़ियों को अनुप्राणित करने वाले भारत रत्न डॉ. बीसी रॉय व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -153, पृष्ठ ,-14+4 मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




आज का मौसम

33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल छाए रहेंगे, बारिश होगी।


सूर्योदय 05 : 19
सूर्यास्त 07 : 06


लखनऊ, रविवार, 30 जून 2024



श्रद्धा कपूर ने अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की...14


## भारत फिर बना टी-20 का शहंशाह



बारबाडोस। एक अरब 40 करोड़ भारतीयों की दुआओं और उम्मीदों पर खरा उतरते हुये रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने एकजुटता, साहस और संयम के तालमेल का अदभुद प्रदर्शन करते हुये शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हरा कर टी20 विश्वकप 17 साल बाद भारत की झोली में डाल दिया। इससे पहले भारत के हाथ आईसीसी एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2011 में आया था जिसके बाद भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की थी। इस लिहाज से भारत के हाथ 11 साल बाद कोई आईसीसी ट्राफी हाथ आयी है।

### पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत को खूब भिगोएंगे बादल

## उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार से पांच दिन में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान शनिवार को व्यक्त किया। आईएमडी ने कहा है कि पूर्वोत्तर राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश के पूर्व, उत्तर-पश्चिम में निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हुआ है। उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिम हिस्से से निम्न दबाव वाले क्षेत्र की एक प्रणाली बन गई है। जिसके कारण 29 जून से तीन जुलाई तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारी वर्षा होने का अनुमान है। छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी क्षेत्र, झारखंड और ओडिशा में 29-30 जून को और बिहार में 30 जून से दो जुलाई तक भारी वर्षा होने का अनुमान है।

आईएमडी ने इस अवधि में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में बहुत भारी वर्षा का भी अनुमान जताया है। पूर्वोत्तर में, असम के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक चक्रवाती परिसंचरण अगले पांच दिन में पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम वर्षा, गरज के साथ बौछारें, बिजली गिरने तथा कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा लाएगा। अरुणाचल प्रदेश में 29-30 जून को तथा 29 जून को असम और मेघालय में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने का अनुमान है। एक जुलाई तक सौराष्ट्र, कच्छ, केरल, तमिलनाडु तथा तटीय और दक्षिण कर्नाटक में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का पूर्वानुमान लगाया है।

### राजकोट हवाई अड्डे के बाहर कैनोपी का हिस्सा ढहा



राजकोट। राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में पिकअप और ड्रॉप वाले क्षेत्र के ऊपर कनात से बनी छत (कैनोपी) का एक हिस्सा शनिवार को भारी बारिश के कारण गिर गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। गुजरात में हवाई अड्डे पर इस घटना के पहले दिल्ली और जबलपुर में भी इसी प्रकार की घटनाएं हुई हैं। राजकोट हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारी बारिश के कारण पूर्वाह्न 11.40 बजे टर्मिनल भवन में छत वाले हिस्से में पानी जमा हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर लोक निर्माण विभाग को सूचना दी गई और छत के नीचे के हिस्से को घेर दिया गया। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 11.55 बजे भारी बारिश के कारण छत पर अधिक पानी जमा हो गया, जिसके कारण कनात का कपड़ा फट कर गिर गया।


पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा


एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555


## मेधावियों के नाम पर होंगी सड़कें

### मुख्यमंत्री ने कहा, स्कूल जाने से कोई छात्र वंचित न रहने पाए

- योगी ने लोकभवन में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान
- छात्रों को प्रमाण पत्र, टैबलेट व एक लाख रुपये किए वितरित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



समारोह में बच्चे को पाठ्य सामग्री देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सड़कों का नाम मेधावी छात्र-छात्राओं के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई छात्र स्कूल जाने से वंचित न रहने पाए। यह देश की सबसे बड़ी सेवा होगी। मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर छात्रों को प्रमाण पत्र, टैबलेट और एक लाख रुपये वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये छात्र जिस गांव व मोहल्ले के होंगे, वहां की सड़क का नामकरण उनके नाम पर होगा। सड़क का निर्माण कार्य सरकार के स्तर पर होगा। विधायक व सांसद के साथ मिलकर इन्हीं से शिलान्यास भी कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य है। शिक्षकों का आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में होना चाहिए। कहा कि हमारे विद्यालय 'इनोवेशन' और 'रिसर्च' के नए सेंटर के रूप में स्थापित हों, छात्र-छात्राओं के अंदर कठिन से कठिन चुनौतियों से जूझने का जज्बा हो, इसके लिए शिक्षक स्वयं को तैयार करें।

समारोह में हाईस्कूल और इंटर की मेरिट में जगह बनाने वाले कुल 170 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिनमें छात्र 58 हैं और छात्राएं 112 हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी व स्कूल बैग खरीद के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं के माता-पिता या अभिभावकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजने की प्रक्रिया की शुरुआत की।

### इन योजनाओं की शुरुआत व लोकार्पण

- ड्रेस-स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये खाते में
- विभिन्न बोर्डों के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान
- 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी विद्यालय का लोकार्पण
- 11 जिलों के डायट में अतिरिक्त कक्षा का शिलान्यास
- कक्षा एक व दो की पुस्तकों के वितरण की शुरुआत
- टोल फ्री नंबर 1800-889-3277 की शुरुआत
- शैक्षणिक शोध संकलन 'शोध संगम' का विमोचन

### योगी ने बच्चों को बताया सफलता का मंत्र

मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को सफलता का मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी क्षेत्र में जाना हो, याद रखें, परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जीवन में 'शॉर्टकट' का रास्ता अपनाने वाला व्यक्ति कभी भी अपनी मंजिल को प्राप्त नहीं कर सकता, इसलिए जीवन में जितना कठिन परिश्रम कर सकते हैं, करना चाहिए। जिन छात्रों ने कठिन परिश्रम किया, मेरिट में उनका नाम आया। सफलता हमें ये भी बताती है कि हमने मंजिल पा ली है, हमारी दिशा सही है, हमें दिशा भ्रम में नहीं पड़ना है।

### एक नजर

#### 475 करोड़ के जब्त मादक पदार्थ नष्ट किए

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने केंद्र शासित प्रदेश में 475 करोड़ के जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया है। मादक पदार्थ निपटान कार्यक्रम के तहत जीबी पंत अस्पताल में लगभग 238.41 किग्रा मेथमफेटामाइन, 67.63 किग्रा गांजा, 1.060 किग्रा कोकीन, 76 ग्राम चरस समेत अन्य मादक पदार्थ नष्ट किए गए।

#### सीबीआई का मुंबई में दो पासपोर्ट सेवा केंद्रों में छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बड़े पैमाने भ्रष्टाचार के आरोप में मुंबई में दो पासपोर्ट सेवा केंद्र के 14 अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज करने के बाद शनिवार को महाराष्ट्र में 33 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। सीबीआई ने लोअर परेल और मलाड में केंद्रों से जुड़े एक भ्रष्टाचार रैकेट का पर्दाफाश किया है।

### नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामला

## सीबीआई ने की गुजरात के चार शहरों में सात स्थानों पर छापेमारी

- झारखंड के हजारीबाग से एक पत्रकार को भी दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि चार जिलों - आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में संदिग्धों के परिसरों पर सुबह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य के अलावा हिंदी अखबार के एक पत्रकार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए हजारीबाग का नगर समन्वयक बनाया गया था। उन्होंने बताया कि उप-प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए का पर्यवेक्षक और ओएसिस स्कूल का केंद्र समन्वयक नियुक्त किया गया था। सीबीआई प्रश्नपत्र लीक मामले के सिलसिले में जिले के पांच और लोगों से भी पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पत्रकार जमालुद्दीन अंसारी को प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने इस मामले में छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। एनटीए ने देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की थी।

### दो दिन में घोषित होगी नीट-पीजी की नई तिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) अगले दो दिन के भीतर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए नई तारीख की घोषणा करेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर बढ़ते विवाद के बीच एहतियाती कदम उठाते हुए पिछले सप्ताह रद्द की गई परीक्षाओं में नीट-पीजी की परीक्षा भी शामिल है। प्रधान ने हरियाणा के पंचकूला में संवाददाताओं से कहा कि नीट-पीजी के लिए तिथि की घोषणा एनबीई द्वारा एक या दो दिन में की जाएगी।

### तीन और अभियुक्तों की सीबीआई को मिली रिमांड

**पटना।** सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने शनिवार को (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में तीन और अभियुक्तों को पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने हजारीबाग से गिरफ्तार डॉ. एहसान उल हक, इम्तियाज और जमालुद्दीन को विशेष अदालत में पेश कर हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। अदालत ने तीनों को 29 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेऊर के अधीक्षक को दिया है।

## टैंक सवार जवान बहे, जेसीओ समेत 5 की मौत

### एलएसी के पास हुआ हादसा

### लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान श्योक नदी में फंस गया था टैंक

लेह, एजेंसी

लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास श्योक नदी में शुक्रवार देर रात अचानक आई बाढ़ के कारण टी-72 टैंक पर सवार एक 'जूनियर कमिशंड ऑफिसर' (जेसीओ) समेत पांच सैन्यकर्मी डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुई। लेह में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने कहा कि 28 जून, 2024 की रात एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के बाद, पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा के पास श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक फंस गया। बयान में कहा गया कि बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव और अधिक जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हो सका और टैंक के चालक दल के सदस्यों की जान चली गई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लद्दाख में एक टैंक को नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के हमारे पांच बहादुर कर्मियों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। हम अपने वीर जवानों द्वारा देश के लिए की गई अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

### देश जवानों के परिवारों के साथः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लद्दाख में अचानक आई बाढ़ में सैनिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि पूरा देश उनके परिवारों के साथ है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे की सूचना से मन व्यथित है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले वीर जवानों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरा देश वीर जवानों के परिजनों के साथ है।

### राहुल गांधी और प्रियंका ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाद्रा ने लद्दाख में पांच सैनिकों की मौत होने पर शनिवार को गहरा दुख व्यक्त किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि लद्दाख में पांच बहादुर सैनिकों की मौत से बहुत दुखी हूं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सैन्यकर्मियों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है। दुख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। प्रियंका गांधी ने भी सैन्यकर्मियों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## अमरनाथ यात्रियों का दूसरा जत्था रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को अमरनाथ यात्रा का दूसरा जत्था पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में 4029 तीर्थयात्री शामिल हैं, जो 200 वाहनों से भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और उत्तर कश्मीर के बालटाल के मार्गों से पवित्र गुफा के दर्शन करने पहुंचेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 2179 तीर्थयात्रियों में से 1670 पुरुष, 332 महिलाएं, दो बच्चे, 144 साधु और 31 साध्वियां शामिल हैं जो 96 वाहनों से पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए। बालटाल में 1850 तीर्थयात्रियों में से 1264 पुरुष, 448 महिलाएं, 19 बच्चे, 87 साधु और 31 साध्वियां शामिल हैं।

## चिकित्सकों ने पैर की जगह कर दी गुप्तांग की सर्जरी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शाहपुर के एक नौ वर्षीय लड़के के माता-पिता ने पुलिस से अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने उनके बेटे के घायल पैर की जगह गुप्तांग की सर्जरी कर दी। पीड़ित नाबालिग के माता-पिता के आरोप पर एक स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। पुलिस ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। नाबालिग के माता-पिता ने संवाददाताओं को बताया कि पिछले महीने जब नाबालिग बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था तब उसके पैर में चोट लग गई थी। उसे 15 जून को शाहपुर के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने उसके जख्मी पैर की जगह गुप्तांग का खतना कर दिया। उन्होंने कहा कि बाद में अपनी गलती का एहसास होने पर चिकित्सकों ने जख्मी पैर की सर्जरी की। माता-पिता ने शाहपुर पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच चल रही है। जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी आरोपों की जांच करेंगे।

**पैर में चोट लगने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था बच्चा**

## ऊर्जा निगमों में अब 65 वर्ष तक रह सकेंगे निदेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में निदेशक अब 65 वर्ष तक रह सकेंगे। राज्य सरकार ने उनकी सेवानिवृत्ति आयु तीन वर्ष बढ़ा दी है। चयन प्रक्रिया में भी आयु सीमा की छूट दी गई है। इस सिलसिले में आदेश जारी किया गया है। पहले निदेशक पद पर तैनात बिजली अभियंता 62 वर्ष में सेवानिवृत्त हो रहे थे। निदेशक पद पर चयन के लिए अब न्यूनतम 50 और अधिकतम 62 वर्ष तक सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, कार्यरत मुख्य अभियंता या प्रोन्नति के लिए चयनित अधीक्षण अभियंता आवेदन कर सकेंगे।

## केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में

### आबकारी घोटाला



- तीन दिन की हिरासत के बाद सीबीआई ने कोर्ट में किया था पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शनिवार को यहां की अदालत ने 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल को सीबीआई ने तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध करते हुए कहा कि जांच और न्याय के हित में उनकी हिरासत जरूरी है। याचिका मंजूर करते हुए विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने कहा कि केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश किया जाए। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में अनियमितताओं के सिलसिले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।


सीबीआई ने केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने अपनी याचिका में कहा कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने जांच में सहयोग नहीं किया।

### बदरंग तस्वीर

### कानपुर में सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम अलग-अलग होने की जगह एकसाथ हैं, जो गंगा व पांडु नदी को कर रहे प्रदूषित

## गंगा क्यों न हो मैली, बहा रहे करोड़ों लीटर सीवेज

अभिषेक वर्मा, कानपुर



- गंगा को निर्मल बनाने के लिए 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' सिस्टम की आवश्यकता
- बंद किए जा चुके सीसामऊ नाले से वर्षा जल के साथ गंगा में बहा रहे मल-जल

**अमृत विचार** : कानपुर को भले ही स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है, लेकिन यहां का लचर ड्रेनेज सिस्टम पूरे शहर की तस्वीर बदरंग कर रहा है। स्मार्ट सिटी में सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम अलग-अलग होना चाहिए, लेकिन शहर में आज भी 80 प्रतिशत सीवेज सिस्टम नालों से कनेक्ट हैं। लिहाजा, बारिश के पानी के साथ मल-जल भी नालों के जरिए गंगा और पांडु नदी में बहा दिया जाता है। वर्षा जल के साथ करोड़ों लीटर सीवेज भी नदियों में जाता है। 2019 में बंद किए जा चुके सीसामऊ नाले से भी सीवेज मिला वर्षा जल गंगा में बहाया जा रहा है। ऐसे में गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' यानी सतही जल निकासी मात्र एक विकल्प बचा है।

कानपुर शहर में 16 बड़े नाले हैं। इनमें से 10 टैप्ड (बंद) हैं, जबकि छह खुले हैं। टैप्ड नालों में सीवेज पंपिंग स्टेशन के माध्यम से गैर-शोधित पानी को एसटीपी भेजा जाता है, जबकि छह अनटैप्ड नालों में बायोरेमिडिएशन विधि से जलशोधन होता है। नगर निगम के प्रभारी पर्यावरण अभियंता आरके पाल ने बताया कि भारी बारिश के बाद नालों में जलप्रवाह बढ़ जाता है। टैप्ड नालों में भी पानी पहुंचता है। लोड संभालने के लिए टैप्ड नालों में आपात स्थिति में चैनल को खोलना पड़ता है, जिससे पानी गंगा में गिरता है। पाल ने बताया कि हमारे पास स्टॉर्म वाटर और सीवेज का अलग-अलग चैनल नहीं है। ऐसी स्थिति में पानी गंगा में छोड़ना मजबूरी है। वरना, शहर तो बहेगा, साथ ही चैनल भी टूट जाएंगे।

### ड्रेनेज समस्या से जूझ रहा 80 फीसदी शहर

शहर की बसावट वर्ष 1800 के बाद शुरू हुई। बरसाती पानी के निकासी के लिए वर्ष 1892 में सीसामऊ नाला बनाया। जब सीसामऊ नाला बना, तब आबादी डेढ़ से दो लाख थी। 132 साल बाद भी सीसामऊ नाला शहर का 20 प्रतिशत ड्रेनेज संभाले हुए है। शहर की बसावट अब 300.89 वर्ग किमी में हो गई है। आबादी भी 50 लाख से ज्यादा हो गई है, लेकिन ड्रेनेज सिस्टम अपडेट नहीं किया गया।

### 18 सौ करोड़ खर्च करने के बाद भी समस्या

शहर में गंगा को निर्मल बनाने में 1810 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन अब भी शहर में ड्रेनेज सिस्टम के नाम पर सीवर और नाला एक में है। अंग्रेजों के जमाने में शहर में जल निकासी के लिए डॉट नाला बनाया गया था। शहर का विस्तार होता गया। गंगा को साफ करने में करोड़ों खर्च होने के बाद भी न तो गंगा साफ हुई और न ही शहर का ड्रेनेज सिस्टम सुधरा।

कानपुर स्मार्ट सिटी तो है, लेकिन यहां चंडीगढ़ की तरह स्टॉर्म वाटर ड्रेन सिस्टम नहीं है। शहर की बसावट के अनुसार सीवेज और वर्षा जल निकासी की लाइनें अलग होनी चाहिए, जो शहर में नहीं हैं। जीओ के तहत ही नालों के जरिए वर्षा जल गंगा में भेजा जाता है। - **अमित मिश्रा**, क्षेत्रीय अधिकारी, उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

हमारी प्राथमिकता पहले शहर को डूबने से बचाने की होती है। मजबूरी में ही नालों को खोला जाता है। ऐसा नहीं करेंगे तो चैनल फट जाएंगे। सरकार की गाइडलाइन का पालन किया जाता है। -**आरके पाल**, पर्यावरण अभियंता (प्रभारी), नगर निगम

## एक नजर

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम आज

**लालगंज, रायबरेली।** मन की बात आकाशवाणी पर प्रसारित किया जानेवाला एक कार्यक्रम है। जिसके जरिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के नागरिकों को संबोधित करते हैं। इस कार्यक्रम का पहला प्रसारण 3 अक्तूबर 2014 को किया गया था। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने बताया कि चुनाव के चलते कुछ महीनो के अंतराल के बाद फिर से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आज 30 जून से शुभारंभ होने जा रहा है। प्रधानमंत्री रविवार सुबह मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सभी लोगों से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने की अपील की है। मन की बात कार्यक्रम के शुरुआत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं शरद सिंह, देवेंद्र सिंह, विवेक शुक्ला, सुशील शुक्ला, वीरेंद्र सिंह आदि ने खुशी व्यक्त की है।

### बंद पड़े घर से चोरों ने उड़ाया जेवर व नकदी

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल खेल मैदान के निकट रहने वाली महिला रज्जना निर्मल पत्नी रूपेश निर्मल के घर पर धावा बोलकर चोरों ने नकदी और जेवर पार कर दिया। रज्जना निर्मल शुक्रवार की शाम घर में ताला बंद कर अपने मायके पौशला मजरे कोरिहरा चली गई थी। शनिवार सुबह जब वह लौट कर आई तो उसे घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लाकर टूटा था और 25 हजार रुपए नगद व सोने चांदी के जेवरात गायब थे। मामले में महिला ने लालगंज पुलिस से लिखित शिकायत की है। इस संबंध कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की तहकीकात की जा रही है। मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

### वाहन चोरों ने बाजार से उड़ाई बाइक

**सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कस्बा महरानीगंज की बाजार से विगत रविवार को सरेशाम अज्ञात वाहन चोरों ने एक बाईक पार कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात वाहन चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती गंभीर

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे ज्वाला निवासी रणवीर की 18 वर्षीय बेटी शिवानी शनिवार को अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी जानकारी होने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ लेकर पहुंचे जहां पर उसकी हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कीटनाशक पीने से महिला की बिगड़ी हालत

**जगतपुर, रायबरेली।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के पूरे राम इटौरा बुजुर्ग में एक महिला ने कीटनाशक पी लिया इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया गया। शनिवार को ऊंचाहार थाना क्षेत्र की पूरे राम इटौरा बुजुर्ग की रहने वाली सुमन पत्नी शमशेर बहादुर घर में रखे कीटनाशक को पी लिया थोड़ी देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी तब परिजनों द्वारा उन्हें आनंन-फानन जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर महिला का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

# इनकमिंग ट्रॉली जली, 60 हजार आबादी पर बिजली का संकट

संवाददाता, खीरों

**रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र खीरों के अन्तर्गत स्थित विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा की शुक्रवार की रात को इनकमिंग ट्रॉली जल जाने से उपकेन्द्र के सेवित क्षेत्र की लगभग 60 हजार से अधिक की आबादी के सामने बिजली का संकट पैदा हो गया है।

क्षेत्र में धान की रोपाई और खेतों में पलेवा करना किसानों के लिए कठिन हो गया है। हालांकि विभागीय कर्मचारी जली हुई ट्रॉली की मरम्मत में लगे हुए हैं। शुक्रवार की रात को विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा की इनकमिंग ट्रॉली अचानक जल गई, जिससे क्षेत्र की लगभग साठ हजार से अधिक की आबादी के सामने बिजली संकट पैदा हो गया है। खीरों क्षेत्र में हल्की बारिश होने से भले ही गर्मी और उमस से लोगों को कुछ राहत मिली हो, लेकिन क्षेत्र के कुछ किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। जबकि अधिकांश किसान धान की रोपाई करने के लिए खेतों में पलेवा कर रहे हैं। ऐसे में आपूर्ति बाधित होने से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा की जली इनकमिंग ट्राली की मरम्मत करते कर्मचारी।

किसान रामबहादुर, शिवकुमार, राजेशकुमार, अंगनू लोधी,राज नारायन,हरिओम,जयकरन,शिव चरन,गंगा प्रसाद आदि ने बताया कि क्षेत्रीय किसान धान की रोपाई करने के लिए खेतों में पलेवा करना चाहते हैं, जो कि बिना पानी के सम्भव नहीं है। जिस खेत में एक बार पानी भरकर पलेवा कर दिया गया है। यदि उस खेत का पानी एक बार सूख गया तो खेत की मिट्टी खराब हो जायेगी। धान की पैदावार प्रभावित हो सकती है। यदि शनिवार की शाम तक आपूर्ति न मिली तो किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में अवर अभियंता रामनाथ ने बताया कि उपकेन्द्र कलुआखेड़ा की इनकमिंग ट्राली जल गई है। मरम्मत की जा रही है। मरम्मत कार्य पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी।

# संचारी रोगों के रोकथाम पर जिलाधिकारी सख्त

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत डीएम हर्षिता माथुर ने राही ब्लॉक सभागार में विभागीय व अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कर संचारी रोगों के रोकथाम के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि वर्षा काल में संचारी रोगों के फैलने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। संचारी रोगों में मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया, कालाजार, लिंफेटिक फाइलेरियासिस आदि शामिल है। यह सभी संचारी रोग अधिकांशतः पशुओं से मनुष्यों में फैलते हैं। इस संबंध में पशुपालन विभाग व स्वास्थ्य विभाग मिल कर जरूरी उपाय करें। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विकास खंडों में इस बीमारी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भी वेक्टर जनित बीमारियों के विषय में जागरूक किया जाए।

# मलबे में दबकर किशोर की मौत, मचा कोहराम

## किशोर को बचाने के लिए किया गया रेस्क्यू, नहीं मिली कामयाबी, पूर्व विधायक ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को दी सांत्वना

संवाददाता, बछरावां

**रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूपखेड़ा मजरे कुरीं गांव में शनिवार की सुबह नवनिर्मित शौचालय की दीवार धसने से मलबे में एक किशोर दब गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जगह मौजूद लोग मल्बे में दबे किशोर को बचा पाने में असफल रहे। इस हादसे के बाद परिजनों व ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार मृतक किशोर शिवम (17) पुत्र रामनरेश अपने नवनिर्मित शौचालय के पास भरे बरसात के पानी को हटाने का कार्य कर रहा था, तभी शौचालय के टैंक की दीवार धसने से वह टैंक के अंदर में फंस गया। इस दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल जेसीबी बुलाकर लगभग चार घंटे तक उसे बचाने का ऑपरेशन चलाया, परंतु किशोर के लिए काल बन कर आई दुर्घटना के आगे ग्रामीणों का प्रयास असफल हो गया। मृतक किशोर शिवम के पिता रामनरेश ने बताया कि अभी 8 दिन पूर्व ही शौचालय के टैंक की स्लेप पड़ी थी। बरसात के कारण शौचालय के पास पानी भर गया था। शिवम वहां मिट्टी डालने का कार्य कर रहा था, परंतु अचानक टैंक की चारों दीवार जमीन में धस गई, जिससे वह टैंक के अंदर फंस गया।


भूपखेड़ा गांव में मृतक के रोते-बिलखते परिजन। इनसेट में मृतक शिवम (फाइल फोटो)।


इसी नवनिर्मित शौचालय में दबकर हुई किशोर की मौत।


बछरावां भूपखेड़ा गांव में दुर्घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण।


मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते पूर्व विधायक रामलाल अकेला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने मृतक किशोर के पारिवारिजनों को ढांढस बधाते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। घटना के समय घटनास्थल पर लोगों का भारी हुजूम जमा हो गया और भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

### साड़ी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के छत में लगे हुक में साड़ी के फंदे से युवक का लटकता हुआ शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे पहाड़ सिंह मजरे करकसा ग्राम निवासी मथुरा प्रसाद ने बताया कि 30 वर्षीय पुत्र दयाशंकर प्रदेश में ईट भट्टे में मजदूरी करता था और कुछ दिन पूर्व घर आया था। बीते लगभग 6 माह से दयाशंकर की पत्नी मालती मायके में ही रहती थी जिससे दयाशंकर परेशान रहता था और आए दिन ससुराल जाता था। शनिवार सुबह वापस आकर अपने कमरे में चला गया कुछ देर बाद दयाशंकर छत के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी से लटकता हुआ पाया गया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मृतक मानसिक तनाव से ग्रसित था।


दयाशंकर (मृतक फाइल फोटो)

# नाला पाटने से आक्रोशित महिलाओं का प्रदर्शन


डलमऊ तहसील में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, डलमऊ

**रायबरेली।** संपूर्ण समाधान दिवस में जल निकासी की समस्या के निस्तारण के बाद दोबारा मिट्टी डालकर नाला पाट दिए जाने से महिलाओं में आक्रोश है। इसको लेकर दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी डलमऊ को शिकायती पत्र देकर समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की है।

एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि कई माह से जल निकासी की समस्या से ग्रसित गांव की महिलाओं द्वारा बीते सप्ताह जिलाधिकारी से संपूर्ण समाधान दिवस में इसकी शिकायती की थी। जिस पर डीएम के निर्देश पर संबंधित अधिकारी ने बंद पड़े नाली की खुदाई कराकर जल निकासी की समस्या का निराकरण कराया था। समस्या के निस्तारण के बाद फिर गांव के ही एक परिवार द्वारा नाला को मिट्टी डालकर पाट दिया गया जिससे बरसात का पानी सड़कों पर भर जाने के चलते आवागमन बाधित हो रहा है।

गांव की ज्ञानमती, ममता देवी, आशा,ईश्वर देवी,सुनीता देवी, मीरा यादव,गोमती,पूनम आदि के साथ लगभग दो दर्जन से अधिक आक्रोशित महिलाओं ने डलमऊ तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने शिकायती पत्र के माध्यम से उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह को बताया कि डीएम के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी और राजस्व टीम ने प्रस्तावित नाला की नाप करके खुदाई का कार्य किया। जिसे गांव के ही एक परिवार द्वारा बीती रात मिट्टी डालकर पाट दिया गया। नाला पाटने से बारिश का पानी सड़कों पर भरने से आवागमन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है और निराकरण कराया जाएगा।

# ग्राम पंचायत की भूमि पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## नायब तहसीलदार शम्भू शरण पांडेय के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम ने जमींदोज किया अवैध निर्माण

संवाददाता, खीरों

**रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के गांव पाहो में ग्राम पंचायत की सुरक्षित तालाबी भूमि पर चार लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे और निर्माण पर शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा।

नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने चार सगे भाइयों द्वारा अवैध कब्जा कर शुरू किए गए निर्माण को धराशाई कर दिया। इसी क्रम में भीतर गांव में भी एक आवंटी की भूमि पर दूसरे व्यक्ति द्वारा किए गए अवैध कब्जे को जमीदोज कर आवंटी को कब्जा दिलाया गया। इस प्रशासनिक कार्यवाही से दोनों ग्राम पंचायतों के नागरिकों में हड़कंप मचा हुआ है। ग्राम पंचायत पाहो के गांव फत्तेखेड़ा निवासी पुष्पा देवी पुत्री महापाल ने विगत सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लालगंज में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि फत्तेखेड़ा मजरे पाहो ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 1337 ख राजस्व विभाग के अभिलेखों में तालाब दर्ज है।

इसी भूमि पर उसका अस्थाई घूरा पड़ता है, लेकिन उसके गांव के सूर्यभान, विजय शंकर, गनेश, दिनेश पुत्रगण रामकुमार ने जबरन सरहंगी के कारण उसका घूरा हटाकर उक्त ग्राम पंचायत की सुरक्षित तालाबी भूमि पर लगभग 12 बिसुआ रकबे में अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस निर्माण कार्य के द्वारा चारो भाई टीनशेड का निर्माण करने की तैयारी कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के आदेश पर नायब तहसीलदार शम्भूशरण पांडेय के नेतृत्व में कानूनगो गम्भीर सिंह, शिवप्रकाश द्विवेदी, लेखपाल जितेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार, महेश तिवारी, विनय तिवारी आदि की राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को फत्तेखेड़ा मजरे पाहो पहुंचकर अवैध निर्माण को बुल्डोजर चलवाकर जमीदोज कर उक्त सुरक्षित भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया। इसी क्रम में भीतरगांव ग्राम पंचायत के गांव नया पुरवा निवासी बच्चनलाल पुत्र छोटेलाल के नाम आवंटित भूमि पर इसी गांव के निवासी रमाशंकर यादव ने अवैध रूप से जबरन कब्जा कर निर्माण कर लिया था।


अवैध निर्माण को ढहाती प्रशासन की जेसीबी। अमृत विचार

नायब तहसीलदार शम्भू शरण पांडेय के नेतृत्व में उक्त टीम ने अवैध कब्जे को ढहाकर आवंटी को कब्जा दिला दिया। नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय ने बताया कि फत्तेखेड़ा मजरे पाहो में सुरक्षित तालाबी भूमि पर अवैध कब्जा कर किया गया निर्माण गिरवाकर कब्जा मुक्त करा दिया गया है। नयापुरवा मजरे भीतरगांव में आवंटी की भूमि पर अवैध कब्जा कर किया गया निर्माण हटवाकर आवंटी को कब्जा दिला दिया गया है।

### मानक के विपरीत बनी है नाली : सभासद

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा सभासद ने नगर पंचायत में चल रहे नाली निर्माण कार्य मानक के अनुरूप ना होने का आरोप लगाया है। सभासद ने अधिकारियों व विधायक को पत्र भेजकर लिखित शिकायत की है। कस्बे में साकेत नगर से रामपाल यादव के मकान तक करीब 150 मीटर नाली का निर्माण कराया जा रहा है। सभासद संदीप मोदनवाल का आरोप है कि नाली निर्माण मानक के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण नहीं कराया जा रहा है। नाली की गहराई भी कम है। सभासद ने इसकी लिखित शिकायत विधायक व उपजिलाधिकारी से की है। मामले में अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने बताया कि नाली निर्माण का कार्य रुकवा दिया गया है। निर्माण कार्य की जांच कराकर मानक के अनुरूप ही कार्य कराया जायेगा।

### तीन नकली व नौ अधोमानक दवाओं की बिक्री पर रोक

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** औषधि नियंत्रक ने जांच में नकली और अधोमानक मिली दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी है। साथ ही थोक और फुटकर दवा विक्रेताओं को प्रतिबंधित दवाओं को वापस करने के निर्देश दिए हैं। औषधि निरीक्षिक ने चेतावनी दी है कि यदि प्रतिबंधित दवाएं मेडिकल स्टोरों पर मिली तो लाइसेंस निरस्त होगा। औषधि निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच में कैंपोड 200 एलबी बैच नंबर POD0009267, जेकफ्लो 200 बैच नंबर बीबीटी18847, काइमोरल फोर्ट बैच नंबर 2केयू6केयू032 दवाएं नकली पाई गई। इसके अलावा एंटीजिन सीरप बैच नंबर एयूजी23206, एरिस्टोमाल 120 बैच नंबर डीपीबी230435, रेपी एलएस बैच नंबर डब्ल्यूसी180सी, जुकलरिक 500 बैच नंबर एएलटी3491, मेराब डीएसआर बैच नंबर 00523489, मिफेक्स स्पास बैच नंबर एसआरटी23061, मनीस्पास बैच नंबर एपीटी099/23, इंटरेब डीएसआर बैच नंबर वीबीसी8002, न्यूरो फोर्ड बैच नंबर आईजीएन2630 दवाएं अधोमानक मिली। इनमें एंटीबायोटिक, एंटीएलर्जिक, बच्चों के बुखार की सीरप, गैस, डायरिया, कैल्सियम, विटामिन, दर्द की दवाएं शामिल हैं। इन दवाओं की उपलब्धता की आशंका पर बिक्री रोक दी गई है।

**खबर का असर** ऊंचाहार क्षेत्र में मानकों को दरकिनार कर कराया जा रहा था खनन, जिले के अलग- अलग हिस्सों से होकर गुजरा है गंगा एक्सप्रेसवे

# खनन पर डीएम हुई सख्त, कार्यदायी संस्था पर आठ लाख का जुर्माना

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले से होकर गुजर रहे गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य करा रही कार्यदायी संस्था द्वारा बिना अनुमति व मानकों की अनदेखी कर अलग-अलग जगहों पर कराए जा रहे अवैध खनन पर जिलाधिकारी की नजरें टेढ़ी हो गई हैं। जिला खनन अधिकारी की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने गंगा एक्सप्रेस-वे की कार्यदायी संस्था पर अवैध खनन में 8 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया है।

'अमृत विचार समाचार पत्र' ने प्रमुखता से मानकों की अनदेखी व अवैध खनन के खिलाफ समाचारों की एक श्रृंखला प्रकाशित की थी। जिसके के बाद जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मामले की गम्भीरता को लेकर विभाग से रिपोर्ट तलब की। खनन अधिकारी की रिपोर्ट के बाद जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था पर 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। संस्था पर लगे जुर्माने की रकम भी जमा करा दी गई है।

गौरतलब है कि जिले के अलग-अलग स्थानों से होकर गंगा एक्सप्रेस वे निकल रहा है। इसके निर्माण में लगने वाली मिट्टी का कार्य आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड कर रही है। इस कार्यदायी संस्था द्वारा मानकों को दरकिनार करते हुए बिना अनुमति के धड़ल्ले से अवैध खनन कराया गया था। ऊंचाहार क्षेत्र में दिन-रात इस कार्यदायी संस्था द्वारा प्रशासन की आंख के नीचे लगातार खनन किया जाता रहा। इतना ही अधिकतर जगहों पर भी यही खेल चल रहा है। जिसको लेकर अमृत विचार समाचार पत्र ने खबरों की एक श्रृंखला चलाई जिसके बाद जिला अधिकारी ने खनन अधिकारी से रिपोर्ट तलब की। जिसमें नियम के खिलाफ कार्य करते हुए संस्था को दोषी पाया गया। जिसके बाद इस कार्यदायी संस्था पर डीएम ने आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वही दोबारा इस तरीके के कार्य न कराने की भी हिदायत दी गई। वही संस्था द्वारा जुर्माने की रकम भी भर दी गई है।


सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं मिट्टी लदे ओवरलोड डंपर

22 जून के अंक में प्रकाशित हुई खबर। अमृत विचार


किसकी मजाल जो रोक दे सड़कों पर दौड़ते ओवरलोड डंपरों की रफ्तार

26 जून के अंक में प्रकाशित हुई खबर। अमृत विचार


अवैध खनन जारी, खामोश अधिकारी, हादसे पड़ रहे भारी

एक्सप्रेसवे के निर्माण में मानक रखे जा रहे ताक पर

27 जून के अंक में प्रकाशित हुई खबर।

### खनन में लगी कार्यदायी संस्था को नोटिस

**रायबरेली।** लालगंज के ऐहार व सेमरी क्षेत्र से निकल रहे गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है। निर्माण में मिट्टी भराई का काम। चल रहा है जिसको लेकर आसपास जोरो पर खनन भी हो रहा है। जिलाधिकारी ने इस मामले में खनन अधिकारी से जवाब तलब किया है। जिसके बाद खनन अधिकारी ने खनन करा रही कार्यदायी संस्था को नोटिस देकर 15 दिनों के अंदर जवाब मांगा है।

"ऊंचाहार क्षेत्र में मानको को दरकिनार खनन करने के मामले में जांच के बाद आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड पर जिलाधिकारी ने 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कार्यदायी संस्था द्वारा जुर्माने की रकम जमा कर दी गई है। साथ ही अन्य स्थानों पर हो रहा है खनन को लेकर छापेमारी की जा रही है। लालगंज क्षेत्र में हो रहे खनन को लेकर कार्यदायी संस्था को नोटिस दी गई है।"

-उमाकांत, खनन अधिकारी, रायबरेली।

# सौतेली मां ने रची थी मासूम के अपहरण की झूठी कहानी

संवाददाता,ऊंचाहार

**रायबरेली।** बचपन में मां मासूम को छोड़कर भाग गई। पिता उसके लिए सौतेली मां लाया। अब सौतेली मां उस पर जुल्म ढा रही है। नन्हीं सी उम्र में अपनो से जख्म खाया मासूम दर-दर भटकता है और उसकी रात रेलवे स्टेशन पर बीतती है। उसके अपहरण की झूठी कहानी भी उसकी ही मां ने रची थी। मासूम ने पुलिस को सच्चाई बताई तो हर किसी का दिल दहल गया।

पिछले माह नगर के सरस्वती नगर में रहने वाले कृष्णा के अचानक गायब होने की सूचना से हर कोई हैरान था। दस साल का कृष्णा घर से दूध लेने निकला तो फिर वापस नहीं आया। मामले में उसकी मां ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस छानबीन कर रही थी कि कृष्णा लौट आया। उसके बाद उसने जो कहानी बताई वह बहुत खौफनाक है। उसके अनुसार उसकी मां सौतेली है, उसी ने उसे कानपुर जाने वाली एक ट्रेन पर बैठा दिया था। वह कानपुर में भटकता रहा। कई दिन बाद उसे कानपुर से किसी ने ऊंचाहार आने वाली ट्रेन में बैठा दिया तो वापस ऊंचाहार आ गया है।

कृष्णा इस समय दिन भर नगर में इधर उधर भटकता है। मांग कर खाना खा लेता है और रात में सोने के लिए रेलवे प्लेटफार्म की शरण लेता है। उसका कहना है कि उसकी सौतेली मां उसे बुरी तरह से प्रताड़ित करती है, पिता भी उसकी नहीं सुनते हैं। उसने उसे घर से निकाल दिया है। उसकी मां को एक बच्चा है। वह उसे ही प्यार देती है। कृष्णा कहता है कि आखिर वह कहां जाए? कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक बच्चे के गायब होने की सूचना मिली थी। उसे बरामद करके परिजनों के सुपुर्द किया गया था। अब वह कहां है इसकी जानकारी नहीं है।

# वीणापाणि इंटर कॉलेज के सर्वेश मौर्या को टैबलेट व चेक देकर किया सम्मानित

## शिक्षक विधायक ने कहा- प्रदेश में जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं मेधावी छात्र

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर की सूची में शामिल जिले के मेधावियों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक विधायक ने वीणापाणि इंटर कालेज के सर्वेश मौर्या समेत अन्य मेधावियों को एक लाख रुपये का चेक और टेबलेट देकर उत्साहवर्धन किया। साथ ही कहा कि प्रदेश में जिले का गौरव मेधावी बढ़ा रहे हैं। सफलता पाने के लिए लक्ष्य का होना बेहद जरूरी है।

शिक्षक विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पहली प्राथमिकता शिक्षा में सुधार की है। इस बार परीक्षा परिणाम भी सबसे पहले घोषित किया गया। पिछली किसी सरकार में ऐसी दृढ़इच्छाशक्ति नहीं दिखाई दी। यूपी बोर्ड परीक्षा पहले की अपेक्षा काफी बेहतर है। उन्होंने बच्चों को पूरे मनोयोग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यवाहक सीडीओ राजेश मिश्रा ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए गुरु ही बच्चों का भविष्य सही मायने में संवारा सकता है। डीआईओएस ओमकार राणा ने मेधावियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वीणापाणि इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अजीत शर्मा ने कहा कि इंटर में 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर सर्वेश मौर्या ने प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। शिक्षक प्रेम नारायण, राहुल सिंह, देवेंद्र त्रिपाठी आदि ने खुशी जताई हे।



वीणापाणि इंटर कॉलेज के सर्वेश मौर्या को सम्मानित करते शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, साथ में कार्यवाहक सीडीओ राजेश मिश्रा और डीआईओएस ओमकार राणा ।



छात्रा को बुके देते शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी । अमृत विचार

### शिक्षकों ने छात्रा का किया उत्साहवर्धन

सरेनी, रायबरेली। कलेक्ट्रेट में आयोजित समारोह में क्षेत्र के एबीएस पब्लिक स्कूल सैदापुर की छात्रा को शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने शासन की तरफ से एक लाख का चेक और टेबलेट प्रदान किया। विद्यालय प्रबन्धक डा. भूपेन्द्र सिंह ने खुशी जताते हुए इसका श्रेय छात्रा के कड़ी मेहनत के साथ ही शिक्षकों को दिया है। कहा कि विद्यालय में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि गुणवत्ता परक शिक्षा दिलाना ही एक मात्र उद्देश्य है। इस मौके पर सुखेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, अर्पित बाजपेयी, मनोज सिंह, बीरेंद्र यादव, जीएस सैनी, अंकित द्विवेदी, रामबहोर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन



विजेता प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान करते स्काउट गाइड अधिकारी।

संवाददाता,लालगंज

**रायबरेली।** उत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला एमसीएफ इकाई द्वारा सरस्वती ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता नृत्य का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला आयुक्त एवं मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक आरके एम पासी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

प्रतियोगिता में लगभग 80 कब बुलबुल स्काउट गाइड रेंजर एवं लीडर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी के कुशल मार्गदर्शन में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कई स्काउट गतिविधियों की वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया। अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य जिला आयुक्त द्वारा शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में जिला आयुक्त एव उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक एनके वर्मा, सहायक जिला आयुक्त एवं जनसम्पर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, जिला आयुक्त गाइड एवं एएफए सुहारिता खान आदि ने मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। पासी द्वारा सभी स्काउट एवं गाइड को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। एनके वर्मा, जिला आयुक्त द्वारा सबको धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला सचिव आदित्य प्रकाश, जिला संगठन आयुक्त गाइड सबीना बानो, जिला संगठन आयुक्त स्काउट दीपक कुमार समेत लगभग 15 लीडरों के द्वारा शुभेच्छा के साथ मुख्य जिला आयुक्त आरकेएम पासी को विदा किया गया।

## हादसे में चालक व परिचालक घायल, भर्ती

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की सुबह चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर समोधा चौराहा के निकट मौरावा से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक एवं लखनऊ की ओर से आ रहे दुग्ध वाहन की आपस में टक्कर हो गई। हादसे के बाद यह वाहन चाय की दुकान में घुस गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। दुग्ध वाहन चालक चंद्रपाल पुत्र देवीलाल निवासी मोती का पुरवा थाना लालगंज और परिचालक अनुज कुमार पुत्र परशुराम ग्राम सलेमपुर थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बाबत थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मुझे ओमप्रकाश गुप्ता व घनश्याम गुप्ता दोनों ही नामों से जाना जाता है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं। **ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र शिवनाथ गुप्ता निवासी – रमईपुर कलां, पोस्ट – सरेनी,तहसील–लालगंज, जनपद –रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम ABDUL ALI FAROOQUI था अब मैंने बदलकर अपना नाम ABDUL ALI FAROOQI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: ABDUL HALIM FAROOQUI R/O- 233/17, KOREY WALI GALI PATA NALA CHOWK, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा सही नाम और जन्मतिथि व मेरी माता अमीना बानो जन्मतिथि 1/2/1957 के बजाय अमीना बानो जन्मतिथि 8/7/1962 उपरोक्त संशोधत सभी दस्तावजों में मान्य होगी। **–अमानउल्ला, निवासी–ग्राम–मझना,पो0आ0 अलीगंज बाजार तहसील सदर– जिला–सुल्तानपुर 227805, शपथपत्र नं0–** 94AE-936233

**सूचना**

सूचित करना है के मेरे पति रामकृष्ण दूबे के नाम एलआईसी में 217954090 पालिसी संख्या है। मेरे पति राम कृष्ण दूबे की मृत्यु 28–05–22 को हो गई। बीमा पालिसी में नामिनी के तौर पर मेरा नाम राजकुमारी देवी दर्ज है जबकि आधारकार्ड, बैंक खाते में गीता देवी अंकित है। राज कुमारी देवी व गीता देवी दोनों नाम मेरे है। **–राज कुमारी देवी उर्फ गीता देवी पत्नी स्व राम कृष्ण दूबे निवासिनी चांदपुर तहसील तरबगंज जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अजय कुमार पुत्र राम औतार, नि0–ग्राम पूरे रानी मजरे अतरेहटा तहसील व थाना–महराजगंज, रायबरेली** मेरी पुत्री गीतांजली का नाम डाकघर के किसान विकास पत्र व सुकन्या खाते में अंजली पुत्री अजय कुमार तथा जन्मतिथि 05.09.2005 अंकित हो गया है जोकि गलत है जबकि उसका सही नाम गीतांजली पुत्र अजय कुमार तथा जन्मतिथि 01.01.2007 व आधार कार्ड जिसका नं0 601253846887 है। यहकि अंजली व गीतांजली पुत्री अजय कुमार दोनों एक ही है तथा सत्य व सही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **इशरत उल्ला पुत्र स्व0 रहमतउल्ला, निवासी– म0नं0– 281 मीरपुर कैण्ट कानपुर नगर,** मेरा पुत्र अरबाजउल्ला व उनकी पत्नी रिजवाना जो कि आये दिन मुझसे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौज व परेशान करते है। मेरे द्वारा मना करने पर परिवार के लोगों को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है जिसके चलते मैने अपने पुत्र अरबाजउल्ला व उसकी पत्नी रिजवाना के कृत्यों व अमर्यादित व्यवहार के चलते हर प्रकार के सम्बंध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के जिम्मेदार उपरोक्त लोग स्वयं होगे, मै व अन्य परिवार किसी भी तरह से जिम्मेदार न होगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुधा देवी पत्नी कमलेश कुमार बाजपेई, निवासी– वाइटगंज, जिला हरदोई,** मेरे बैंक खाता में मेरा नाम ओम बेटी (Ombeti) अंकित है तथा मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुधा देवी (Sudha Devi) अंकित है। उपरोक्त दोनों ही नामों से मुझे जाना व पहचाना जाता है, तथा दोनों ही नाम मेरे ही हैं। अतः मेरा नाम ओम बेटी (Ombeti) के स्थान पर आधार कार्ड के अनुसार सुधा देवी (Sudha Devi) अंकित किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं कि मैं **त्रिभुवन प्रसाद दूबे पुत्र त्रिवेनी प्रसाद दूबे, निवासी– ग्राम भैरोंपुर, औरंगनगर,परगना व तहसील–अकबरपुर, जिला–अम्बेडकरनगर** मेरी पालिसी बाण्ड सं0 2146 25 491 में मेरे पुत्र का नाम अच्युत दूबे पुत्र त्रिभुवन प्रसाद दुबे अंकित है। जबकि उसके आधार कार्ड, बैंक पासबुक व हाईस्कूल की मार्कशीट में अमन दूबे पुत्र त्रिभुवन प्रसाद दूबे अंकित है जो सत्य एवं सही है। यहकि मेरे पुत्र का पुकारू नाम अच्युतं दुबे था और सही नाम अमन टूबे पुत्र त्रिभुवन प्रसाद दूबे है जो सत्य एवं सही है

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अफ्फान तनवीर अंसारी पुत्र तनवीर रफीक अंसारी, निवासी– 166, सिटी स्टेशन रोड, कजियारा पुराना सीतापुर, तह0 व जिला सीतापुर,** मेरा नाम आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर त्रुटिवश अफ्फान रफीक अंसारी एवं जन्मतिथि 22.09.2004 हो गई थी जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम अफ्फान तनवीर अंसारी एवं जन्मतिथि 22.09.2005 है जो कि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर दर्ज है। जिसमें भविष्य में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जायेगा। मुझे अफ्फान तनवीर अंसारी के नाम से जान व पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरी मुवक्किल **दीपशिखा गौतम प्लॉट संख्या 7 आराजी** 1941 के दस्तावेज जो कि राजकुमार द्वारा अनिता देवी के पक्ष में 01/10/2018 को की गई रजिस्ट्री का है जिसका बुक संख्या 1 वॉल संख्या 20639 के पृष्ठ 355 से 380 तक है और क्रम संख्या 13941 है गुम हो हुए है मिलने पर एड0 दिनेश सिंह मोबाइल न 6387202121 को दे। किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग गैरकानूनी होगा।


## रोजगार मेले में 87 अभ्यर्थियों का चयन

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर "आत्मनिर्भर भारत अभियान" और "हर हाथ को काम" के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), गोराबाजार, रायबरेली के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सकें।सहायक सेवायोजन अधिकारी आलोक मिश्र द्वारा रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थियों को पंजीयन करने की जानकारी संस्थान के प्रशिक्षार्थियों को दी। कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। वाईपी रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया।

## राष्ट्रपति से मूल स्थान पर आंबेडकर व महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग



डीएम कार्यालय में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते महासभा के पदाधिकारी।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** संसद भवन के सामने मुख्य गेट पर स्थापित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर व महात्मा गांधी की प्रतिमा को 2 और 3 जून की रात्रि में मूल स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर लगाए जाने से महासभा के पदाधिकारियों में आक्रोश है। आंबेडकर प्रतिमा हटाए जाने के विरोध में भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई के पदाधिकारियों ने प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी है कि भारत के संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. आंबेडकर और इस देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सम्मान में उनकी प्रतिमा को मूल स्थान पर स्थापित किया जाए। महासभा के महामंत्री प्रमोद कुमार बौद्ध के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक गोष्ठी की,जिसमें शासन द्वारा किए गए इस कृत्य की निंदा की गई। इसके बाद कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उमेश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर महासभा के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सरोज,संगठन मंत्री शिव कुमार, जिला कोषाध्यक्ष रामगोपाल, बौद्ध भिक्षु डा कमल सील, संयुक्त मन्त्री ललित कुमार,जगदीश प्रसाद रावत,राजेश कुरील, इंजीनियर एसके आर्या, इंजीनियर वंश बहादुर यादव,सीबी गौतम,विद्यासागर,जय किशन आदि लोग उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा चांदा का निर्माणाधीन प्राथमिक विद्यालय

संवाददाता, लालगंज



निर्माणाधीन चांदा प्राइमरी स्कूल। अमृत विचार

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार के लाख प्रयास के बावजूद भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। चांदा प्राथमिक स्कूल के निर्माण का कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। स्कूल में लग रहे खराब मटेरियल की शिकायत के बाद से स्कूल का निर्माण बंद पड़ा है।

विकासखंड लालगंज के प्राथमिक स्कूल चांदा की बिल्डिंग 2 वर्ष से निर्माणाधीन है। स्कूल वर्तमान में पंचायत भवन में चल रहा है जिसमें संसाधनों का घोर अभाव है। किसान यूनियन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, रामविलास आदि ने बताया कि प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग खराब हो गई थी। छतो से प्लास्टर गिर रहा था जिसके कारण ग्रामीणों की मांग पर पुराने स्कूल को तोड़कर नया स्कूल बनाया जा रहा था, लेकिन ठेकेदार के द्वारा खराब मटेरियल लगाने की शिकायत के चलते स्कूल के निर्माण का कार्य रुक गया था, जो आज भी रुका पड़ा है। कई बार शिकायत के बावजूद स्कूल का निर्माण नहीं हो रहा है। गांव के बच्चों को पंचायत भवन में बैठकर पढ़ना पड़ रहा है। पंचायत भवन की बिल्डिंग स्कूल के मानक के अनुसार नहीं है, जिसके कारण बच्चों व शिक्षकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यायिक अधिकारियों ने बालिका आश्रय गृह का किया निरीक्षण

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति के सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय व श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज (जूडि) द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

## व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई दानवीर भामाशाह जयंती



दानवीर भामाशाह की जयंती पर प्रमाण पत्र देती डीएम हर्षिता माथुर।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राजकीय इंटर कॉलेज में संस्कृति विभाग और राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। डीएम हर्षिता माथुर ने कई विभागों द्वारा कार्यक्रम में लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता के विषय में जानकारी ली। संस्कृति विभाग ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। डीएम ने कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं व्यापारियों के लिए चलाई जा रही हैं उन्हें शत प्रतिशत धरातल पर लागू कराया जाएगा। यदि व्यापारियों को किसी प्रकार की भी समस्या हो तो उसके लिए तत्काल प्रशासन से संपर्क कर सकते है। प्रशासन उनके व्यापार को सुरक्षा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं और आगे भी उनकी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# कैडेट दृष्टि सिंह व कैडेट गौरव सिंह को मिला बेस्ट एनसीसी कैडेट्स का अवार्ड

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायन इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज दसवें दिन समारोह पूर्वक समापन संपन्न हुआ।

एनसीसी कैंप के समापन के अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल ने कहा कि कैंप के दौरान सीखी गई बातों को आप अपने जीवन में अमल में लाएं। जीवन में सफलता पाने के लिए अपने उद्देश्यों को पहले से निर्धारित करें और उसी के अनुसार लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। इस दौरान प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले कैडेट्स को प्रमाण पत्र मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें बेस्ट एनसीसी कैडेट का अवार्ड दृष्टि सिंह एवं कैडेट गौरव सिंह को प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कैडेट अर्जुन द्विवेदी को कला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, मान्यता साहू को भाषण और डिबेट में अभिषेक दीक्षित को प्रथम पुरस्कार ड्रिल कंपटीशन में कैडेट अजय एवं विनायक अग्रवाल को प्रथम पुरस्कार एकल नृत्य में माही पाठक को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी विजेता एनसीसी कैडेट्स को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



रायन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शामिल कैडेट्स।

सराहनीय | एनएसपीएस के संस्थापक की मदद से नगर पालिका अधिशासी अधिकारी की मेहनत लाई रंग

# शहीद हेमू कालाणी, संत गाडगे व गौतम बुद्ध पार्कों की बदली तस्वीर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं संस्थापक प्रबन्धक न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स डॉ. शशिकांत शर्मा की मदद से नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह की मुहिम रंग लाने लगी है। शहर के ओवरब्रिज पर तिरंगा लाइटिंग के बाद पार्कों की तस्वीर भी बदलने लगी है।

एनएसपीएस संस्थापक ने शहीद और महापुरूषों के पार्कों को संवारने के लिए भरपूर मदद की। अब इनकी तस्वीर बदल गई है। पहले जहां आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता था। वहीं अब चमकने लगा है। एनएसपीएस संस्थापक ने अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क, संत गाडगे पार्क एवं गौतम बुद्ध पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अभियंता नगर पालिका से समन्वय स्थापित कर उस पर अपना योगदान दिया। एक समाजसेवी की भूमिका निभाते हुए पार्कों को सुन्दर रूप देने के लिए उनके आसपास प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हेतु कलर लाईट लगवाईं। इससे पहले एनएसपीएस संस्थापक ने रायबरेली के प्रत्येक वार्ड को हरा-भरा बनाने के लिए पेड़-पौधे लगाने का भी बीड़ा उठाया था। इस कार्य की पूर्ति हेतु उन्होंने प्रत्येक वार्ड को 50-50 पौधे उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए 10-10 ट्री-गार्ड भी उपलब्ध कराये थे। अब एक बार पुनः पर्यावरण की सुरक्षा, शुद्धता एवं प्रकाश के प्रति ध्यान देते हुए पार्कों की स्थिति को सही करने की अहम् भूमिका निभाई। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रायबरेली बनाने के लिए जो भी आवश्यकता होगी उसके लिए हर सम्भव मदद का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर और ईओ स्वर्ण सिंह ने उनके सहयोग पर खुशी जताई। कहा कि समाज के सभी लोगों को ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। जनसहयोग से हम शहर को बेहतर बना सकते हैं। इस मौके पर राजीव सिंह, तारकेश्वर सिंह, नितिन सिंह एवं अन्य सहयोगी साथी मौजूद रहे।




अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क में जानकारी देते ईओ स्वर्ण सिंह, साथ में नपाप अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर व एनएसपीएस संस्थापक प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा।




## एक नजर

### चोरी से कटवाये पेड़, केस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली रामसनेहीघाट के ग्राम मंगरौडा परगना दरियाबाद में सरकारी बंजर भूमि में लगे 6 पेड़ चिलवल और एक हरा बबूल के पेड़ को महेश ने चोरी छिपे कटवा लिया। चोरी से पेड़ काटने के मामले में राजस्व लेखपाल रविकांत यादव ने उसके खिलाफ कोतवाली रामसनेहीघाट में मुकदमा दर्ज कराया।

### पुलिस ने दर्ज किया डीसीएम चोरी का मामला

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीते बुधवार को चोरी हुई डीसीएम का अभी तक कुछ भी पता नही चल सका। पुलिस ने तीन दिन के बाद अज्ञात की खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। नालापार दक्षिणी निवासी मोहम्मद निजामुद्दीन ने कोतवाली में तहरीर दी कि बीती 22 जून को उनका डीसीएम वाहन मखदूम शाह मजार के पास स्थित मैदान में खड़ा था। बुधवार की प्रात: जब ड्राइवर डीसीएम वाहन लेने के लिए मखदूम शाह मजार के पास पहुंचा तो देखा कि उसका वाहन वहां से गायब है।

### तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना असन्द्रा पुलिस टीम ने शनिवार को एससीएसटी व धर्म परिवर्तन कराने के मामले में कटरा मजरे कस्बा व थाना असन्द्रा निवासी जावेद, आशिफ, आदिल को पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी मामले में गिरफ्तार कर नाबालिग को संरक्षण में ले लिया।

### तमंचा व कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम ने मोहम्मदपुर खाला के ग्राम केसरई निवासी अजमेरन उर्फ अज्जा को पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# सफलता का परचम लहराने वाले मेधावियों को मिला सम्मान

## चार मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, 34 छात्र-छात्राओं को जिले में दिया गया डेमो चेक, टैबलेट और प्रशस्ति पत्र


हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में नौवां स्थान हासिल करने वाली खुशी पांडे को डेमो चेक देते राज्यमंत्री सतीश शर्मा।


हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावियों के साथ राज्यमंत्री व डीएम। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें जनपद के चार छात्रों को भी प्रदेश स्तर सम्मानित किया गया। इनमें दसवीं की छात्रा नाइला उबेद, इंटरमीडिएट की छात्रा सुनाक्षी श्रीवास्तव, छात्र चंदन यादव और सक्षम तिवारी शामिल रहे। इसी क्रम में राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जनपद के बाकी 34 मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

जनपद के हास्कूल व इंटरमीडिएट के 32 छात्र व छात्राओं को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया। इनमें दसवीं के ऋषि सोनी, तफ्सीर फातिमा, अर्पिता जायसवाल, युवराज वर्मा, खुशी पांडे, काव्य शुक्ला, कीर्ति मौर्य, शुभ वर्मा और इंटरमीडिएट की सुहानी वर्मा, रौनक वर्मा, श्रद्धा वर्मा, जूली वर्मा, हर्षित राज, शाश्वत गुप्ता, आस्था वर्मा, आर्यम्बा दीक्षित, भाव्या वर्मा, चांदनी देवी, रिया यादव, अनुराग यादव, प्रभाकर रावत, दिव्यांशी, तम्हीद रईस, नूरिन बानो, प्रांजल निगम, रीति अवस्थी, अंतिमा शर्मा, अभिषेक कुमार, नितिन वर्मा, प्रियंका सिंह प्रिंस वर्मा और हर्ष विक्रम सिंह को माला और मेडल पहनाकर, एक लाख रुपए का डेमो चेक, टैबलेट, सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दसवीं की पूजा पाल और नयन वर्मा को 21 हजार का डेमो चेक, टैबलेट, सम्मान पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे सभी छात्र।छात्राओं ने देखा। इनमें मेधावी छात्रा नूरिन बानो द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिरौली गौसपुर में शिक्षा ग्रहण की है। राज्यमंत्री सतीश शर्मा और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने उत्तीर्ण सभी मेधावियों व उनके माता पिता, गुरुजनों को बधाई दी और छात्र-छात्राओं को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इसी तरह आप लोग जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करते रहें। कड़े परिश्रम के साथ आगे बढ़ते रहें। विधायक दिनेश रावत और सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी सहित छात्र-छात्राएं, गुरुजन और अभिभावक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित मेधावी

| क्रम | नाम | कक्षा | प्रदेश में स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | नाइला उबेद | हाईस्कूल | पांचवां |
| 2 | सुनाक्षी श्रीवास्तव | इंटरमीडिएट | पांचवां |
| 3 | चंदन यादव | इंटरमीडिएट | पांचवां |
| 4 | सक्षम तिवारी | इंटरमीडिएट | पांचवां |

### जिले में सम्मानित किये गये मेधावी

| क्रम | नाम | कक्षा | प्रदेश में स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | रिशी सोनी | हाईस्कूल | सातवां |
| 2 | तफ्सीर फातिमा | हाईस्कूल | आठवां |
| 3 | अर्पिता जायसवाल | हाईस्कूल | नौवां |
| 4 | युवराज वर्मा | हाईस्कूल | नौवां |
| 5 | खुशी पांडे | हाईस्कूल | नौवां |
| 6 | काव्या शुक्ला | हाईस्कूल | दसवां |
| 7 | कीर्ती मौर्या | हाईस्कूल | दसवां |
| 8 | शुभ वर्मा | हाईस्कूल | दसवां |
| 9 | पूजा पाल | हाईस्कूल | ग्यारहवां |
| 10 | नयन वर्मा | हाईस्कूल | ग्यारहवां |
| 11 | सुहानी वर्मा | इंटरमीडिएट | सातवां |
| 12 | रौनक सोनी | इंटरमीडिएट | सातवां |
| 13 | श्रद्धा वर्मा | इंटरमीडिएट | सातवां |
| 14 | जूली वर्मा | इंटरमीडिएट | सातवां |
| 15 | हर्षित राज | इंटरमीडिएट | सातवां |
| 16 | शारस्वत गुप्ता | इंटरमीडिएट | सातवां |
| 17 | आस्था वर्मा | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 18 | आर्यंबा दीक्षित | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 19 | भावना वर्मा | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 20 | चांदनी देवी | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 21 | रिया यादव | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 22 | अनुराग यादव | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 23 | प्रभाकर रावत | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 24 | दिव्यांशी | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 25 | तम्हीद रईस | इंटरमीडिएट | आठवां |
| 26 | नूरिन बानो | इंटरमीडिएट | नौवां |
| 27 | प्रांजुल निगम | इंटरमीडिएट | नौवां |
| 28 | रिति अवस्थी | इंटरमीडिएट | नौवां |
| 29 | अंतिमा शर्मा | इंटरमीडिएट | दसवां |
| 30 | अभिषेक कुमार | इंटरमीडिएट | दसवां |
| 31 | नितिन वर्मा | इंटरमीडिएट | दसवां |
| 32 | प्रियंका सिंह | दइंटरमीडिएट | सवां |
| 33 | प्रिंस वर्मा | इंटरमीडिएट | दसवां |
| 34 | हर्ष विक्रम सिंह | इंटरमीडिएट | दसवां |

### प्रधानाध्यापिका को सीएम ने किया सम्मानित

**देवा, बाराबंकी: अमृत विचार:** विद्यालयों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने के उद्देश्य से निपुण भारत अभियान के तहत देवा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सैहारा के सभी बच्चे निपुण पाए गए। इस पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता सिंह को सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी देवा राम नारायण ने बताया कि निपुण भारत अभियान के तहत मूल भाषा व गणितीय दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा निपुण भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के सभी बच्चों को पढ़ने और लिखने में दक्ष बनाया जाना है। जिसके तहत कराई गई परीक्षा में विकासखंड देवा के 47 विद्यालयों को प्रदेश में टॉप 20 विद्यालयों में जगह मिली है और क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सैहारा के समस्त बच्चे निपुण पाए गए। इसके चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राथमिक विद्यालय सैहारा की प्रधानाध्यापिका सरिता सिंह को सम्मानित किया।

# राज्यमंत्री ने सतीश शर्मा ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी**


जनता दर्शन में समस्याएं सुनते राज्यमंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार :** खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में जनता दर्शन के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

शनिवार को लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह सिरौलीगौसपुर में राज्यमंत्री ने एसडीएम आनन्द तिवारी, खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी एवं अधिशासी अभियंता विद्युत डीके यादव, पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, एसडीओ विद्युत रामगोपाल, एडीओ पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव और थानाध्यक्ष बदोसराय सन्तोष कुमार आदि की मौजूदगी में क्षेत्र के ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उसका गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक किसी का कनेक्शन न काटा जाए। मीटर रीडर समय से विद्युत बिल उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए। विद्युत समस्या का समय से शासन की मंशानुरूप निस्तारण किया जाए। मंत्री के जनता दर्शन में विरौली गांव के छेदालाल ने मेड़बंदी को लेकर शिकायत की। इस पर एसडीएम ने लेखपाल रामकरण को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। मो. अकील औलिया लालपुर ने गांव में सफाई कर्मी के न आने की शिकायत की। राज्यमंत्री ने बीडीओ अमित त्रिपाठी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में शिवदेवी व अन्य लोगों ने प्रार्थना पत्र दिए। इस मौके पर दरियाबाद भाजपा मंडल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, अनिल कुमार वर्मा प्रधान विरौली, चन्द्रभान रावत, सुनील कुमार रावत, दयाशंकर शुक्ल, पुष्पेन्द्र शुक्ला, अंशू, शैलेन्द्र कुमार, मखन्चू आदि थे।

# दो घरों से नकदी समेत लाखों का माल चोरी

**संवाददाता, बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक ही गांव के दो घरों में घुसकर चोरों ने हजारों की नकदी समेत लाखों रुपए के कीमती सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। घटना गैरिया गांव की है। यहां के निवासी लल्लू के घर में शुक्रवार देर रात चोर घुस आए। अंदर दाखिल हुए चोर नकदी, जेवर समेत काफी सामान उठा ले गए। यहां के बाद चोर लल्लू के पड़ोसी देवराज पाल के मकान में घुसे। छत के रास्ते अंदर दाखिल हुए चोर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर करीब 20 हजार की नकदी और लाखों के कीमती जेवरात उठा ले गए। शनिवार सुबह जगने पर लोगों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। पीड़ित के अनुसार नवंबर में उसकी बेटी प्रीति की शादी है। पुत्री की शादी के लिए सोने चांदी के आभूषण भी खरीद कर रखे थे। सारे आभूषण चोर उठा ले गए। घर से कुछ दूरी पर खाली बैग पड़े मिले हैं। वहीं पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। असंद्रा थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि टीम ने मौके पर जाकर जांच की है

## सार-संक्षेप

### बस को ओवरटेक करने में डीसीएम से भिड़ी कार, 5 घायल


मसौली चौराहे पर डीसीएम टकराकर क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** मसौली चौराहे पर शनिवार को रोडवेज बस को ओवरटेक कर सामने से आ रही डीसीएम से कार जा भिड़ी। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मसौली पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बहराइच के ग्राम काजीपुर निवासी कार चालक राहुल (2), किशन (24), दिलीप (27) और थाना रामगांव के ग्राम रेहुआ मंसूर बहराइच निवासी शशिकांत (23), देवेन्द्र (24) शनिवार सुबह एक निजी कंपनी की बैठक में शामिल होने के लिए लखनऊ जा रहे थे। कार सवार पांचों लोग रामनगर हाईवे पर मसौली चौराहा के करीब पहुंचे ही थे कि आगे निकलने के लिए रोडवेज बस को ओवरटेक किया। ओवरटेक करने के दौरान कार सामने से आ रही डीसीएम में जा घुसी। हादसे में कार में सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक अभय कुमार गुप्ता ने घायलों को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### धूमधाम से मना योग केंद्र का स्थापना दिवस


कार्यक्रम के दौरान मौजूद नियमित योग करने वाले लोग। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** जैदपुर रोड पल्हरी नहर पर स्थित शिव मंदिर परिसर में संचालित श्री कपिलमुनि योग एवं ध्यान साधना केंद्र का स्थापना दिवस एवं योग साधना केंद्र के सेवादार का 52वां जन्मदिन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नियमित योगाभ्यास में शामिल होने वाले काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि वह नियमित एवं नि:शुल्क योग शिक्षा जन सामान्य को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि रत्नेश कुमार कई वर्षों से केंद्र को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। इस मौक पर रामसेवक को 52वें जन्मोत्सव पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में संस्थापक सदस्य बंशराज वर्मा, हनोमान यादव, बद्री प्रसाद, अशोक कुमार वर्मा, डॉ. राम समुझ वर्मा, जगन्नाथ तिवारी, बृजेश मिश्रा, राम लोटन शुक्ला, सुशील कुमार, दिलीप आदि मौजूद रहे।

### मनाई गई भामाशाह जयंती

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल टिकैतनगर कार्यालय पर अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में भामाशाह की जयंती मनाई गई। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल द्वारा दो दशक से व्यापारी दिवस की मांग की जा रही थी। इसी को लेकर कई बार प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने व्यापारी दिवस को घोषित करने के लिए अपनी मांग रखी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के संघर्ष का ही परिणाम है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भामाशाह जयंती के रूप में व्यापारी दिवस 29 जून को सरकारी अभिलेखों में दर्ज कर मनाने का मौका दिया। टिकैतनगर इकाई के अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ला ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल को इस संघर्ष के लिए बधाई दी। इस मौके पर कई व्यापारी मौजूद रहे।

### मादक पदार्थ के तस्कर को आठ माह 20 दिन का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में न्यायालय ने थाना जैदपुर के फदुल्लापुर निवासी धर्मेन्द्र को शनिवार को आठ माह बीस दिन के कारावास व दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मामला साल 2023 का है उपनिरीक्षक सौम्य कुमार जायसवाल की फर्द के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ 70 ग्राम मार्टीन बरामद होने का मुकदमा शहर कोतवाली में दर्ज कराया गया था। तत्कालीन विवेचक ने जांच कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जघन्य अपराधियों को शीघ्रता से सजा सुनाये जाने को लेकर बनाई गई मानीटरिग सेल ने सबूतों गवाहों को वैज्ञानिक तरीके से संकलित करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# कार में रोडवेज बस ने पीछे से मारी टक्कर


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई रोडवेज बस।


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर शनिवार सुबह पेड़ गिरने से रुकी कार में एक रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार को मामूली चोट आई।

मऊ के घोसी ग्राम घोडी निवासी अफरोज खान अपने भाई के साथ लखनऊ एयरपोर्ट जा रहे थे। तभी तेज बारिश के दौरान कोतवाली रामसनेहीघाट के मेडुवा गांव के पास अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर एक पेड़ टूट कर गिर गया। रास्ते में पेड़ गिर जाने के कारण इन्होंने अपनी कार रोक दी। तभी पीछे से आ रही गोरखपुर डिपो की रोडवेज बस ने कार में टक्कर मार दी।

### पति से विवाद के बाद महिला ने दी जान

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दंपति में विवाद होने के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सधई पुरवा निवासी नीलम देवी (42) का पति अवधेश कुमार से काफी दिनो से विवाद चल रहा था। शुक्रवार की देर रात पति शराब के नशे में घर पहुंचा तो पत्नी से विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि नीलम देवी ने घर में रखा विषाक्त पदार्थ पी लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर होने लगी। जब तक परिजन उपचार के लिए ले जाते, उसकी मौत हो गई। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि पति से विवाद के बाद महिला ने विषाक्त पदार्थ पी लिया था जिससे उसकी मौत हुई है।

# अटल उद्यान को मिलेगा भव्य स्वरूप

**रामनगर, बाराबंकी**



अटल उद्यान पार्क का किया जा रहा सौंदर्यीकरण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत रामनगर में अरसे से बदहाल पड़े अटल उद्यान को फिर से संवारा जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने अटल उद्यान का निरीक्षण कर उसकी दुर्दशा देखी, उसके बाद उन्होंने अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार को पार्क का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के निर्देश दिया था।

चेयरमैन की मंशा के अनुसार अधिशासी अधिकारी ने अटल उद्यान की दशा सुधारने का कार्य शुरू करा दिया है। पार्क में चारों तरफ लोहे के पाइप लगाये जा रहे हैं ताकि छुट्टा जानवर उद्यान में प्रवेश न कर सकें। वातावरण शुद्ध रखने के लिए पार्क के चारों तरफ पौधे भी रोपित किए जाएंगे। इसके सौंदर्यीकरण के साथ-साथ प्रकाश, बच्चों के लिए झूले, ओपेन जिम की व्यवस्था कराए जाने पर भी विचार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि नगर की शोभा बढ़ाने के लिए 2018-19 में करीब 25 लाख की लागत से अटल उद्यान का निर्माण कार्य करवाया गया था। इसमें तालाब खोदवाकर इसके चारों ओर इंटरलॉकिंग और लोगों को बैठने के लिए बेंच लगवाई गई, जो कुछ माह में ही टूट गई थी। पार्क के किनारे खंभे लगाकर कंटीले तार लगाए गए थे तथा गेट भी लगवाया गया था।

**सूरत-ए-हाल** कैसरबाग की बसों के बंद हो जाने से यात्रियों को हो रहीं दिक्कतें, न चल रहीं लांग रूट की बसें और न ही क्षेत्रीय मार्गों पर शुरू हो सका संचालन

# सफेद हाथी बना करोड़ों रुपये की लागत से बना हैदरगढ़ बस स्टेशन

**हैदरगढ़, बाराबंकी**


वीरान पड़ा हैदरगढ़ में बना बस स्टेशन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** करोड़ों की लागत से लगभग 3 वर्ष पूर्व बने हैदरगढ़ बस स्टेशन पर बसों के न आने से स्टेशन सफेद हाथी साबित हो रहा है। स्टेशन से कैसरबाग के लिए चलने वाली बसों के बंद हो जाने से यात्रियों को दिक्कतें भी उठानी पड़ रही हैं। उल्लेखनीय है कि बस स्टेशन हैदरगढ़ का कायाकल्प होने के बाद लोगों को उम्मीद बंधी थी कि अब यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी और हर क्षेत्रीय मार्ग पर बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही लखनऊ-बनारस हाईवे पर चलने वाली लांग रूट की बसों का आवागमन स्टेशन पर सुनिश्चित कराया जाएगा। लेकिन हैदरगढ़ क्षेत्र वासियों का यह सपना, सपना बनकर ही रह गया। न तो लांग रूट की बसों का स्टेशन पर आना सुनिश्चित हो सका और न ही क्षेत्रीय मार्गों पर बसों का संचालन ही शुरू हो सका। बस की संख्या बढ़ाने की कौन कहे। धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों ने हैदरगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए यहां से कैसरबाग लखनऊ के लिए चलने वाली बसों का संचालन भी राजस्व घाटा दिखाकर बंद कर दिया।

लगभग एक साल पहले यहां से उपनगरीय डिपो की बसें कैसरबाग तक चलती थीं। बाद में इन बसों को बंद करके हैदरगढ़ कैसरबाग के बीच बस संचालन का जिम्मा अवध डिपो को सौंप दिया गया। महज कुछ दिन चलने के बाद अवध डिपो ने भी हैदरगढ़-कैसरबाग के बीच बस संचालन बंद कर दिया। उसके बाद कैसरबाग डिपो द्वारा आधा दर्जन बसों के माध्यम से एक बार पुनः संचालन शुरू किया गया। परंतु लोकसभा चुनाव के बहाने एक बार फिर परिवहन विभाग ने बसों की कमी बताते हुए संचालन ठप कर दिया। बाद में जनता की मांग पर एक बार फिर कैसरबाग डिपो ने तीन बसों के माध्यम से संचालन शुरू किया और उसके बाद एक-एक करके सभी बसों का संचालन बंद कर दिया गया। बस के संचालन के लिए जब भी कैसरबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से बात की गई, तब तब उन्होंने कहा कि इस रोड पर घाटा बहुत है। जिसकी वजह से बस नहीं चलाई जा सकती। वहीं हैदरगढ़ से कैसरबाग के लिए बसों का संचालन न होने से यात्रियों को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

हैदरगढ़ से कैसरबाग के बीच बसों के संचालन के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा कई पत्र भी लिखे गए लेकिन परिवहन निगम के अधिकारी किसी न किसी बहाने कैसरबाग की बसों का साचलन बंद करते रहे। लगभग एक पखवाड़े से कैसरबाग की बसों का संचालन ठप है।

## एक नजर

### 37 के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत शनिवार को पुलिस ने 37अभियुक्तों को शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्यवाही की। जब की एक वारंटी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### जुर्माना देकर छूटे

बाराबंकी, अमृत विचार : न्यायालय ने शनिवार को जनपद कानपुर के उमरेन निवासी मलखान पुत्र रामसजीवन ने वाहन चलाते हुए थाना क्षेत्र रामनगर के एक व्यक्ति को ठोकर मार कर जख्मी कर दिया। न्यायाधीश ने मलखान पर 2500 रूपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक उपस्थित रहने की सजा सुनाई। आरोपी न्यायालय उठने तक उपस्थित रहकर व जुर्माने का धनराशि जमा करके छूट गया।

### ट्रांसफार्मर जला, बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : कस्बा के ब्राह्मनान वार्ड में नहर के किनारे विद्युत आपूर्ति के लिए लगा 250 केवीए ट्रांसफार्मर जल गया। लगातार हुई कटौती की वजह से इस भीषण गर्मी में सैकड़ों कनेक्शन धारक बूंद बूंद पानी के लिए तरस गए। यही नहीं पिछले कई दिनों से वार्डवासी लो वोल्टेज और अघोषित विद्युत कटौती के चलते पहले से ही परेशान हो रहे थे। वहीं शनिवार की सुबह हुई बारिश के दौरान गायब हुई बिजली आंख मिचौली करती रही और दोपहर बाद 3 बजे से बिजली एकदम से गुल हो गई। वार्डवासी देर शाम तक बिजली आने का इंतजार करते रहे। बाद में पता चला कि ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसकी वजह से बिजली कब मिलेगी इसका पता किसी को नहीं है।

# मानसून की पहली मूसलाधार बारिश से खुली सफाई व्यवस्था की पोल

## परिषदीय विद्यालय, तहसील और विकास खंड कार्यालय तालाब में तब्दील, सफाई व्यवस्था को लेकर देर से टूटी प्रशासन की नींद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शुक्रवार रात और शनिवार की सुबह हुई घंटेभर की मूसलाधार बारिश ने सफाई व्यवस्था की कलई खोल कर रख दी। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन के दावे फेल हुए। जिम्मेदारों ने समय रहतेसतर्कता दिखाई होती तो हालत कुछ और होते लेकिन यहां तो नगर पालिका परिषद से लेकर नगर पंचायत व ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों का रवैया ढुलमुल रहा। यही कारण है कि मानसून की करीब एक घंटे की पहली मूसलाधार बारिश होने से तमाम परिषदीय विद्यालय, विकास खंड व तहसीलों के परिसर में लबालब पानी भर गया। जिससे यहाँ आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के गाधी नगर, लखपेडाब्राग, विजयनगर, अभय नगर, आजाद नगर आदि मुहल्लो की नालियों में सफाई न होने से नालियां उफनने लगी। शहर में सबसे खराब स्थिति जल भराव को लेकर हजारा बाग मोहल्ले में दिखी यह मोहल्ला पूरी तरह से जल भराव की चपेट में है। जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर, शहर के बस स्टैंड, व विशाल मेगा मार्ट के सामने लखनऊ गोन्डा मार्ग के दाई तरफ का एरिया जलमग्न हो गया। रामसनेहीघाट तहसील में सुबह हुई मूसलाधार बारिश की वजह से नगर पंचायत के कई मोहल्ले में नाली का पानी सड़क पर आ गया जिसकी वजह से लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ। पहली बरसात में इस स्थिति को देखकर नगर पंचायत प्रशासन की नींद टूटी और जिम्मेदारों ने शनिवार को जेसीबी मशीन लगाकर सफाई अभियान की शुरुआत की। यही काम अगर पहले कर लिया गया होता तो शायद आम जनता को दिक्कतों का सामना न करना पड़ता। भिटरिया से सुमेरगंज तहसील रोड की तरफ बने नाले की सफाई समय से न होने से यहां के व्यापारियों में काफी आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि बरसात होने पर नगर पंचायत प्रशासन के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था याद आई, नाले की सफाई से निकाली गई सिल्ट व्यापारियों की दुकानों के सामने लगा दी गई है। व्यापारियों का कहना है कि तेज बरसात होने पर नाले का कचरा दुकानों के सामने पानी के बहाव के साथ भर जाएगा। अधिशासी अधिकारी धीरज सिंह का कहना है कि नाले नालियों की सफाई कराई जा रही है, सारा मलवा जल्द से जल्द उठा लिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी का इस बाबत कहना है कि जेसीबी मशीन के ड्राइवर की तबीयत खराब हो जाने के कारण नाला एवं नालियों की सफाई में देरी हुई है। रामसनेहीघाट तहसील व विकासखंड बनीकोडर परिसर भी मानो तालाब में तब्दील हो गया हो। यहां आने जाने वाले फरियादियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विकासखंड बनीकोडर के प्राथमिक विद्यालय सांडवा में बरसात का पानी भर जाने की वजह से विद्यालय परिसर तालाब में तब्दील हो गया। शुक्रवार को परिषदीय विद्यालय खुले और शनिवार को हालात यह हो गए कि छात्र-छात्राओं को कक्षा तक पहुंचाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पानी भर जाने की वजह से बहुत से छात्र विद्यालय के करीब आकर घर लौट गए। विद्यालय के सामने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सीसी रोड तो बन गई लेकिन अभी तक नाली का निर्माण न होने की वजह से जल निकासी नहीं हो पा रही है और विद्यालय में पानी भरा जा रहा है। शहर से महज तीन-चार किलोमीटर सूतमिल मिल चौराहे से जहांगीराबाद जाने वाली रोड पर पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी तरह ग्रामीण अंचलों के कई ग्राम पंचायतों में समय से सफाई व्यवस्था न कराया जाने के कारण नाले नालियों का पानी उफनाकर सड़कों पर आ गया है।


देवा रोड स्थित बस स्टेशन पर हुआ जलभराव। अमृत विचार


विकासखंड बनीकोडर कैंपस में जलभराव से बदतर हुए हालात। अमृत विचार

### बारिश से किसानों को मिली संजीवनी

शुक्रवार रात और शनिवार सुबह हुई बरसात मानो किसानों के लिए संजीवनी लेकर आई। भीषण गर्मी की वजह से छोटी पूंजी के कास्तकार धान की नर्सरी तो डाल चुके थे मगर सूखे खेतों को पानी न दे पाने की वजह से अधिकतर किसान आसमान की ओर टकटकी लगाये आशा भरी निगाहों से देख रहे थे। ऐसे किसानों के लिए बरसात संजीवनी बन गई। जिन खेतो में लोगों ने धान की बेरन लगा ली थी, उन किसानों के लिए भी बरसात काफी मुफीद बन गई। इस समय किसानों की तमाम फसलों के लिए पानी की बड़ी जरूरत थी। बरसात न होने की वजह से किसानों के चेहरे पर मायूसी साफ दिख रही थी। चाहे वह धान की फसल हो या फिर गन्ने की मक्के की खेती करने वाले किसानों को भी बरसात से काफी फायदा हुआ है। सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को लाभ मिल रहा है।

### कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबने से बच्ची की मौत


बारिश से गिरी दीवार का मलबा। अमृत विचार

सुबेहा, बाराबंकी : अमृत विचार : क्षेत्र में मानसून की दस्तक के बाद भोर से हो रही झमाझम बारिश ने जहां किसानो को राहत दी, तो वहीं कुछ जगह यह काल बनकर आयी। क्षेत्र के ग्राम बड़ी मेहन्दिया में शनिवार सुबह शुरु हुई तेज बारिश के चलते मंजू पत्नी स्वर्गीय श्रीकृष्ण के घर की कच्ची दीवार ढह गई। दीवाल ढहने के चलते पास ही चारपाई पर सो रही मंजू की 11 वर्षीय पुत्री रूबी मलबे चपेट में आ गयी और उसकी मौत हो गयी। दीवार गिरने की आवाज सुनके आस–पास के लोग एकत्र हो गये। सभी ने रूबी के शव को दीवाल की मिट्टी हटाकर बाहर निकाला। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस व राजस्व की टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। सुबेहा थाने के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

### नाली निर्माण के बाद भी नहीं मिली जलभराव से निजात

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मानक के विपरीत लाखों रुपए खर्च करके विकासखंड रामनगर के ग्राम पंचायत कुम्भरवा बस्ती में ग्राम प्रधान द्वारा नाली का निर्माण कराया गया था। यहां पहली ही बरसात ने नाली के निर्माण में किए गए भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी। आलम यह है कि जल भराव ना होने पाए इसके लिए बनाई गई नाली का गंदा पानी रास्ते में बह रहा है जिसकी वजह से ग्रामीणों को आने–जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान के द्वारा कुछ महीने पहले लाखों की लागत से बेचन गौतम के मकान से भीखू के घर तक नाली का निर्माण करवाया गया था। दलित बस्ती के वाशिंदों का यह कहना था की नली बन जाने से गंदा पानी रास्ते पर जमा हो जाएगा। लेकिन समय रहते जिममेदारों ने ग्रामीणों की एक न सुनी और मानक विपरीत नाली बनाकर जमकर भ्रष्टाचार किया। हल्की बरसात होने पर नाली का पानी सड़कों पर उतर आया। ग्रामीणों का आरोप है कि बेचन गौतम के घर से भीखू गौतम के घर तक नाली बनवा तो जरूर दी गई लेकिन आगे जल निकासी के लिए कोई रास्ता नहीं दिया गया।


कुम्भरवा गांव के मार्ग पर हुआ जलभराव। अमृत विचार

# जिला न्यायाधीश ने कारागार का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला न्यायाधीश दिनेश चन्द्र ने डीएम सत्येंद्र झा, एसपी दिनेश कुमार सिंह के साथ शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे, चिकित्सालय, भोजनालय और पेयजल व्यवस्था को देखा।

शनिवार को जिला न्यायाधीश दिनेश चन्द्र, डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह के साथ जिला कारागार पहुंचे। वहां उन्होंने कारागार में सुरक्षा को लेकर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को देखा। सभी कैमरे चालू हालत में मिले। इसके बाद उन्होंने चिकित्सालय, भोजनालय और पेयजल व्यवस्था को देखा। बंदियों की समस्याएं भी सुनीं। इसके साथ ही जेल अधीक्षक को जेल में नियमित रूप से साफ सफाई कराने और बंदियों को गुणवत्तापूर्ण खाना और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बंदियों को अपराध से दूर रहने और उन्हें विधिक सहायता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने बालिका संरक्षण गृह का निरीक्षण किया। बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी कारागार अधीक्षक कुन्दन सिंह से ली। जिला न्यायाधीश ने निरीक्षण के दौरान कैदियों व संवासिनियों की पेशी के लिए बने वीडियो कांफ्रेंसिंग रूप का निरीक्षण किया। कारागार में लगे सीसीटीवी फुटेज की क्रास चेकिंग की। न्यायाधीश ने कारागार मां निरूद्ध संवासिनियों से मुलाकात करने वालों के सम्बध में जरूरी निर्देश दिए।

इसके बाद न्यायाधीश ने कारागार में निरूद्ध टाप टेन अपराधियों से मुलाकात सम्बन्धी अभिलेख, कन्ट्रोल रूम बैरकों, मेस जेल परिसर व अस्पताल का निरीक्षण किया। संवासिनियों की समस्याओं व सुविधा को लेकर कारागार प्रशासन को जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर कारागार अधीक्षक कुन्दन सिंह, जेलर आलोक शुक्ला, व जेल कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।


जिला कारागर का निरीक्षण करते जिला न्यायाधीश, डीएम व एसपी।

## दबंगों ने महिला पर किया हमला

**बनीकोडर, बाराबंकी: अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह भूमि पर कब्जेदारी के विवाद में दबंगों ने एक महिला पर ईंट गुम्मा से हमला कर दिया। ईंट लगने से महिला घायल हो गई। घटना थाना क्षेत्र के बाजपुरा मजरे भेड़िया गांव की है। यहां के निवासी रामधीरज सिंह और शिवा सिंह के बीच भूमि पर कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते शनिवार को सुबह शिवा सिंह अपने परिजनों के साथ रामधीरज के दरवाजे पर आकर गालियां देने लगा। रामधीरज की पुत्री कोमल ने विरोध किया। इस पर विपक्षियों ने कोमल पर ईंट-गुम्मा से हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने महिला को अस्पताल भिजवाया।

# जमुरिया के सफाई अभियान में आई तेजी, जेसीबी से गिराये गये भवन


पटेल तिराहे पर जमुरिया नाले की सफाई करती पोकलेन मशीन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जमुनिया नाले और रेठ नदी की सफाई अभियान को लेकर प्रशासन की सख्ती शनिवार को भी साफ दिखाई दी। शनिवार को यंग स्ट्रीम से घोसियाना, नेहरू नगर, पटेल तिराहे होते हुए आवास विकास कालोनी नई बस्ती के बीच में सफाई अभियान तेजी से चलाया गया। सफाई अभियान के दौरान 25 मीटर की परिधि में आने वाले भवनों और अवैध अतिक्रमण को साथ में गिराने का काम भी प्रशासन के आदेश पर चिन्हित ठेकेदारो द्वारा किया गया।

वहीं लखपेडाब़ाग सहित तमाम जगहों पर प्रशासन की चेतावनी के बाद लोग अपने आशियानों को तोड़ते हुए नजर आये। अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए एसडीएम सदर बिजय कुमार त्रिवेदी और क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया ने अन्य अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया। किसी भी अराजकता से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल व आरआरएफ के जवानों की तैनाती मौके पर की गई है। अतिक्रमण हटाने के बीच में बिजली के खम्बे जरूर बाधा बन रहे हैं। उन्हें हटाने के लिए विद्युत विभाग लगातार काम कर रहा है। आधा दर्जन से ज्यादा जेसीबी और पोकलेन मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। एसडीएम बिजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि सफाई अभियान और अतिक्रमण को हटाने को लेकर प्रशासन किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि हर हाल में जमुरिया नाले को मूल स्वरूप में लाना प्रशासन के ऐजेंडे में है। उन्होंने कहा बीते वर्ष बाढ़ की विभीषिका से हजारों परिवारों को भारी नुकसान सहना पड़ा। रविवार को सफाई अभियान में थोड़ी और तेजी देखने को मिलेगी।


लखपेड़ाबाग में नाले की जमीन पर बने मकान को तोड़ती पोकलेन मशीन।

# 51 लाख की मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

- 305 किलोग्राम से अधिक लाखों का अवैध डोडा पोस्ता छिलका भी किया गया बरामद

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स महानिदेशक लखनऊ व पुलिस अधीक्षक एएनटीएफ के निर्देशन में प्रदेश भर में चलाए जा रहे मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध अभियान में थाना प्रभारी एएनटीएफ बाराबंकी टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से सैकड़ों किलो पोस्ता का छिलका व लाखों रुपये की अफीम बरामद की।

बता दें कि थाना प्रभारी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बाराबंकी व बदोसराय पुलिस के द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक सक्रिय सदस्य ओमप्रकाश वर्मा उर्फ ओमकार वर्मा को ग्राम मुंशीपुरवा थाना रामनगर को रामनगर बदोसराय मार्ग के निकट बरदारी के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 305.188 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्ता का छिलका और 2.10 किलोग्राम अवैध अफीम जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 51 लाख 50 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन बरामद किया।

इस संबंध में थाना बदोसराय में अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की गहनता से पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि डोडा पोस्ता का छिलका और अफीम वह अपने मकान की जमीनी तल में रखता है। जिसको वह अलग-अलग जगह पर थोड़ा-थोड़ा करके ले जाकर ग्राहकों को बेचता है और अभियुक्त इसी से अपने परिवार का भरण पोषण करता है। इससे पूर्व भी अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में तस्कर जेल जा चुका है। पुलिस की पूछताछ में तस्कर द्वारा काफी जानकारियां दी गई हैं। फिलहाल पुलिस इस संबंध में गहनता से जांच पड़ताल करने में लगी हुई है। बताते चलें करीब तीन वर्ष पूर्व भी आरोपी एक एंबुलेंस में पोस्ता छिल्का के साथ अपने पैतृक गांव मुंशी पुरवा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

# प्वाइंट में खराबी से आउटर पर आधा घंटा खड़ी रही ट्रेन

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तकनीकी कारणों से सिंग्नल में आई खराबी के चलते लखनऊ से वाराणसी जाने वाली समर स्पेशल (04218) ट्रेन करीब आधे घंटे तक आउटर पर खड़ी रही। लोको पायलट द्वारा जानकारी मिलने पर स्टेशन मास्टर ने मैकेनिक भेज कर सिंग्नल पॉइंट को ठीक कराया तब जाकर ट्रेन आगे की ओर रवाना हुई। शनिवार की शाम लखनऊ से चलकर वाराणसी को जाने वाली (04218 ) समर स्पेशल ट्रेन के दरियाबाद स्टेशन पहुंचने से पहले आउटर पर खड़ी हो गई। डाइवर्टेड ट्रेन (22551) अंत्योदय सुपर फास्ट एक्सप्रेस को पास करने को लेकर (04218) समर स्पेशल ट्रेन को आउटर पर रोका गया था। जिसके बाद होम सिग्नल फेल होने पर (04218 ) समर स्पेशल ट्रेन करीब आधे घंटे आउटर पर खड़ी रही। सूचना पर मकैनिक को भेज कमियां दूर कर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। इस दौरान दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों ने ट्रेन से उतरकर अपने गंतव्य स्थल को चल दिए। वहीं दरियाबाद भिटरिया मार्ग पर पड़ने वाली क्रासिंग पर अंत्योदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस के खड़े होने पर जाम की स्थित बनी रही।

कार्यक्रम | नगर पालिका के टाउन हाल में दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस पर व्यापारी कल्याण दिवस का किया गया आयोजन

# दानवीर भामाशाह का त्याग व बलिदान अनुकरणीय : सतीश शर्मा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नगर पालिका के टाउन हॉल में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस पर शनिवार को व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन और अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार उपस्थिति हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं उपस्थित व्यापारियों द्वारा राज्य कर विभाग, एमएसएमई, नगर विकास विभाग और औद्योगिक विभाग द्वारा लगाये गये ओडीओपी उत्पाद सम्बन्धी स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। इसके बाद संस्कृति विभाग में पंजीकृत कलाकारों द्वारा गीत एवं नृत्य के माध्यम से सुन्दर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। समारोह में राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि दानवीर भामाशाह ने राष्ट्र के विकास के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। यह हम सभी के लिये अत्यधिक गौरव एवं प्रेरणा की बात है। हम सभी को उनके त्याग एवं बलिदान के साथ उनकी विचारधारा का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने दानवीर भामाशाह की जयंती पर उपस्थित व्यापारियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आज का दिन व्यापारियों के लिये है। सरकार की नीतियों एवं उद्देश्यों की पूर्ति में व्यापारियों का विशेष योगदान रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि व्यापारी समाज सेवक, निर्माता एवं समरता का प्रमुख उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रुप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह ने कहा कि दानवीर भामाशाह का निष्ठापूर्ण सहयोग महाराणा प्रताप के जीवन में महत्वपूर्ण और निर्णायक साबित हुआ। दानवीर भामाशाह जी के जन्मदिवस 29 जून को राज्य सरकार द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस के रुप में जनसहभागिता के साथ मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत ने दानवीर भामाशाह के व्यक्तित्व से सभी को अवगत कराया। सर्वाधिक करदाता के रूप में फर्म ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड और अरविंद टेक्नोक्रेट्स एंड इंजिनियरिंग को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नये निवेशकों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सीडीओ अ. सुदन, उपायुक्त आयकर प्रेरणा सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री सतीश शर्मा और अन्य प्रतिष्ठितजन। अमृत विचार

### इन व्यापारियों व उद्योगपतियों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री सतीश शर्मा द्वारा प्रदीप जैन, रोहितश्व दीक्षित, मुज्जीबुद्दीन अंसारी, संतोष कुमार वर्मा, शेषमणि तिवारी, शिव कुमार चतुर्वेदी, सुशील कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार गाबा, जनार्दन प्रसाद शुक्ला, अनुपम अग्रवाल, विजय कुमार यादव, योगेश, अनंत कुमार, हर्षित कुमार, राजेश तिवारी, सूरज राय और आदित्य समेत अन्य व्यापारियों को सम्मानित किया गया।

# सदस्यों ने प्रबंध कमेटी की बैठक का किया बहिष्कार

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कूटरचित-फर्जी बैठक करने, फर्जी अध्यक्ष, फर्जी काम-काज और संचालकों का अपमान आदि के विरोध स्वरूप जिला सहकारी बैंक के सभी संचालक/सदस्यों ने शनिवार को प्रबंध कमेटी की बैठक का बायकाट कर दिया।

बैंक संचालकों का आरोप है कि जिला सहकारी बैंक की सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी रेनू कुशवाहा द्वारा निरंतर तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाने के साथ-साथ बैंक संचालक-सदस्यों द्वारा तद विषयक किए गए पत्राचार आदि पर कोई भी कार्यवाही/प्रतिउत्तर न दिये जाने से क्षुब्ध होकर, लगभग दस माह बाद शनिवार को बुलाई गई प्रबंध कमेटी की बैठक का सभी संचालक/सदस्यों द्वारा बहिष्कार करने का फैसला लिया गया। सभी संचालकों ने बैंक में विगत दस माह के दौरान प्रबंध कमेटी की बैठक न कराए जाने एवं कमेटी के निर्णय के बिना किए गए, सभी अनियमित/फर्जी कार्यों की जांच की मांग की। बैठक का बायकाट करने वाले संचालकों में सुरेश चंद्र, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, शिवदेवी, सुभाष चंद्र, राजकुमारी, रंजीत कुमार, रामलाल, शशि वर्मा, देशराज, रीना वर्मा आदि प्रमुख रहे।

## एक नजर

### मिट्टी खोदाई किए जाने के मामले में केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तालाब से चोरी से मिट्टी खुदाई किए जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया। कोतवाली के खालिसपुर मुबारकपुर के प्रधान काशीनाथ का आरोप है कि उनकी ग्राम पंचायत में स्थित गाटा संख्या 491 जो अभिलेखों में तालाब दर्ज है। तालाब से अज्ञात लोगों ने चोरी से मिट्टी का खनन कर उठा ले गए। प्रधान की तहरीर पर शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया ।

### अनियंत्रित ट्रक ने टेम्पो को मारी टक्कर, तीन घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात करीब 11 बजे एक अनियंत्रित ट्रक चालक ने टेम्पो में पीछे से टक्कर मार दिया, टक्कर लगने से टेम्पो पर सवार तीन लोग घायल हो गए। ट्रक पलट गया। ट्रक पर सवार चालक व खलासी फरार हो गए। वही टेम्पो पर सवार तीन घायलों में एक की हालत ज्यादा गम्भीर बताई जा है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्र ने बताया घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

### कांवरियों का जत्था रवाना हुआ अमरनाथ

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड कूरेभार के बाबूगंज बाजार से एक जत्था अमरनाथ यात्रा के एलि शनिवार को रवाना हुआ। समाजसेवी ओम प्रकाश पांडेय और राम समूज पांडेय सभी भक्तों को माला और अंग वस्त्र पहना कर सम्मान किया। जत्था की अगुवाई कर रहे संतोष मोदनवाल ने बताया कि हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी 40 लोग जा रहे हैं। यात्रा में राकेश सोनी, विमलेश, त्रिपाठी, आशीष मोदनवाल, दीपांशु अग्रहरी, अखिलेश तिवारी, मुकेश तिवारी, लालजी यादव, रवि मोदनवाल, पवन पांडेय, वीरू आदि शामिल है।

# दो जुलाई तक आवेदन, 15 तक करें रसोइयों का चयन

## साल में 10 माह तक प्रतिमाह मिलेगा दो हजार मानदेय, चयनित रसोइयों से 1 अगस्त से लिया जाएगा कार्य

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

योजना

▸▸ बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व हेडमास्टरों को जारी किया आदेश

**अमृत विचार:** एमडीएम से आच्छादित विद्यालयों में नए सिरे से रसोइया चयन का आदेश दिया गया है। विद्यालयों में जिनके पाल्य पढ़ रहे होंगे वही आवेदन के लिए पात्र मानें जाएंगे। 25 जून से शुरू हुआ आवेदन दो जुलाई तक किया जा सकता है। 15 जुलाई तक चयन करे 25 जुलाई तक बीएसए कार्यालय को सूचना उपलब्ध करानी होगी। नवीन चयनित रसोइया एक अगस्त से कार्य करेंगे।

बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने बताया कि रसोइया चयन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दो जुलाई तक अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके बाद प्रधानाध्यापक द्वारा 15 जुलाई तक रसोइया चयन कार्यवाही पूरी की जाएगी। इसकी लिखित सूचना 20 जुलाई तक संबंधित खंड शिक्षाधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। 25 जुलाई तक बीएसए कार्यालय में विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर देना होगा। बीएसए ने बताया कि चयनित नवीन रसोइया से एक अगस्त से कार्य लिया जाएगा।

### एससी एसटी को मिलेगी वरीयता

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का अभ्यर्थी होने पर सक्षम अधिकारी की ओर से जारी किया गया जाति प्रमाणपत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। रसोइयों के चयन के लिए आवेदन के लिए सम्बंधित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावक (माता, दादी, बहन, चाची ताई, बुआ) ही अर्ह होंगे। रसोइयों का चयन एक ही शिक्षा सत्र के लिए किया जाएगा। रसोइयां के चयन के लिए जरूरी नहीं है कि वह सम्बंधित ग्राम का ही निवासी हो । इसके लिए अनिवार्य है कि उसका बच्चा उसी विद्यालय में पढ़ता हो, जिस विद्यालय में रसोइयां के लिए आवेदन किया है। साल में 10 माह का मानदेय भुगतान किया जाएगा। प्रति माह रसोइया को दो हजार रुपये मानदेय दिया जाता है।

### इतने विद्यालयों में संचालित है एमडीएम

बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने बताया कि जिले में 1450 प्राथमिक, 343 उच्च प्राथमिक, 271 कंपोजिट विद्यालयों में एमडीएम का संचालन हो रहा है। तीन अनुदानित कंपोजिट विद्यालय, 51 बेसिक से सहायता प्राप्त उप्रावि, नौ राजकीय इंटर कॉलेज (केवल छह से आठ तक), 60 सहायता प्राप्त इंटर मीडिएट कॉलेज व सात मदरसा मिलाकर कुल 2194 विद्यालयों में दोपहर का भोजन बनाया जाता है।

### छात्र संख्या के हिसाब से किया जाएगा चयन

जिला समन्वयक एमडीएम संदीप यादव ने बताया कि परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं एडेड विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की 30 सितंबर 2023 की छात्र संख्या के हिसाब से रसोइयां का चयन किया जाएगा। 25 छात्र पर एक रसोइयां का चयन होगा। 26 से 100 तक की छात्र संख्या वाले विद्यालयों में दो रसोइया नियुक्त होंगे। 101 से 200 की छात्र संख्या पर तीन, 201 से 300 की छात्र संख्या पर चार, 301 से 1000 की छात्र संख्या पर पांच, 1001 से 1500 की छात्र संख्या पर छह और 1501 से अधिक की छात्र संख्या पर अधिकतम सात रसोइयों का चयन हो सकता है। संविलियन के बाद रसोइयों की संख्या का निर्धारण पहले की तरह विद्यालय के कुल छात्रों कक्षा एक से आठ तक की संख्या के अनुसार किया जाएगा। परिषदीय एवं एडेड विद्यालयों में कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए रसोइयों का चयन अर्हता/पात्रता का ध्यान रखा जाएगा। अभ्यर्थियों का चयन करते समय विधवा एवं परित्यक्ता को प्राथमिकता दी जाएगी। किसी स्थान के लिए दोनों के आदेवन करने की दशा में विधवा को प्राथमिकता दी जाएगी। अभ्यर्थी के परित्यक्ता होने की स्थिति में उसे ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की ओर से प्रदत्त इस आशय का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

# इंस्पेक्टर तोमर पर चलेगा दुष्कर्म व अन्य मामलों में केस

## महिला आरक्षी के यौन शोषण का मामला, जिला जज ने निरस्त किया रिवीजन, सीजेएम के आदेश की पुष्टि, विवेचना को माना त्रुटिपूर्ण

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** पुलिस की विवेचना निरस्त करते हुए सीजेएम ने दुष्कर्म, धन हड़पने व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा चलाने का जो आदेश दिया था उसे जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने सही माना है। उन्होंने फरार इंस्पेक्टर नीशू तोमर का रिवीजन निरस्त कर दिया है। मामला बहुचर्चित महिला आरक्षी और उसके साथ लैंगिक अत्याचार का है।

पीड़िता के अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने बताया कि पुलिस कार्यालय में तैनात रही एक महिला कांस्टेबल ने 22 जुलाई 2022 को एफआईआर कोतवाली नगर में लिखाया था। जिसमें उसके हलियापुर थाने में तैनात रहने के दौरान वहां के थानाध्यक्ष द्वारा दुष्कर्म करने, पैसा हड़पने तथा अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप लगाया गया। जिसकी पुष्टि महिला कांस्टेबल ने अपने कलम बंद बयान में भी किया। यह भी बताया कि वहां से स्थानांतरण होने के बाद भी आरोपित उसके साथ दुष्कर्म और मारपीट करता था। यह भी कि दो पत्रकारों को भी अश्लील वीडियो देकर वायरल कराया गया। उसी की विवेचना के दौरान आरोपित को महिला थानाध्यक्ष ने गिरफ्तार किया फिर वह लापता हो गया। जिसके संबंध में इंस्पेक्टर की पत्नी ने भी उच्च न्यायालय तक में याचिका दायर की। अंततः विवेचक ने सभी धाराओं के आरोप झूठा मान मात्र गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप पत्र न्यायालय में भेज दिया। जिस पर महिला कांस्टेबल की तरफ से प्रोटेस्ट दाखिल किया गया था। जिसमें आदेश हुआ कि इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर दुष्कर्म धन हड़पने व अन्य धाराओं में भी मुकदमा चलने के पर्याप्त साक्ष्य हैं । इस आदेश के विरुद्ध इंस्पेक्टर ने रिवीजन दाखिल कर लोअर कोर्ट के आदेश को सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने लोअर कोर्ट के आदेश पर मुहर लगाते हुए सीजेएम केआदेश को विधि सम्मत माना है। जिससे इंस्पेक्टर नीशू तोमर की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### आप सांसद संजय सिंह विशेष कोर्ट में नहीं हुए हाजिर, सुनवाई छह को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट जमानतीय वारंट के बावजूद हाजिर नहीं हुए। उनके वकील ने सांसद की तरफ से हाजिरी माफी देते हुए कहा वे राज्यसभा के सत्र में होने के चलते नहीं आ सके हैं। कोर्ट ने सुनवाई के लिए छह जुलाई की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है ।

### छेड़छाड़ के आरोपी को पॉक्सो कोर्ट ने ठहराया दोषी

▸▸ दोषी को अदालत कल सुनायेगी सजा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी महेन्द्र अग्रहरि को पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने शनिवार को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। दोषी को सोमवार को जेल से तलब कर कोर्ट उसे सजा सुनायेगी। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक दोषी ने 12 जनवरी 2021 को घर में अकेली पाकर किशोरी से छेड़छाड़ किया था। पीड़िता के परिवार वालो की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहो के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने शनिवार को आरोपी महेन्द्र को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया। सोमवार को अदालत दोषी को जेल से तलब कर सजा के बिन्दु पर सुनवाई करेगी।

### विद्युत स्पर्शाघात से बुजुर्ग की मौत

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के उमरी गांव के (72) वर्षीय बुजुर्ग सत्य प्रकाश गुप्ता शुक्रवार की रात घरेलू बिजली ठीक कर रहे थे। अचानक विद्युत की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। गुहार पर बुर्जुग को पड़ोसी सीएचसी अखण्ड नगर ले गए। जहां मौजूद चिकित्सको ने बुर्जुग को मृत घोषित कर दिया। बताते चलें कि मृतक बुर्जुग के बेटे की बहुत पहले ही मौत हो गई थी। वही उसकी बेटी पति के साथ कोलकाता में है। सूचना पर पहुंचे अखण्ड नगर थानाध्यक्ष बुर्जुग के शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज रहे थे। लेकिन मृतक बुर्जुग की पत्नी ने पोस्टमॉर्टम से इंकार कर दिया। मृतक के भाई भतीजों ने बुर्जुग का अन्तिम संस्कार कर दिया।

# पंचायती राज की मजबूती से होगी देश की उन्नति

बल्दीराय/विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर



क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते अमेठी सांसद केएल शर्मा। अमृत विचार

● ब्लाक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

**अमृत विचार:** अमेठी से कांग्रेस सांसद केएल शर्मा ने शनिवार को यहां ब्लॉक पर पहली बार क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान की उन्नति करना है तो पंचायती राज को मजबूत करना होगा। क्योंकि पंचायती राज एक ऐसा विभाग है जिसमें जनता का प्रधान व बीडीसी से सीधा जुड़ाव होता है।

उन्होंने कहा हमारा देश गांव में बसता है। भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा हम बहुत बड़े-बड़े हाइवे बना दें, अगर गांव का विकास नहीं होता है तो विकास के कोई मायने नहीं हैं। गांव अगर विकसित हो जाएंगे तो आम आदमी गांव में रहना पसंद करेगा। शहरों पर जो बोझ रहा है वो इसलिए रहता है कि ग्राम सभाओं में हमारी उन्नति नहीं है। उन्होंने कहा बल्दीराय मैं पहले भी आता रहा हूं लेकिन आज सांसद बनने के बाद पहली बार आया हूं। वही पत्रकारों द्वारा पेपर लीक के मुद्दे पर किए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पेपर लीक यहां के नौजवान की जिंदगी बर्बाद करने की बात है। क्योंकि एक ही पेपर लीक नहीं हो रहा है। केवल नीट की बात नहीं है। और भी पेपर लीक हो रहा है। उन्होने कहा बच्चा तैयारी करता है तब तक पेपर लीक हो जाता है और फिर उसकी उम्र निकल जाती है। क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र सिंह, पूर्व कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंह, ब्लाक प्रमुख शाहगढ़ सदाशिव, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ. रमेश यादव, सीडीपीओ राजवती सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जावेद अहमद, खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह, सदस्य जिला पंचायत नरेश चन्द्र उपाध्याय दीपू, जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव, प्रधान व बीडीसी मौजूद रहे।

# जमीन के नाम पैसा हड़पने के आरोप में चार पर केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** क्षेत्राधिकार के निर्देश पर जमीन के नाम पर पैसा हड़पने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है ।

करौंदीकला थाने के केकरचौर निवासी रणजीत का आरोप है कि उन्होंने अंबेडकर नगर जिले के इब्राहिमपुर थाने के भारीडीहा मझगवां निवासी मधुकर मिश्र को नगद एवं उनके खाते में लखनऊ में जमीन लेने के लिए 26 लाख रुपए दिए। किंतु दिए तहरीर के अनुसार मधुकर मिश्र एवं उनके भाई एवं भतीजे ने रणजीत को लखनऊ में जमीन दिलाने के एवज में पैसे का सौदा किया था, जिसके अनुसार एक लाख मधुकर को एडवांस दे दिया था। मधुकर के खाते में 20 अगस्त 2022 से 12 जून 2023 तक 20 लाख रुपए भेजा था। इसके अलावा 89000 फिर नगद दिया। कुल मिलाकर कई बार में उसने 26 लाख रुपए नगद दिया। पैसा पूरा दे देने के बाद जब उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री करने को कहा तो मधुकर आना कानी करने लगे और उनका फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने मधुकर मिश्रा एवं उनके भाई सुधाकर मिश्रा दिवाकर मिश्रा तथा भतीजे अंकुश मिश्रा के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया।

## सार-संक्षेप



सेवानिवृत्त बीडीओ को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त होना सरकारी सेवा का हिस्सा: ब्लाक प्रमुख

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सेवानिवृत हुए विकास खण्ड बल्दीराय का शनिवार को सम्मान पूर्वक विदाई समारोह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्रमुख ने कहा कि स्थानान्तरण व सेवानिवृत्ति सरकारी नौकरी का हिस्सा है। बल्दीराय में बीडीओ का कार्य व व्यवहार बहुत ही सहयोगात्मक रहा है। आप की कार्य कुशलता का व सहयोग का परिणाम है कि ब्लाक बल्दीराय को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। खण्ड विकास अधिकारी एसएन सिंह ने कहा कि बल्दीराय में कार्य करना बहुत ही सहज रहा। सभी प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यगणों के साथ प्रमुख व समस्त ब्लाक के कर्मचारियों का पूर्ण समर्थन मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने बीडीओ को राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। इससे पूर्व वर्तमान खण्ड विकास अधिकारी राधेश्याम वर्मा, प्रमुख शिव कुमार सिंह, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर राजवती सिंह, प्रधान हजारी लाल साहू, देवेंद्र सिंह पप्पू, राम जी श्रीवास्तव, गुलाम हैदर, पवन अग्रहरि सहित तमाम प्रधानों ने अंग वस्त्र, श्रीराम दरबार, व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर श्याम प्रीत, स्वामीनाथ यादव, बाबा योगराज, राजा सिंह, प्रभात सिंह, अरविंद सिंह बबलू, हौंसला प्रसाद, विपिन कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बारिश के दौरान बिजली गिरने से मोर की मौत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार सुबह जोरदार बारिश के दौरान बिजली गिरने से पदारथपुर उपाध्याय गांव में लखनऊ बलिया राजमार्ग किनारे जामुन के पेड़ के नीचे एक मोर गिर पड़ा। इसी बीच गांव के बिक्की यादव, शोले धुरिया, इंद्र धुरिया दूर से देखकर भीगते हुए पहुंचे तो मोर मृत पड़ा था। बिक्की ने वन दरोगा को फोन कर जानकारी दी। वन दरोगा ने वाचर रंजीत को मौके पर भेजकर मोर के शव को मंगवाया। वन दरोगा सीबी सोनकर ने बताया कि मोर के शरीर पर जलने के निशान थे, बिजली से मौत हुई। कादीपुर क्षेत्र के सातनपुर गांव के नर्सरी में मोर का अंतिम संस्कार सम्मान पूर्वक किया गया।

### दुकान से घर के लिए निकले प्रधान नहीं पहुंचे घर, केस दर्ज

**दोस्तपुर सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात दुकान बंद कर प्रधान घर के लिए निकले लेकिन घर नहीं पहुंचे। देर रात परिजन इंतजार व खोजबीन करते रहे। सफलता न मिलने पर पुलिस से गुहार लगाई है। स्थानीय थाना क्षेत्र सहंगिया गांव निवासी ग्राम प्रधान चंद्रभान गौतम शुक्रवार की रात अपनी किराने की दुकान को बंद कर रात नौ बजे घर के लिए निकले। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन इन्तजार व खोजबीन करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली, रास्ते में दुकान की चाभी जरूर मिली। शनिवार को प्रधान की पत्नी केशा देवी पुत्र राजवीर के साथ थाने पर तहरीर दी। साथ ही कुछ लोगों पर शंका भी जाहिर की। दोस्तपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।



सीओ बल्दीराय कार्यालय की ढही बाउंड्रीवाल । अमृत विचार

### हैंडओवर से पहले गिरी सीओ कार्यालय की बाउंड्रीवाल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय पुलिस क्षेत्राधिकारी का कार्यालय बनने की वर्षों से चल रही कवायद समाप्त हो गई थी । शासन से 60 लाख रुपए की सौगात मिलने पर कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल निर्माण कार्य शुरू कर क्षेत्राधिकारी कार्यालय को अंतिम रूप दे चुकी थी। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहुरावां स्थित मुसाफिरखाना देवरा मार्ग के बगल कस्बे में खाली पड़ी सरकारी जमीन गाटा संख्या 1624 मि. व 1626 मि. को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए अधिकृत किया था। जिलाधिकारी के आदेश पर उक्त जमीन को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के नाम से हस्तांतरित की गई । क्षेत्राधिकारी कार्यालय बनने में मानकों की अनदेखी की गई। छत से पानी टपक रहा है। पहली ही बरसात में बाउंड्रीवाल गिर गई। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में धांधली व अनियमितता बरती गई है।

# अधिवक्ता परिषद ने नए कानूनों की साझा की जानकारी, पहली जुलाई से होंगे लागू

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ वादकारियों और आरोपियों दोनों को होगा लाभ

**अमृत विचार:** दीवानी अधिवक्ता सभागार में शनिवार को अधिवक्ता परिषद अवध के द्वारा नये कानून की जानकारी साझा की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी व वीरेंद्र चतुर्वेदी ने की।

बैठक में विहिप विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एडवोकेट अरविंद सिंह राजा ने नये कानून व पुराने कानून की समीक्षा करते हुए कहा पुराना कानून भारतीय दण्ड संहिता 1860 में बनी तथा उसे दो साल की चर्चा व परिचर्चा के बाद लागू किया गया था वहीं नये कानून को मात्र छह माह के भीतर लागू करना उचित नहीं है। हालांकि, सरकार के मंसूबे ठीक हैं जिससे वादकारियों व आरोपियों दोनों को लाभ होगा। अब भारतीय दंड संहिता का नाम भारतीय न्याय संहिता किया गया है जो न्याय दिलाने में विश्वास करता है। श्री राजा ने कहा नये कानून में शून्य एफआईआर अब कही से भी ई-फाइलिंग के जरिए दाखिल किए जा सकते हैं जो पहले के कानून में नहीं था, वही अब वारंट व अन्य कार्रवाई इलेक्ट्रॉनिक संसाधन से की जा सकेगी। पूर्व महासचिव अशोक यादव ने कानून लागू करने की जल्दबाजी पर सवाल उठाए। पूर्व अध्यक्ष करुणाशंकर द्विवेदी ने नये कानून पर एफआईआर व अन्य विषयों पर जानकारी दिया। अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष हरिश्चन्द्र दुबे एडवोकेट ने कार्यक्रम में पधारे सभी अधिवक्ता बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन सर्वेश कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सूर्यनाथ यादव, अतुल यादव, संतोष मिश्रा, कौशल श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, देवेन्द्र पाठक, अधिवक्ता परिषद उपाध्यक्ष देवेंद्र मिश्र, प्रशांत सिंह, अंश सिंह, मृत्युंजय सिंह, सजल सिंह, राघवेंद्र सिंह, रवि प्रकाश दुबे, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

संवाददाता, सुलतानपुर



यूपी बोर्ड की मेधावी छात्रा को सम्मानित करते विधायक। अमृत विचार

▸▸ 24 मेधावी सुलतानपुर में तो चार लखनऊ में हुए सम्मानित

**अमृत विचार:** मई में आए माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम के मेधावी छात्रों को सदर विधायक, डीएम ने सम्मानित किया।

शनिवार को विकास भवन के प्रेरणा सभागार मे भाजपा जिलाध्यक्ष डा आरए वर्मा, सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने राज्य स्तरीय मेरिट में जगह बनाने वाले 24 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान हासिल करने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट 9 छात्र छात्राओं एक लाख रुपए का चेक व टैबलेट दिया गया। वही जनपद स्तरीय मेरिट में स्थान हासिल करने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 16 छात्र छात्राओं को 21 हजार रुपए का चेक व टैबलेट देकर सम्मानित किया। वही राज्य मेरिट में प्रथम पांच स्थान हासिल करने वाले संस्कृत बोर्ड के हाईस्कूल के दो व इंटरमीडिएट के दो छात्रों को लखनऊ में सीएम ने एक लाख चेक व टैबलेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीडीओ अंकुर कौशिक, डीआईओएस रविशंकर, दूबेपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह डिंपल, मेधावी छात्र व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

सुविधा

## 90,645 छात्रों के अभिभावकों के खाते में पहुंचा 10 .87 करोड़, स्कूल ड्रेस व बैग खरीदने को डीबीटी के माध्यम से भेजे गये 1200-1200 रुपये

# अब 90 हजार बच्चे नई यूनिफार्म पहनकर आएंगे स्कूल

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



बीएसए कार्यालय में सीएम के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखतीं बीएसए व अन्य।

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों के बच्चे अब नई-नई यूनिफार्म पहनकर आएंगे। साथ ही उनके बस्ते भी नए हाहेंगे। शनिवार को परिषदीय विद्यालयों के 90645 बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में 10 करोड़ 87 लाख 74 हजार रुपये की धनराशि प्रति हेड 1200 रुपये के हिसाब से भेजा गया। यह धनराशि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सीधे खाते में हस्तानांतरित किया।

जिले में बेसिक शिक्षा परिषद के 2064 विद्यालय संचालित हैं। जिसमें 1450 प्राथमिक, 343 उच्च प्राथमिक और 271 कंपोजिट विद्यालय शामिल है। प्रेरणा पोर्टल के अनुसार इन स्कूलों में कुल 1,87,710 बच्चे पंजीकृत हैं। अभिभावकों के बैंक खाते में धन भेजने के लिए प्रथम चरण में डीबीटी एप पर फीडिंग करते हुए 90,645 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों का वेरिफिकेशन कराया गया था। इन बैंक खातों में शनिवार को 1200 रुपये प्रति छात्र के हिसाब से धनराशि भेज दी गयी है। इस लिहाज से जिले में प्रथम चरण के अन्तर्गत कुल 10 करोड़ 87 लाख 74 हजार रुपये ट्रांसफर किए गये हैं। इसमें दो ड्रेस के लिए 600 रुपये, स्वेटर के लिए 200 रुपये, स्कूल बैग के लिए 175 रुपये, जूता-मोजा के लिए 125 और स्टेशनरी के लिए 100 रुपये निर्धारित हैं।

### सीएम के कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

लखनऊ में डीबीटी शुभारंभ कार्यक्रम का दूरदर्शन, यूट्यूब, ट्विटर व फेसबुक के माध्यम से जिले में सजीव प्रसारण किया गया। बीएसए कार्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी, डीसी एमआईएस धर्मेश गुप्ता, एमआईएस इंचार्ज इमरान, डीसी एमडीएम संदीप यादव व अन्य मौजूद स्टाफ ने सजीव प्रसारण देखा। इसके अलावा सभी ब्लाक संसाधन केन्द्रों, प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में इस लाइव प्रसारण को स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, लैपटॉप आदि के माध्यम से बच्चों, शिक्षकों व उपस्थित लोगों ने देखा। बीएसए ने बताया कि बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी गई धनराशि से अभिभावक अपने बच्चों के लिए ड्रेस, स्वेटर, जूता-मोजा, बैग व स्टेशनरी खरीदेंगे। कक्षा 1 व 2 में इस साल से एनसीईआरटी पुस्तकों से बच्चों की पढ़ाई होगी। जिन बच्चों का आधार फीडिंग और सत्यापन नहीं हो पाया है, उनका अभियान चलाकर आधार फीडिंग और सत्यापन कराया जाएगा। जिससे दूसरे चरण के अन्तर्गत छूटे बच्चों के खाते में डीबीटी माध्यम से धनराशि भेजी जा सके।

### 9,70,65 बच्चों को करना होगा अभी इंतजार

परिषदीय स्कूलों में करीब 97,065 बच्चों के खाते में डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली 1200 रूपये की धनराशि नहीं मिल सकी है। जिले में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में कुल 1,87,710 बच्चे पंजीकृत हैं। पहले चरण में शनिवार को 90,645 बच्चों के अभिभावकों के खाते में पैसा भेज दिया गया है। अभी 97,065 बच्चों के खाते में पैसा नहीं पहुंच सका है। इसकी वजह खातों में आधार फीडिंग और अपूर्ण सत्यापन बताया जा रहा है। अब दूसरे चरण के अन्तर्गत जुलाई में पैसा मिलने की संभावना है।

# वातावरण में तनाव और पृथ्वी का बढ़ता ताप



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्ष्मा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं।

वातावरण में तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।" भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है।

वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए।

वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मण्डल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्मग्रंथ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे।

ऋग्वेद में औषधि विज्ञान संबंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, "हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।" वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, "आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।" खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, "आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।" वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।" कवि को विश्वास है कि, "औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।" अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां लाल रंग की हैं। कुछ श्वेत हैं। कुछ भूरी हैं। कुछ काली हैं। कुछ कई रंगों वाली हैं। पृथ्वी माता है। आकाश पिता है। औषधियां भी इसी परिवार की हैं। ऋषि कहते हैं कि, "औषधियों के पिता आकाश हैं।" यहां औषधियां वनस्पतियां माता पृथ्वी व पिता आकाश की परिजन हैं।

रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि, "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्ष्मा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं। आम महुआ आमला रसपूर्ण है। आमला युवा बने रहने का रसायन है। औषधियां, वनस्पतियां अनेक प्रकार की हैं। कहते हैं, "गुच्छों वाली, एक कोंपल वाली और अनेक शाखाओं वाली औषधियों का आवाहन करते हैं।" प्रत्येक जीव में रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसे रोग निरोधक क्षमता कहते हैं। अथर्ववेद में स्थान के आधार पर भी औषधियों के भेद किए गए हैं। एक मंत्र (8.7.17) में कहते हैं, "अंगिरा द्वारा विवेचित औषधियां पर्वतीय क्षेत्रों व समतल मैदानों में उगती हैं। वे ह्दय को सुख शांति देती हैं। कुछ औषधियों को अमर भी बताया गया है। औषधियां जीव रक्षक हैं।

वैदिक काल के समाज को पिछड़ा बताने वाले नोट करें। वैदिक काल के मनीषी ज्वर की आवृत्ति से परिचित थे। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़ कर आते हैं, कुछ 2 दिन बाद और कुछ बिना निश्चित समय के ही आते हैं। ऋषि की इच्छा है कि, "ऐसे ज्वर आलसी लोगों के पास चले जाएं।" वैदिक समाज में कर्म प्रधानता है। आलसी की भर्त्सना है। ज्वर और भी कई प्रकार के होते हैं। कहते हैं, "तपाने वाले, हिलाने वाले, भड़काने वाले, ठण्ड के साथ आने वाले और दुर्बल करने वाले ज्वर को हमारा नमस्कार है।" यहां नमस्कार ज्वर को दूर भगाने के लिए किया गया है। ज्वर अकेला नहीं होता। इसका अपना परिवार है। अथर्ववेद में कहते हैं, "ज्वर अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी उसकी बहन है। वह बहन के साथ आता है। यक्ष्मा इसका भतीजा है।" बीमारियों की व्याख्या रिश्तों में करना मजेदार है।


एक प्रतिष्ठित वनस्पति है गुग्गल। आधुनिक आयुर्विज्ञान इसे रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानते हैं। बताते हैं कि गुग्गल के प्रयोगकर्ताओं के पास कोई रोग नहीं आते। एक मंत्र में पीत व जटामांसी को महत्वपूर्ण औषधि बताया गया है। औषधियां प्राणरक्षक हैं। प्राण से ही औषधियां लहराती हैं। मेघों का वर्षा करना प्राण का चमत्कार है। एक सुन्दर सूक्त में कहते हैं कि प्राण औषधियों के समक्ष गर्जन करते हैं। औषधियां शक्तिशाली होती हैं। प्राण औषधियों पर जल वर्षा करता है। औषधियां प्रसन्न होती हैं। प्राण ही रोग व मृत्यु के कारण हैं। कहते हैं कि, "तब अथर्वा द्वारा रोपित अंगिरा वंशजों व मनुष्यों द्वारा निर्मित औषधियां प्रकट होती हैं।" एक वनस्पति पीपली है। अथर्वा के रचे सूक्त में पीपली स्वयं ही बोलती है कि, "जिस प्राणी द्वारा हमारा सेवन किया जाएगा वह कभी नष्ट नहीं होगा।" वनस्पतियों के अपने आकर्षक रंग रूप हैं। तमाम वनस्पतियां रोगोपचार के लिए औषधियां भी हैं। वनस्पतियां औषधियां वैदिक काल के पहले से ही प्रणम्य हैं। अथर्ववेद के एक सुन्दर सूक्त (1.34) में ऋषि कवि अथर्वा एक लता देखते हैं। अथर्वा कहते हैं, "मधुक मधुरता के साथ पैदा हुई है। हम इसे मधुरता के साथ खोदते हैं-मधुजाता मधूनां त्वां खनामसि।" कहते हैं, "हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।" आगे कहते हैं, "हमारी जिह्वा का अग्रभाग मधुर हो। मूल भाग मधुर हो। हमारा घर से बाहर जाना मधुर हो। दूर जाना मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम मधुरता से भी ज्यादा मधुर हो जाएं-मधुरस्मि माधुरतो मदुघान्मधुमत्तरः।" वैदिक ऋषि कवि अस्तित्व को नमस्कार करते हैं। यजुर्वेद (36.17) के शान्ति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। जल शांत हों।" फिर कहते हैं, "औषधियां शांत हों। वनस्पतियां शांत हों। सभी शक्तियां शांत हों। शान्ति भी हमें शान्ति दें।"

# आधुनिक युग का सबसे बड़ा मिथक

> विश्व की सभी संस्कृतियों में अग्नि को प्राप्त करने, उसे स्वर्ग से चुराने, उसे प्रत्येक घर नगर में स्थापित करने, अग्न्याधान आदि से संबद्ध रोचक कथाएं हैं।

प्रायः ही यह समझ लिया जाता है कि मिथक अतीत जीवन का तत्व है। यह बात सच तो है,किंतु अधूरी है। असल में मिथक अवचेतन की प्रवृत्ति है, जो आज भी जीवित है। मिथक की शक्ति है-सामूहिक-मन की मान्यता। भावुकता,नैतिक भावना और विश्वास पर आधृत मिथक मनुष्य के मानस पर शासन करते हैं, आज भी कर रहे हैं,जैसे विचारधारा है,वैज्ञानिकता है और तथाकथित सिद्धांत हैं। इनकी वास्तविकता क्या है?

डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने सवाल किया था- "क्या है यह स्वतंत्रता? क्या इसकी परिभाषा की जा सकी है? क्या यह सच नहीं है कि एक प्रकार के बंधन समाप्त होने पर नए प्रकार के बंधन पैदा हो जाते है?" प्रत्येक देश ने स्वतंत्रता के प्रतीक स्वरूप प्रतिमाएं स्टेचू ऑफ लिबर्टी खड़ी की हैं,जिन्हें हम अभिवादन करने तीर्थ यात्रा के रूप में जाते हैं। अमेरिका में वाशिंगटन में राष्ट्रीय कब्रिस्तान पुराने यूनानी ओलिम्पस का दृश्य उपस्थित करता है। समाधियां और स्मारक बनाए जाते हैं। करोड़ों का धन लगाकर इन पर फूल मालाएं चढ़ाई जाती हैं। हमने पुराना स्वर्ग खो दिया,किंतु नए स्वर्ग की तलाश कर रहे हैं। वे सवाल करते हैं कि "क्या राष्ट्रीयता एक मिथक नहीं है,जो हमारे मन में इतना गहरा समा गया है? वीर बनाने की प्रवृत्ति आज भी जीवित है। जिसे हम चालू मिथक और पुराण,वर्तमान पौराणिक कथाएं और वर्तमान किंवदंतियां कहते हैं।"



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारत माता क्या है? भारत माता किसी नारी विशेष का नाम तो नहीं है। भारत माता मिथकीय अवधारणा ही तो है,लेकिन आजादी के आंदोलन के जमाने में यह क्रांति का उद्घोष था, कोड़े लगाए जाते थे। विकास के सिद्धांत को कौन नकार सकता है? लेकिन यह मिथक नहीं तो क्या है कि बंदर था, उससे आदमी बन गया? उस थ्योरी में एक मिसिंग लिंक भी डाल दिया।

विश्व की सभी संस्कृतियों में अग्नि को प्राप्त करने,उसे स्वर्ग से चुराने, उसे प्रत्येक घर नगर में स्थापित करने, अग्न्याधान आदि से संबद्ध रोचक कथाएं हैं। प्रोमेथियस मिथक, अथवा प्रमंथ की कथा। आदिम मानव ने अरणि-मंथन से आग को प्राप्त किया था,जिस मनुष्य ने आग का आविष्कार किया था, जिस मनुष्य ने कुआं खोदकर जल निकाला था, जिस मनुष्य ने चाक और बर्तन बनाए थे, जिस मनुष्य ने कपास से वस्त्र बुना था,जिस मनुष्य ने पहिया बनाकर जीवन को गति दी थी,जिस मनुष्य ने नदी की धारा मोड़कर नई सभ्यता को जन्म दिया था,जिस मनुष्य ने ग्रह-नक्षत्रों की गति का आकलन किया, जिस मनुष्य ने खेती का आविष्कार किया था,जिस मनुष्य ने भाषा का आविष्कार किया था,जिस मनुष्य ने लिपि का विकास किया था,जिस मनुष्य ने ग्रंथ बनाया था, जिस मनुष्य ने आदिकाव्य की रचना की थी,यदि उस मनुष्य की उपलब्धियां न होती तो आज टेक्नोलॉजी के जिस स्तर पर मनुष्य पहुंच सका है,उस पर पहुंच पाता? उसी आदमी द्वारा बनाई गई सीढ़ियों पर चढ़कर आज का आदमी इतरा कर कहता है कि "वह आदमी कम-दिमाग था, पिछड़ा था"। आज का आदमी समझता है कि "वह आदिम मानव की अपेक्षा अधिक समझ, सूझ-बूझ, सृजन-प्रतिभा से संपन्न है।" क्या यह आज का सबसे बड़ा मिथक नहीं है?

# भारतीय शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान शिक्षा



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> वैदिक काल में शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास हेतु अपरिहार्य मानी गई। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई वर्ग या जाति बंधन नहीं था। स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने की पूरी स्वतंत्रता थी।

भारतीय शिक्षा का बीजारोपण सुदूर अतीत में आज से लगभग चार हजार साल पहले हुआ था, परंतु उसके समृद्ध स्वरूप के दर्शन वैदिक काल के आरंभ में होते हैं। वैदिक काल मनु से लेकर महाभारत काल तक माना जाता है और वैदिक कालीन शिक्षण व्यवस्था विश्व की सर्वोत्तम शिक्षक व्यवस्था मानी जाती है। इस काल में शिक्षा पर ब्राह्मणों का अधिकार था। अतः कुछ विद्वानों ने उस दौर की शिक्षा को ब्राह्मण कालीन शिक्षा भी कहा है। तब शिक्षा आश्रम व्यवस्था पर आधारित थी।

छात्र आश्रम में गुरु के परिवार का सदस्य बनकर रहता था। शिक्षा निःशुल्क थी, परंतु गुरु सेवा शिष्य का परम कर्तव्य था। प्राचीन भारत के मनीषी इस तथ्य से भलीभांति परिचित थे कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास, समाज की चतुर्मुखी उन्नति और सभ्यता के बहुमुखी प्रगति की आधारशिला है। वैदिक काल में शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास हेतु अपरिहार्य मानी गई। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई वर्ग या जाति बंधन नहीं था। स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने की पूरी स्वतंत्रता थी। उस समय का समाज आश्रमों के प्रति सजग था और गुरु की स्वीकृति पर वह आश्रम को सहायता दे सकता था। शिक्षा में स्वाध्याय, संयम, त्याग और स्वतंत्र चिंतन को प्रमुख स्थान प्राप्त था। गुरु-शिष्य संबंध बड़े मधुर और पिता पुत्र के समान थे। गुरु निर्देशन करता था और शिष्य उसका अनुकरण करके ज्ञान भाव व कर्म में साम्य लाता था। उस युग में विद्वानों का मत था कि शिक्षा का प्रकाश व्यक्ति के सब संशयों का उन्मूलन तथा उनकी सब बाधाओं को दूर करता है। दूसरे शब्दों में शिक्षा को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पथ प्रदर्शित करने वाला प्रकाश माना जाता था। प्राचीन भारत में जिस शिक्षा प्रणाली को प्रतिपादित किया गया था, वह अनेक सदियों तक चंद परिवर्तनों के साथ चलती रही। यह इस बात का प्रमाण है कि इस शिक्षा प्रणाली में अनेक महत्वपूर्ण तत्व विद्यमान थे। इन तत्वों ने अनेक महान विचारकों तथा सत्य के अन्वेषकों को जन्म दिया, जिनका बौद्धिक योगदान सराहनीय है, लेकिन धीरे-धीरे प्राचीन शिक्षा प्रणाली में दोष भी दिखलाई देने लगे। इस शिक्षा का प्रमुख दोष उसका पूरी तरह से पारलौकिक जगत पर आधारित होना था। बौद्ध काल में शिक्षा वेदों और प्रचलित जाति व्यवस्था के खिलाफ थी। बौद्ध दर्शन के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना था। महात्मा बुद्ध निर्वाण प्राप्ति के लिए ज्ञान को सर्वोत्तम साधन मानते थे। बौद्धों ने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के लिए अलग-अलग प्रणाली को अपनाया। माध्यमिक शिक्षा के लिए चरण नमक शिक्षण संस्थाएं चलाई, तो उच्च शिक्षा के लिए मठों की स्थापना की। मठों में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प तथा व्यावसायिक शिक्षा का भी समुचित प्रबंध था। गौरतलब है कि नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय उस काल की विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थाएं थीं। मौर्य काल में बौद्ध कालीन शिक्षा की बहुत उन्नति हुई। कौटिल्य स्वयं तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षक थे। मौर्य काल में शिक्षा में बहुत परिवर्तन देखने को मिले। उस समय शको, कुषाणों, पल्लवों और यवनों ने भारत पर आक्रमण किया। उन्होंने कुछ हद तक भारतीय शिक्षा को प्रभावित भी किया। आठवीं सदी के प्रारंभ में इस्लामी शासक आक्रमणकारी के तौर पर भारत आए। भारत में लगभग साढ़े पांच सौ सालो तक मुसलमानों का शासन रहा। उन्होंने प्रचलित शिक्षा प्रणाली को हटाकर नई शिक्षा प्रणाली की शुरुआत की जिसे मध्यकालीन मुस्लिम शिक्षा प्रणाली कहा जाता है। मुस्लिम शासकों ने धार्मिक शिक्षा देने के लिए मजहब स्थापित किया और उच्च शिक्षा के लिए मदरसे। इनमें इस्लामिक धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जाती थी।

मुस्लिम शासन के पश्चात भारत में यूरोपीय कंपनियों का आगमन प्रारंभ हो गया। भारत में लॉर्ड मैकाले को अंग्रेजी शिक्षा का जन्मदाता माना जाता है। दरअसल अंग्रेजों को कार्यालयों में कार्य करने के लिए भारतीयों की आवश्यकता थी। मैकाले द्वारा भारत में शिक्षा को मात्र बाबू बनाने और शासकीय कार्यों में सहायक प्रकिया के रूप में प्रतिपादित किया गया। अंग्रेजों ने भारतीय भाषाओं को महत्व नहीं दिया। यह अलग बात है कि शासकीय भाषा अंग्रेजी होने तथा विज्ञान की शिक्षा के आकर्षण से भारतीय लोगों में इस शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ने लगी। प्राचीन भारतीय परंपरा की शिक्षा को उतना प्रोत्साहन नहीं मिला जितना पाश्चात्य संस्कृति के विद्यालयों को मिला। हालांकि इसके बावजूद देश के कुछ महापुरुषों ने प्राचीन भारतीय परंपरा के गुरुकुलों, महाविद्यालय और पाठशालाओं को चलाने का सफल प्रयास किया।

आजादी के बाद समय-समय पर देश में शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिले। यह माना गया कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य बालक के व्यक्तित्व का सर्वाधिक विकास करना है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा के गुण-दोष को ध्यान में रखकर बाल उपयोगी शिक्षा की आवश्यकता महसूस की जाने लगी। केंद्र सरकार ने शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए समय-समय पर कई आयोग और समितियां गठित की। एनसीईआरटी ने समय-समय पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तय कर सरकार को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए ताकि सभी को समान रूप से शिक्षा उपलब्ध हो सके। अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया।

एनसीईआरटी ने 2005 में शिक्षा को बाल केंद्रित बनाने, रटंतु प्रणाली को समाप्त करने, परीक्षा में सुधार करने तथा जाति, धर्म, जेंडर आदि आधारों पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने की बात कही। देश में 6 से 14 वर्ष तक के हर बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया। यानी शिक्षा का अधिकार अब एक मौलिक अधिकार बन चुका है। इस कानून में सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है, जिससे ज्ञान कौशल और मूल्यों से परिपूर्ण कर उन्हें भारत का प्रबुद्ध नागरिक बनाया जा सके।

# सोशल मीडिया पर दिखने का सुरूर

सोशल मीडिया पर ज्यादा दिखने और ज्यादा दिखाने का जो सुरूर है,वह भविष्य में खतरनाक साबित होने वाला है। हाल फिलहाल कुछ सुसाइडल केस ऐसे आएं हैं,जिनमें लोगों की ट्रोलिंग के कारण जाने गईं हैं। पहले लोग ब्लॉग्स लिखा करते थे फिर ट्रेंड में आए ऐसे ब्लॉग्स जिसमें लोग चलचित्रों के माध्यम अपनी दैनिक दिनचर्या शेयर करते हैं।




अंजलि ओझा
शिक्षिका, प्रतापगढ़

पब्लिक सिटी और कमाई बढ़ाने के लिए लोग अपना बेडरूम तक शेयर करने से नहीं हिचक रहे। एक व्यक्ति से शुरू हुआ ब्लॉगिंग सिस्टम पूरे रिश्तेदारों नातेदारों तक हावी हो चुका है। लोग हगने-मूतने तक को ऑन कैमरा कर रहे हैं। परिवार की हर बात ऑन कैमरा शो की जा रही है,जिन प्रपंचों से बचने के लिए लोगों ने मोबाइल हाथ में लिया, पास-पड़ोस बैठना-उठना बंद किया,फेसबुक यूट्यूब ब्लॉग्स में वही घर के प्रपंच लड़ाई-झगड़े, साजिशें दिखाई जाती हैं। पचास-पचास साल के लोग हीरो-हीरोइन बने घूम रहे हैं,रोमांस कर रहे हैं। पहले कहा जाता था कि व्यक्ति को तीन चीजें धन, भोजन और स्त्री छिपाकर रखनी चाहिए,लेकिन आज लोग इन्हीं तीनों का भरपूर प्रदर्शन कर रहे हैं और धन कमा रहे हैं। पहले जिन चीजों को घर की मान मर्यादा से जोड़कर देखा जाता था। बदलते वक्त के साथ वो सब बेमानी हो चुके हैं। अब लोगों को अपनी बहू-बेटियों की देह दिखाने से भी परहेज नहीं है,न महिलाएं को कोई लाज शर्म रह गई है।

इन सबका निगेटिव असर घर परिवार समाज को तोड़ रहा है,निजता नष्ट कर रहा है,परिवार के लिए तमाम संकट तैयार कर रहा है, भावनाओं की आहत कर रहा है,मर्यादाएं भंग कर रहा है और दिक्कत यह है कि इन्हीं ट्रेंड्स को नए नॉर्म्स के रूप में प्रतिष्ठित किया जा रहा है। मतलब हमारा समाज नंगेपन और भौंडेपन को आसानी से स्वीकार कर रहा है और उसी दिशा में भाग रहा है।

# बड़ी चीज है जिजीविषा

संसार में हर चीज़ का अंत है। प्रतिभा अपना उत्कृष्ट देकर एक दिन चुक जाती है,किंतु मन है कि किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं होता। प्रतिभाशाली से प्रतिभाशाली लेखक एक बिंदु पर आकर खाली हो जाता है। तब वह अपने को दोहराने लगता है या अतिसाधारण, कूड़ा करकट तक लिखने लगता है। दीर्घजीवी रचनाकारों के साथ यह अक्सर होता है। भाग्यशाली हैं वे जो अपना सर्वोत्कृष्ट देकर विदा हो जाते हैं या शिखर पर पहुंचकर शांत हो जाते हैं। महान अमेरिकी लेखिका मार्गरेट मिशेल ने एक ही उपन्यास, 'गॉन विद द विंड' (1936) लिखकर लेखन से विराम ले लिया और उनकी कृति आधुनिक पूंजीवादी अमेरिका के निर्माण की गाथा के रूप में कालातीत क्लासिक बन गई।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

एंतोन चेखव अपने लेखन के सर्वाधिक उर्वर दौर में, 44 वर्ष की अल्पायु में, हमसे विदा हो गए। तब तक उनकी सारी विश्वविख्यात कहानियां और नाटक प्रकाशित हो चुके थे। उनका रोमांचक यात्रा संस्मरण 'सखालिन द्वीप की यात्रा' भी। दूधनाथ सिंह की 'लौट आओ धार' सुमित्रानंदन पंत की पहले जैसी उम्दा कविताएं न लिख पाने की छटपटाहट का जीवंत खाका खींचती हैं। एक के बाद एक वक्ता द्वारा उनके चुक जाने को स्पष्टता से इंगित करने के बावजूद वे अपने कवि के अवसान को स्वीकार नहीं कर पाते। दूधनाथ सिंह ने पंत की बेचारगी का जो आत्मीय आख्यान रचा है,दिल को छू जाता है। (मुझे तो सांप्रदायिकता की शल्य चिकित्सा के तानेबाने को उकेरने का दावा करने वाले दूधनाथ सिंह के बहुचर्चित,विशालकाय किंतु प्रायोजित से लगते उपन्यास 'आखिरी कलाम' से बेहतर लगती है इलाहाबादी साहित्यकारों के संस्मरण पर उनकी यह छोटी सी पुस्तक 'लौट आओ धार'।)

सृजनात्मक प्रतिभा के चुक जाने के बावजूद रचनाकार की आत्ममुग्धता जाती नहीं। जिंदगी भर यही करता रहा,कभी ऐसा कुछ बन गया कि प्रतिष्ठित हो गया। अब वैसा नहीं बन पा रहा है तो क्या करे? आराम से घर बैठो भाई। नहीं, यह कैसे हो सकता है! होता क्या है कि वह लिखता चला जाता है। आत्ममुग्धता में अपने अतिसाधारण को भी उच्च कोटि का समझ लेता है। किसी भी सूरत में यह मानने को तैयार नहीं होता कि उसका वक्त गुजर गया-अब वह चुक गया है। जिजीविषा बड़ी चीज़ है भाई!

# अज्ञानरूपी धृतराष्ट्र और संयमरूपी संजय



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

> मानव सृष्टि के आदि में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से नि:सृत अविनाशी योग अर्थात् श्रीमद्भगवद्गीता, जिसकी विस्तृत व्याख्या वेद और उपनिषद हैं।

श्रीकृष्णकालीन महर्षि वेदव्यास से पूर्व कोई भी शास्त्र पुस्तक के रूप में उपलब्ध नहीं था। श्रुतज्ञान की इस परंपरा को तोड़ते हुए उन्होंने चार वेद, ब्रह्मसूत्र, महाभारत, भागवत एवं गीता जैसे ग्रंथों में पूर्वसंचित भौतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञानराशि को संकलित कर अंत में स्वयं ही निर्णय दिया "गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः। या स्वंय पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता"।। (महाभारत भीष्मपर्व 43.1) अर्थात् गीता भली प्रकार मनन करके ह्रदय में धारण करने योग्य है, जो पद्मनाभ के श्रीमुख से निःसृत वाणी है। फिर अन्य शास्त्रों के संग्रह की क्या आवश्यकता?

मानव सृष्टि के आदि में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निःसृत अविनाशी योग अर्थात् श्रीमद्भगवद्गीता, जिसकी विस्तृत व्याख्या वेद और उपनिषद हैं। विस्मृति आ जाने पर उसी आदिशास्त्र को भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के प्रति पुनः प्रकशित किया। गीता का सारांश इस श्लोक से प्रकट होता है "एकं शास्त्रं देवकीपुत्र गीतम्। एको देवो देवकीपुत्र एव"।। (गीता माहात्म्य) अर्थात् एक ही शास्त्र है, जो देवकीपुत्र भगवान ने श्रीमुख से गायन किया, जिसका नाम है-गीता, एक ही प्राप्त करने योग्य देव हैं-देवकीनंदन भगवान श्रीकृष्ण, उस गायन में जो सत्य बताया गया है वो है-आत्मा। सिवाय आत्मा के कुछ भी शाश्वत नहीं है। यद्यपि विश्व में सर्वत्र गीता का समादर है। फिर भी यह किसी मजहब या संप्रदाय का साहित्य नहीं बन सकी, क्योंकि संप्रदाय किसी न किसी रूढ़ि से जकड़े हैं।

पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास समाप्त होने पर जब प्रतिज्ञा के अनुसार अपना आधा राज्य मांगा, तब दुर्योधन ने आधा राज्य तो क्या सुई की नोक जितनी जमीन भी बिना युद्ध के देनी स्वीकार नहीं की। अतः पांडवों ने माता कुंती की आज्ञा के अनुसार युद्ध करना स्वीकार कर लिया। निश्चित समय के अनुसार कुरुक्षेत्र में युद्ध आरंभ हुआ दस दिन तक संजय युद्ध स्थल में ही रहे। जब पितामह भीष्म बाणों के द्वारा रथ से गिरा दिए गए। तब संजय ने हस्तिनापुर में (जहां धृतराष्ट्र विराजमान थे) आकर धृतराष्ट्र को यह समाचार सुनाया। इस समाचार को सुनकर धृतराष्ट्र को बड़ा दुख हुआ और वे विलाप करने लगे। फिर उन्होंने संजय से युद्ध का सारा वृतांत सुनाने के लिए कहा। भीष्मपर्व के चौबीसवें अध्याय तक संजय ने युद्ध संबंधी बातें धृतराष्ट को सुनाईं। पच्चीसवें अध्याय के आरंभ में धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि "हे संजय धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र में एकत्र युद्ध की इच्छा वाले मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया"? अज्ञान रूपी धृतराष्ट्र और संयमरूपी संजय। अज्ञान मन के अंतराल में रहता है। अज्ञान से आवृत्त मन धृतराष्ट्र जन्मांध हैं, किंतु संयमरूपी संजय के माध्यम से वह देखता है, सुनता है और समझता है कि परमात्मा ही सत्य है। फिर भी जब तक इससे उत्पन्न मोहरूपी दुर्योधन जीवित है, इसकी दृष्टि सदैव कौरवों पर रहती है या यूं कहें कि विकारों पर रहती है। शरीर एक क्षेत्र है। जब ह्दय देश में दैवी संपत्ति का बाहुल्य होता है तो यह शरीर धर्मक्षेत्र बन जाता है और जब इसमें आसुरी संपत्ति का बाहुल्य होता है तो यह शरीर कुरुक्षेत्र बन जाता है। 'कुरु' अर्थातं 'करो'। यह शब्द आदेशात्मक है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि प्रकृति से उत्पन्न तीनों गुणों द्वारा परवश होकर मनुष्य कर्म करता है। वह क्षण मात्र भी कर्म किए बिना नहीं रह सकता। गुण उससे करा लेते हैं। सो जाने पर भी कर्म बंद नहीं होता। वह भी स्वस्थ शरीर की आवश्यक खुराक मात्र है। तीनों गुण मनुष्य को देवता से कीटपर्यंत शरीरों में ही बांधते हैं। जब तक प्रकृति और प्रकृति से उत्पन्न गुण जीवित हैं, तब तक 'कुरु' लगा रहेगा। अतः जन्म-मृत्यु वाला क्षेत्र, विकारों वाला क्षेत्र 'कुरुक्षेत्र' है और परधर्म परमात्मा में प्रवेश दिलाने वाली पुण्यमयी (पांडवों) प्रवृत्तियों का क्षेत्र 'धर्मक्षेत्र' है। पुरातत्वविद् पंजाब में काशी-प्रयाग के मध्य तथा अनेकानेक स्थलों पर कुरुक्षेत्र की शोध में लगे हैं। विश्वयुद्धों से इतिहास भरा पड़ा है, किंतु उनमें जीतने वालों को भी शाश्वत विजय नहीं मिलती। ये तो आपसी बदले हैं। प्रकृति का सर्वथा शमन करके प्रकृति से परे की सत्ता का दिग्दर्शन करना और उसमें प्रवेश पाना ही वास्तविक विजय है। यही एक ऐसी विजय है,जिसके पीछे हार नहीं है। यही मुक्ति है, जिसके पीछे जन्म मृत्यु का बंधन नहीं है। इस प्रकार अज्ञान से आच्छादित प्रत्येक मन संयम के द्वारा जानता है कि क्षेत्र क्षेत्रज्ञ के युद्ध में क्या हुआ? अब जैसा जिसके संयम का उठान है वैसे-वैसे उसे दृष्टि आती जाएगी।

# सामूहिक दायित्व से नीट एंड क्लीन होंगी परीक्षाएं

मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों की विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश हेतु,जो परीक्षाएं अयोजित की जाती हैं, उनमें व्याप्त भ्रष्टाचार से ही उत्पन्न होती हैं प्रवेश माफिया की गतिविधियां। इनकी रोकथाम के लिए बिल्कुल धरातल से विचार करना होगा। आज की परिस्थिति के अनुसार प्रवेश परीक्षा में अच्छे अंक (90-100) लाए बिना आपको किसी अच्छे राजकीय संस्थान में प्रवेश मिलना लगभग असंभव है। इसी कारण अभिभावकों का अपने बच्चे पर अनावश्यक दबाव होता है और उनके मन में धारणा बन जाती है कि इंटर की बोर्ड में चाहें जैसे अंक आए, वो 11 वीं-12 वीं की पढ़ाई छोड़कर विभिन्न कोचिंग संस्थानों के जाल में फंस जाते हैं। कुछ तो 9 वीं कक्षा से ही कोचिंग संस्थानों की तरफ मुड़ जाते हैं और यहां से शुरू होता है विद्यार्थियों का भटकाव व संस्थानों का खुला भृष्टाचार।



कमलेश कुमार मित्तल
बरेली

चूंकि उनका लक्ष्य प्रवेश परीक्षा में कामयाब होना है तो स्कूल की पढ़ाई व वहां के वातावरण को तिलांजली दे देते हैं व सिर्फ नाममात्र के लिए स्कूल में प्रवेश लेते हैं और परीक्षा देने के लिए उपस्थित होते हैं। भारतीय समाज में लोअर मिडिल और मिडिल क्लास की मजबूरी है कि अच्छे अंक प्राप्त किए बिना जीवन में और कोई विकल्प नहीं है। इतने पैसे भी नहीं कि किसी प्राइवेट स्कूल में प्रवेश ले सकें,अतः सिर्फ एक ही विकल्प रह जाता है, राजकीय संस्थान, जिसमें सीटें कम विद्यार्थी कहीं ज्यादा, इसलिए कंपटीशन होना तो स्वभाविक है ही।

कई सालों के प्रयास से भी जब सफलता नहीं मिलती है तो व्यापार ही विकल्प बचता है, परंतु व्यापार में धन एवं अनुभव की कमी उन्हें इसकी इजाजत नहीं देती। अतः निराशा और अवसाद के कारण वो अपना जीवन ही दांव पर लगा देते हैं और अनुचित कार्य (आत्महत्या) कर बैठते हैं। अगर नीट को अपने नीट एंड क्लीन परीक्षा आयोजित करानी है तो पहली और अति महत्वपूर्ण शर्त ये रखनी होगी कि विद्यार्थी को 10 वीं के एवं 12 वीं के बोर्ड की परीक्षा की थ्योरी पेपर्स में मिनिमम 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। (प्रैक्टिकल के अंक जोड़े बिना) क्योंकि हम सब जानते है कि प्रैक्टिकल में अंक कैसे दिए जाते हैं। इन प्रयासों से ही कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगेगी तथा बच्चों पर अनावश्यक दबाव भी कम होगा। परीक्षा में हर वर्ष 24-25 लाख बच्चें बैठते हैं, वो संख्या भी घटकर आधी रह जाएगी। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था पर भी दबाव कम होगा। प्रवेश माफियाओं का भी बच्चों से संपर्क सूत्र टूट जाएगा। इस प्रकार नकल विहीन परीक्षा प्रणाली को स्थापित किया जा सकता है।

# लापरवाही की भेंट चढ़ा आरआरसी सेंटर, नहीं हुआ निर्माण

## बड़गांव में प्रधान व सचिव पर भ्रष्टाचार व अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के अंतर्गत बड़गांव में कचरा निस्तारण के लिए बन रहा रिसोर्स रिकबरी सेंटर ग्राम प्रधान व सचिव की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। 3 महीने से पिलर बनने के बाद निर्माण कार्य बाधित है। शनिवार को ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व सचिव पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार व अनियमितता का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज किया है।

बड़गांव में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण आद्या पाठक ने बताया कि कचरा निस्तारण के लिए बन रहा रिसोर्स रिकबरी सेंटर के निर्माण व मिट्टी कार्य का भुगतान ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा लिया गया है, लेकिन मौके पर न ही मिट्टी का कार्य हुआ और न ही आरआरसी का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही ग्राम सभा में विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत जिलाधिकारी से लेकर मुख्य विकास अधिकारी को सशपथ पत्र के साथ की गई है, लेकिन मौके पर अभी तक कोई अधिकारी जांच करने नहीं आया है। ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा इंटरलॉकिंग के नाम पर 1 लाख 70 हजार रुपये का फर्जी भुगतान, नल मरम्मत के नाम पर 1 लाख रुपये का फर्जी भुगतान, 18 नल रिबोर के नाम पर भुगतान जबकि जमीनी हकीकत में नहीं हुआ है। खड़ंजा मरम्मत के नाम पर 70 हजार रुपये का भुगतान जबकि खड़ंजे का मरम्मत नहीं कराया गया है। ग्रामीण ने बताया कि करीब 8 लाख के घोटाले की शिकायत की गई है। ग्रामीण ने बताया कि ग्राम प्रधान अनारा देवी को 90 प्रतिशत काम व भुगतान होने की जानकारी ही नही रहती हैं। उनके बेटे प्रवीन व गांव के कुछ सदस्यों द्वारा सचिव से मिलीभगत कर पैसा निकाल लिया जाता है और काम नहीं होता है। सब मिलकर पैसे की बंदरबांट कर लेते हैं। मामले की डीएम और सीडीओ के पास शपथ पत्र के साथ शिकायत की गई थी, जबकि सीडीओ साहब ने टीम गठित कर जांच करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन 1 महीना हो गया, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

बड़गांव चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण व दुकानदारों ने बताया कि चौराहे पर हफ्ते में दो दिन बाजार लगता है। आसपास के सभी नल खराब हैं। दूषित पानी दे रहे हैं। ग्राम प्रधान से काफी दिनों से नल रिबोर कराए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन कोई सुनने वाला नही है। जिसको लेकर भी ग्रामीणों व दुकानदारों ने आक्रोश व्यक्त किया है। और नल रिबोर कराकर पानी की समस्या को दूर करने की मांग की गई है।


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### क्या बोले डीपीआरओ

जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। ग्रामीणों के आरोपों की जांच कराई जाएगी। बिना निर्माण कार्य हुए अगर भुगतान लिया गया है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# आठ पंचायत अधिकारियों के बदले गए ब्लॉक

शुकुल बाजार, अमेठी

▸▸ सीडीओ के निर्देश पर डीपीआरओ ने किया कार्यक्षेत्र में बदलाव, 3 वर्षों से एक ही स्थान पर डटे थे

**अमृत विचार।** अमेठी में आठ ग्राम पंचायत अधिकारियों के ब्लॉक बदले गए हैं। सभी तीन वर्षों से अधिक समय से एक जगह पर तैनात थे।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देश पर डीपीआरओ ने विभाग की एक तबादला लिस्ट जारी की है। इसमें 8 ग्राम पंचायत अधिकारियों का एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में तबादला कर दिया गया है। जामो ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अरुणेश कुमार को शाहगढ़ में स्थानांतरित किया गया है। सिंहपुर में तैनात जीनत फातिमा व रितिका को तिलोई, शाहगढ़ में तैनात लाल बहादुर को जगदीशपुर, ओम प्रकाश को जगदीशपुर से शाहगढ़, गुंजन गुप्ता को शुकुल बाजार से सिंहपुर, वंदना वर्मा को सिंहपुर से शुकुल बाजार तथा अमित रावत को शाहगढ़ से जामो भेजा गया है। डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी ने सभी को नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने को कहा है।

## एक नजर

### रविवार को भी खुलेगा कार्यालय, निर्देश जारी

**अमेठी, अमृत विचार।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को शासकीय हित में राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति, बकाया वसूली हेतु सामान्य कार्य दिवसों की भांति सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय खुला रहेगा, परंतु लाइसेंस से संबंधित कार्य नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कार्यालय के समस्त कर्मचारियों को 30 जून रविवार को ससमय कार्यालय में उपस्थित होकर वाहन स्वामियों से मोबाइल नंबर पर संपर्क कर बकाया कर जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

### बैंक के सामने खड़ी बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

**अमेठी, अमृत विचार।** चौकी रामगंज क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा रामगंज के सामने खड़ी बाइक चोरी करने का एक सीसीटीवी फुटेज वीडियो वायरल हो रहा है। बीते सोमवार को प्रतापगढ़ जिले के कंधई थाना क्षेत्र के साल्हीपुर गांव निवासी राजेंद्र कुमार यादव बैंक के सामने अपनी हीरो स्प्लेंडर यूपी 72 एसी 4149 मोटरसाइकिल खड़ी कर बैंक में गए हुए थे। मौका देखकर चोर बाइक लेकर फरार हो गए।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोप

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले में पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपनी 15 वर्षीय पुत्री के साथ गांव के ही एक युवक पर धमकी देने व अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

# प्रधान के भाई की पीटकर हत्या

संवाददाता, अमेठी

▸▸ आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

**अमृत विचार।** मामूली विवाद के बाद 45 वर्षीय युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। मामला अमेठी थाना क्षेत्र के परसावां गांव का है। जहां के रहने वाले अजय सिंह की उनके दोस्त ने विवाद में पीट-पीट कर घायल कर दिया। अजय सिंह के एक अन्य साथी ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं पूरे मामले पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने घटना के जांच के आदेश दिए हैं और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

जानकारी के मुताबिक, अजय सिंह, सौरभ और मोनू बैठकर पार्टी कर रहे थे, फिर अचानक किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद अजय सिंह पर हमला बोल दिया। इसी हमले में अजय सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं घायल अवस्था में अजय सिंह को उनके दोस्त सौरभ ने अमेठी सीएचसी पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मारपीट के बाद हुई हत्या की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं। जल्दी उसकी गिरफ्तारी की जाएगी अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## दो पक्षों में मारपीट, एक की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** दो पक्षों में मारपीट के दौरान तीन लोग घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर कार्रवाई में जुटी।

पूरा मामला थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक का है, जहां अलीनगर गांव निवासी राम चरन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती शाम मेरे चाचा व उनके पुत्र तथा बहू ने मिलकर अचानक मेरे मुझे व मेरे परिजनों को मारने पीटने लगे। हल्ला सुनकर आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया तो हम लोगों की जान बची। इसी दौरान विपक्षियों ने मेरे पिता को उठाकर पटक दिया, जिससे तीन लोग घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मेरे पिता रामनेवाज को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनो से पूछताछ करने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर छानबीन जारी है।

# चोरों ने असलहा लेकर ग्रामीण को दौड़ाया, भैंस लेकर हुए फरार

संवाददाता, अमेठी

▸▸ शुक्रवार रात्रि अलग-अलग गांवों से दो भैंसें हुईं चोरी

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात्रि में बदमाशों ने तमंचे के बल एक भैंस लोडर में लाद लीं। भैंस मालिक के विरोध करने पर बदमाश ने कट्टे से जान से मारने की धमकी देते हुए ग्रामीण को दौड़ा लिया और पिकअप में भैंस लादकर फरार हो गए। वहीं दूसरे गाव में भी पिकअप पर चोर एक भैंस लादकर गायब हो गए। दोनों पीड़ितों ने थाने में भैंस चोरी की तहरीर दी है।

संग्रामपूर थाना क्षेत्र के अमेठी-संग्रामपुर मार्ग के शीतला बख़्श का पुरवा कटरा निवासी बाल कृष्ण ने बताया कि बीती रात अज्ञात बदमाश तमंचे के बल पर उसकी भैंस चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार वह घर पर सो रहे थे। उसके पास ही भैंस बंधी हुई थी। रात करीब बारह बजे पीड़ित को भैस के पिकअप पर लादने की आवाज सुनाई दी। उसने चारपाई से उठकर देखा तो कुछ बदमाश उसकी भैंस को पिकअप पर लाद रहे थे। पीड़ित ने विरोध करते हुए जब शोर मचाया तो एक बदमाश गालियां देते हुए गोली मारने की धमकी देते दौड़ा लिया। पीड़ित डर कर घर की तरफ भागा, तब तक बदमाश लोडर में भैंस लादकर फरार हो गए। शोर मचाने पर मेरे अन्य परिवारीजन आए और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने तक बदमाश भैंस लेकर अमेठी की तरफ फरार हो गए थे। पीड़ित ने शनिवार को थाने में तहरीर दी है।

वहीं दूसरी घटना शुक्रवार रात्रि करीब एक बजे की है। शंकरपुर कुटिवा-पूरे हरिवंश गांव में बबलू मिश्र की भी भैंस चोर खोल कर पिकअप से लाद कर ले जा रहे थे। जब तक ग्रामीणों को जानकारी हुई तब तक चोर भैंस लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में शिकायत की है। अमेठी सीओ लल्लन सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## दहेज हत्या के दोषी पति को मिली 10 साल की सजा

**उन्नाव, अमृत विचार।** दहेज के लिए हुई विवाहिता की हत्या मामले में शनिवार को कोर्ट ने अपना निर्णय सुनाते हुए पति को दोषी ठहराया। कोर्ट ने 10 साल की सजा के साथ पति पर 35 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है।

बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के नौहाई बुजुर्ग गांव निवासी दिनेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन रानी की शादी सीएसएच आवागोझा गांव निवासी कौशल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल में उसे दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था।

# कमरे में पंखे से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शनिवार की सुबह बंद कमरे के अंदर महिला का फंदे पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची संग्रामपुर पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के दौरान घर में सिर्फ बुजुर्ग सास ससुर ही मौजूद थे, जबकि पति बाहर नौकरी करता था।

मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के गोठवा भवानीपुर गांव का है। जहां शनिवार की सुबह घर के अंदर बंद कमरे में 30 वर्षीय पूनम वर्मा का शव पंखे से साड़ी के सहारे लटका मिला। मृतका की सास जब बहू को बुलाने के लिए कमरे की तरफ गई तो कमरे का दरवाजा अंदर से बन्द था। जिसके पास बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची संग्रामपुर पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में कमरे को तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो पूनम का पंखे से साड़ी के सहारे लटका शव मिला। शव को देखते ही परिजनों में हड़कम्प मच गया। इसके बाद मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरते हुए कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष की तरफ से किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया। मृतका का पति तुलसीराम वर्मा बाहर कहीं नौकरी करता है। घटना के दौरान घर में सिर्फ पूनम और उसके बुजुर्ग सास ससुर ही मौजूद थे। घटना को लेकर अमेठी सीओ लल्लन सिंह ने कहा कि परिवारजनों मौजूदगी में पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### फंदे से लटकता मिला युवती का शव

शुकुल बाजार, अमेठी। अमृत विचार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे शुक्लन गांव की रहने वाली रेशमा (18) का बीती रात फंदे से लटकता मिला शव देख कर परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे शुक्लन गांव निवासी रेशमा उम्र 18 वर्ष पुत्री पप्पू पासी जिसकी संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकता मिला शव जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष तनुज पाल ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आसमान छू रहे सब्जियों के दाम

शुकुल बाजार, अमेठी

▸▸ बढ़ते दामों से लोगों में दिख रही नाराजगी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बाद सब्जियों और किराना के सामानों में काफी बढ़ोतरी हुई है जिससे लोग परेशान हैं। बीते चार महीना में हरी सब्जियों के साथ तेल तिलहन से लेकर दाल चावल चीनी आदि रसोई में उपयोग होने वाले सामानों के दामों में काफी बढ़ोतरी हुई है। तो वहीं खास कर महिलाओं में नाराजगी देखी जा रही है। महिलाओं का कहना है कि बीते चार महीना में तेजी से महंगाई बढ़ी है। उन्होंने बताया कि पूरा परिवार मेहनत मजदूरी कर कमा रहा है उसके बाद भी घर का खर्च नहीं चल पा रहा है। कोटे की राशन की दुकान से गेहूं और चावल तो फ्री में मिल रहा है।


बाजार में सजीं सब्जियां। अमृत विचार

चुनाव के बाद महंगाई का असर हमेशा देखने को मिलता है जानकारों की माने तो कुछ किसानों द्वारा सब्जियों को कोल्ड स्टोरेज में रख दिया है, जिससे सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। सब्जियों का राजा आलू इन दिनों बाजार में 30 रुपये किलो, टमाटर 60, भिंडी 50, प्याज 40, तरोई 30, गोभी 50, हरी मिर्च 120, शिमला मिर्च 120 ह धनिया डेढ़ सौ रुपये किलो बिक रही है।

सरकार फ्री में दे रही गेहूं और चावल की भरपाई सरकार सब्जियों से वसूल कर रही है। सब्जी विक्रेता ने बताया कि भीषण गर्मी से किसानों की फसलें झुलस गई हैं और पैदावार में कमी होने के कारण हरी सब्जियों को बाहर से मंगवाया जा रहा है जिससे रसोई के बजट में बढ़ोतरी हो हुई है। किराना स्टोर के संचालकों में बताया कि चुनाव के बाद महंगाई का असर हमेशा देखने को मिलता है। ग्रामीणों का कहना था कि यह बढ़ोतरी चुनाव के बाद क्यों देखने को मिलती है।

# नोकदार हथियार से वृद्ध की हत्या

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

▸▸ खेत में ही झोपड़ी बनाकर रहता था वृद्ध, रात को हुई घटना

**अमृत विचार।** खेत पर झोपड़ी बनाकर रह रहे वृद्ध किसान की आधी रात को किसी नुकीले हथियार से हत्या कर हमलावर फरार हो गए। सुबह चाय नाश्ता लेकर गए बेटे को उसका शव चारपाई पर पड़ा मिला। इसकी खबर मिलते परिजन पहुंचे और शव देख कर बेहाल हो गए। एएसपी, सीओ सहित फील्ड यूनिट व फॉरेंसिक टीम ने गहनता से जांच की। दिवंगत किसान का बेटा और गांव की एक विवाहिता को उसकी ससुराल से ले गया था। दोनों फिलहाल लापता हैं। इसी को हत्या की वजह माना जा रहा है।

थाना क्षेत्र की ग्रामपंचायत जाजामऊ गैरएहतमाली के मजरा मन्ना नगर निवासी बुधई (70) गांव से लगभग दो किमी दूर अपने खेतो में फूस की झोपड़ी बना कर कई सालों से रहता था। वहीं वह दुधारू पशु भी पाल रखे थे। परिजन उसका खाना और नाश्ता खेत पर ही पहुंचाते थे।

शनिवार सुबह बेटा सुनील नाश्ता लेकर पहुंचा तो पिता को झोपड़ी के बाहर चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा देखा। उनके कान के उपर किसी नुकीली चीज से प्रहार किए जाने के निशान मौजूद थे। इसकी खबर पाकर लोगो की भीड़ जुट गई। सूचना पर एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, सीओ ऋषिकांत शुक्ला फोर्स सहित पहुंचे। फील्ड यूनिट व फॉरेंसिक टीम ने भी गहनता से जांच की। किसान के चार बेटे कमलेश, सुनील, अरविन्द, प्रेम कुमार व एक बेटी रिंकी है। कमलेश, सुनील व रिंकी की शादी हो चुकी है। उसका एक बेटा प्रेमकुमार आगरा में काम करता है। चर्चा है कि उसका गांव में ही एक युवती से प्रेम प्रसंग था। 21 अप्रैल को युवती की शादी हरदोई के मल्लावां क्षेत्र में हुई थी। बताते है कि युवती शादी के कुछ दिन बाद अपनी ससुराल से कहीं चली गई। वहीं प्रेम कुमार भी लापता है। इसी को लेकर युवती के पिता और दिवंगत किसान के परिवार में विवाद था। बेटों ने इसी खुन्नस में सुरेश पक्ष द्वारा पिता की हत्या करने की आशंका जताई है।

## सार-संक्षेप


मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**अमेठी, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में जनपद स्तर पर उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि व जिलाधिकारी निशा अनंत ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावियों को टैबलेट, प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल व चेक देकर सम्मानित किया है, जिसमें इंटरमीडिएट के छात्र गुलाब चौहान तथा विवेक पटेल को रुपए 1-1 लाख की धनराशि का चेक तथा इंटरमीडिएट के 9 छात्र- छात्राओं क्रमश: अंजली चौरसिया, जसवंत कुमार, श्रेया तिवारी, आकांक्षा मिश्रा, शुभम कुमार वर्मा, सुमित तिवारी, मोहम्मद अयान, हर्ष पांडे व श्रद्धा दुबे को रुपए 21-21 हजार का चेक तथा हाई स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं क्रमश: सौरभ सिंह, आराधना शुक्ला, अबू जैद, समीक्षा सिंह, सेजल, अंकित मौर्या, आदित्य चौरसिया, यशी सोनकर, प्राची सिंह, आस्था पांडे व सुभी को रुपए 21-21 हजार का चेक, प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल व टैबलेट देकर सम्मानित किया गया तथा उत्तीर्ण सभी मेधावियों को बधाई व शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया।


दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस पर व्यापारियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

### व्यापारी कल्याण दिवस पर कारोबारी सम्मानित

अमेठी, अमृत विचार। शनिवार को शासन के निर्देश के क्रम में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर संस्कृति विभाग एवं राज्य कर विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से व्यापारी कल्याण दिवस विकास भवन सभागार में मनाया गया, जिसमें अमेठी व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी, सम्मानित व्यापारी बंधु, निवेशक, राज्य कर विभाग, संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह द्वारा की गई तथा संचालन उपयुक्त राज्य कर अनुराग चौधरी द्वारा किया गया। 3 वर्षों में सर्वाधिक कर देने वाले दो बड़े व्यापारियों को सम्मानित किया गया, साथ ही जनपद के पांच बड़े निवेशकों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### विद्यालयों का किया निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारियों ने शनिवार को दस दस स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के नवीन नामांकन, उपस्थिति, एमडीएम और स्कूल परिसर में साफ सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी पूजा ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय अमेठी, प्राथमिक विद्यालय परसांवा, प्राथमिक विद्यालय रामनाथपुर, प्राथमिक विद्यालय अमेठी-द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर आदि विद्यालयों का निरीक्षण कर साफ़ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

**बदलाव** 1 जुलाई से होगा बदलाव, पुलिस कर्मियों को पढ़ाया जा रहा नया कानून

# खत्म होंगे पुराने कानून, 376 की जगह अब होगी धारा 63

केशव वाजपेई, शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** भारतीय दंड संहिता में दर्ज लगभग सभी प्रमुख धाराओं के संबंध में आम लोगों को जानकारी होगी। जैसे दुराचार के मामले में 376, हत्या के प्रयास में 307, हत्या करने पर 302, धोखाधड़ी पर 420 आदि-आदि लेकिन अब अंग्रेजों के बनाए इन कानूनों में बदलाव होने जा रहा है। एक जुलाई से अब सभी धाराओं में बदलाव हो जाएगा और अंग्रेजी सरकार के समय से चली आ रही भारतीय दंड संहिता, आईपीसी, भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता, सीआरपीसी, पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

इसके बदल भारतीय न्याय संहिता बीएनएस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस लागू हो जाएगी। इसे लेकर पुलिस विभाग अपने मातहतों को धाराओं का नया पाठ पढ़ा रहा है ताकि आपराधिक घटनाओं पर नई धारा के अनुसार कार्रवाई की जा सके। इसके लिये जिले स्तर पर पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग कराई जा रही है।

थानों से लेकर अदालतों में अभी तक अंग्रेजों द्वारा वर्ष 1860 में बनाए गए कानून आईपीसी को ढोया जा रहा था। इसी के तहत रिपोर्ट दर्ज होती थी व अदालतों में सुनवाई होती थी। किसी भी एफआईआर को देखे तो उसमें सबसे पहले भारतीय दंड संहिता 1860 ही लिखा होता था। एक जुलाई से इसकी जगह एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता लिखा मिलेगा। आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएं हैं। पुलिस लाइन में इसे लेकर प्रशिक्षण भी चल रहा है।

वहीं, अधिवक्ता भी नए कानून की किताबें पढ़ रहे हैं। हत्या के लिए अभी तक धारा 302 के तहत रिपोर्ट दर्ज होती थी, लेकिन एक जुलाई से धारा 103 के तहत रिपोर्ट दर्ज होगी। दुष्कर्म की धारा 376 की जगह मामला अब धारा 63 में दर्ज होगा। छेड़खानी की धारा 354 अब मानहानि की धारा होगी। पहले मानहानि की धारा 499 हुआ करती थी। इसी तरह डकैती की धारा 395 की जगह 310 (2) होगी।

हत्या के प्रयास में अभी तक धारा 307 लगती थी, लेकिन अब 109 के तहत रिपोर्ट दर्ज होगी। धोखाधड़ी के मामले धारा 420 की जगह 316 में लिखे जाएंगे। इसी तरह से सभी अपराध की धाराएं परिवर्तित कर दी गई हैं। अब पुलिस कर्मी इसे पढ़ रहे हैं। नए कानून के तहत सात साल से ज्यादा सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक रिपोर्ट अनिवार्य होगी। इसके साथ ही अभी तक आरोपियों के हाथों में हथकड़ी लगाने का प्रावधान नहीं था। अब सात साल से ज्यादा सजा के मामले में पुलिस हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकेगी।

### अधिवक्ताओं को भी पढ़ना होगा कानूनी पाठ

जिले में करीब 21 सौ से अधिक अधिवक्ता हैं। एक जुलाई से नया कानून लागू होने पर अधिवक्ताओं को भी तमाम कठिनाइयों को सामना करना पड़ेगा। अधिवक्ताओं के सामने दिक्कत यह है कि पुराने मुकदमों की सुनवाई पुरानी धाराओं के तहत होगी। सजा का भी प्रावधान पहले वाला होगा। ऐसे में अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा बढ़ेगी। अधिवक्ताओं को नए कानून के तहत जानकारी लेनी होगी।

### बोले क्षेत्राधिकारी...

पुलिस अधिकरियों, इंस्पेक्टरों और सब-इंस्पेक्टरों की कई ट्रेनिंग जिले स्तर पर हो चुकी हैं। इसके अलावा अभी भी आगे की कई ट्रेनिंग होनी हैं। कई राउंड की ट्रेनिंग ऑनलाइन भी करवाई गई हैं। इसके अलावा पीटीसी सुल्तानपुर में भी पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग के लिये भेजा जा रहा है।

# सड़क किनारे खड्ड में कार पलटी महिला समेत तीन लोगों की मौत

## बाइक सवार दंपति को बचाने में वाराणसी- लखनऊ हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा

संवाददाता, प्रतापगढ़



सड़क किनारे खड्ड में पलटी कार। अमृत विचार



हादसे के बाद जुटे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नगर गांव स्थित पावर हाउस के पास शनिवार शाम सामने बाइक सवार दम्पत्ति को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित कार विद्युत पोल से टकराकर खड्ड में पलट गई। कार में सवार तीन लोगों में दो की मौत हो गई, हादसे में बाइक पर बैठी महिला की भी मौत हो गई। उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने घायल व मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नगर स्थित पावर हाउस के करीब वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर बिहार प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के ग्राम मारीपुर थाना मनिहारी निवासी मुकेश झा के साथ उनके गांव का विशाल कुमार एक कार से काशी व अयोध्या दर्शन को निकले हुए थे। कार इसी जनपद का ग्राम छपरा मेहा थाना भुसहरी निवासी 40 वर्षीय राजन कुमार राय चला रहा था। शनिवार को यह लोग अयोध्या से दर्शन कर दोपहर बाद वापस घर की ओर जा रहे थे। कर शाम को जैसे ही ढकवा नगर पंचायत के नगर विद्युत उपकेंद्र के पास पहुंची तो बाइक सवार दम्पत्ति को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई। आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मारते हुए विद्युत पोल से टकराकर गड्ढे में जाकर पलट गई। इस दौरान बाइक पर पीछे बैठी महिला 50 वर्षीय सुदामा देवी की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका पति 53 वर्षीय नरसिंह शर्मा निवासी ग्राम मनेथा थाना खेतासराय जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए बदलापुर ले जाया गया। कार पलटने के बाद उसमें बैठे तीनों लोग घायल हो गए। उधर से गुजर रहे व आसपास के लोग जुटे और कार के पास पहुंचकर तीनों घायलों को बाहर निकाला। इसमें ड्राइवर राजन कुमार की मौत हो गई थी। जबकि कार सवार विशाल की बदलापुर सीएचसी पर पहुंचने के दौरान मौत हो गई। दोनों घायलों के साथ बाइक चला रहे घायल नरसिंह को इलाज के लिए सीएचसी बदलापुर भेजा गया। कार सवार मृतकों के पते के अनुसार उनके घर सूचना भेज दी गई है। हादसे के बाद एसओ आसपुर देवसरा संतोष सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। मृतकों के घर वालों को सूचना भेज दी गई है।

# डॉक्टर के अस्पताल पहुंची जांच टीम, खंगाला डिटेल

संवाददाता, प्रयागराज

**नीट मामला**

**▸▸ दो घंटे की पूछताछ में कर्मचारियों से मिला सुराग**

**अमृत विचार:** पांच मई को हुई नीट की परीक्षा में नैनी के अक्षयवट हॉस्पिटल अस्पताल के संचालक डॉक्टर आरपी पांडे और उनके बेटे का नाम सामने आने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही है। परीक्षा में बेटे की जगह सॉल्वर को बैठाने के दौरान पकड़े जाने के बाद परत दर परत खुल रही है। शनिवार को एक बार फिर जांच करने के लिए कुछ लोग डॉक्टर आरपी पांडेय के पीडीए कालोनी स्थित अस्पताल पंहुचे। करीब दो घंटे तक टीम अस्पताल के कर्मचारियों से पूछताछ की। इसके अलावा डॉक्टर के बैंक डिटेल के बारे में जानकारी ली। अस्पताल के एक कर्मचारी ने बताया कि करीब दो घंटे तक टीम के सदस्य अस्पताल में थे। इसके बाद वह चले गए।

बता दें कि दिल्ली में नीट की तैयारी के दौरान डॉक्टर आरपी पांडे के बेटे ऋषभ पांडेय उर्फ़ राज पाण्डेय का संपर्क जोधपुर एम्स के एक डॉक्टर से हुआ था। जो डॉक्टर के बेटे की जगह पर साल्वर बनाकर बैठाया गया था। जिसे बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल मालीघाट में परीक्षा के दौरान जांच दल ने पकड़ लिया गया था। बताया जाता है कि उस दौरान वह मौका देखकर वहां से फरार हो गया था। एडमिट कार्ड पर नैनी के पते की तस्दीक करने कुछ दिन पहले बिहार पुलिस नैनी अस्पताल आई थी। डॉक्टर आरपी पांडे और उसका बेटा अभी फरार बताया जा रहा है। शनिवार को टीम के जाने के बाद आपताल के एक कर्मचारी ने कर्मी ने नाम न छपने की शर्त पर बताया कि अस्पताल और डॉक्टर आरपी पांडे सहित उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों के जानकारी के लिए टीम अस्पताल आई हुई थी। बताया जा रहा है कि इस हाई प्रोफाइल परीक्षा में साल्वर को डाक्टर के बेटे की जगह पर बैठाने के लिए लाखों रुपए का लेनदेन किया गया है। ऐसे में जांच एजेंसी पुख्ता सुबूत के रूप में रुपए के लेनदेन के संबंध में सुबूत इक्कठा करने के लिए यहां पहुंची थी।

## सार-संक्षेप

### उल्दा गांव के दर्जनों लोगों को नहीं मिल पा रही वृद्धावस्था पेंशन

**संवाददाता, कोरांव/ नैनी :** तीन वर्ष से लगातार प्रयास करने के बावजूद वृद्धावस्था पेंशन लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ग्राम प्रधान दिलीप सोनी ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी की लापरवाही के चलते आज तक बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन नहीं मिल पा रही है। इससे लोगों में आक्रोश है। लोगों और प्रधानों की माने तो करीब 3 वर्ष पूर्व पात्र लोगों की सूची शासन को भेजी जा चुकी है। खंड विकास अधिकारी से इस बाबत बात करने का प्रयास किया गया किंतु बात नही हो सकी। वहीं ग्राम विकास अधिकारी सत्येंद्र पांडे से बात की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उनकी इस लापरवाही क खामियाजा गांव के बुजुर्गों को उठाना पड़ रहा है। जबकि शासन की मंशा है कि बुजुर्गों को तत्काल वृद्धा पेंशन आवंटित किया जाए लेकिन विकासखंड कोराव द्वारा अनदेखी के चलते लोगों को वृद्धा पेंशन नहीं मिल पा रही है।

### युवक की फावड़ा मारकर हत्या से सनसनी

**संवाददाता, कोरांव, नैनी। अमृत विचार :** प्रयागराज के खीरी थाना क्षेत्र में घर के बाहर दरवाजे पर सोते समय युवक पर फावड़ा से बार कर दिया गया। चीख सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। लहूलुहान युवक को परिजन उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जोरा गांव निवासी रजनीश (30) पुत्र पारस नाथ बिन्द शुक्रवार रात अपने घर के बाहर दरवाजे पर सो गया था। शनिवार सुबह करीब चार बजे गांव का व्यक्ति फावड़ा लेकर वहां पहुंचा और सोते समय रजनीश की गर्दन पर प्रहार कर दिया। परिजन उसे लेकर एसआरएन अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### एसडीएम ने 14 लोगों को हिरासत में लेकर भेजा जेल

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने शुक्रवार की देर शाम पुलिस द्वारा भूमि के मामले में पुलिस द्वारा 14 लोगों को शांतिभंग के अंदेशा में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में हाजिर किया, जिस पर एसडीएम ने मामले को गंभीरता से सभी लोगों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। हलिया थाने के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार व ह्रदय शंकर मिश्र व दूसरे पक्ष से संतोष कुमार भारती व लालबहादुर व ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने देवहट गांव निवासी सोहन कुमार, कल्लन, राजेश कुमार, छोटेलाल व लालगंज थानाध्यक्ष संजय सिंह ने तेंदुआ कला गांव निवासी रोहित, धीरज कनौजिया, अंकित कुमार, अरविंद कुमार गुड्डू को भूमि विवाद के मामले में गिरफ्तार कर एसडीएम लालगंज के न्यायालय में हाजिर किया। एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले लोगों को सीधे जेल भेज दिया जायेगा।

### गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुत्री को घर से बिना बताए कहीं चली जाने पर गुमशुदगी का मुकदमा शनिवार को दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के अहुगी कलां गांव निवासी हाल मुकाम परसिया कलां निवासी हीरामणि ने शनिवार को हलिया थाने में तहरीर देकर बताया कि 19 वर्षीय पुत्री बीते 22 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई काफी खोजबीन किया कहीं पता नहीं चला। शनिवार को तहरीर देकर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह का कहना है कि पिता की तहरीर पर पुत्री को विना बताए कहीं जाने पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### खड़ी ट्रेलर को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

**संवाददाता, खेतासराय, जौनपुर। अमृत विचार :** अयोध्या-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्तिथ गुरैनी पेट्रोल पंप पर खड़ी ट्रेलर को शनिवार की तड़के तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा का कारण चालक को झपकी लगना बताई जाती है। आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज पुलिस मामले की तफ़्तीश में जुटी हुई है। बताया जाता है कि स्थानीय थाना क्षेत्र के गुरैनी पेट्रोल पम्प पर शुक्रवार की देर शाम एक ट्रेलर शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर खड़ी हुई थी। भोर में मिर्जापुर जनपद के मड़िहान थाना क्षेत्र के करछा गांव निवासी विजय कुमार (28 वर्ष) पुत्र कन्हैया लाल गोरखपुर में गिट्टी खाली कर वापस मिर्जापुर आ रहा था। इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि खड़ी ट्रेलर से ट्रक के टक्कर से ड्राइवर की मौत हुई है। शव का पीएम कराया जा रहा है।

### बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने 7 वर्ष पूर्व नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 60 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार वादी मुकदमा ने सिकरारा थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि 23 अप्रैल 2017 को उसके पड़ोस में रामायण का आयोजन हुआ था जिसको सुनने वह अपने पत्नी के साथ गया था। रात 11 बजे जब वह अपने घर पहुंचा तो उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं थी। वादी उसे खोजते हुए उदय राज मौर्य निवासी ताहिरपुर थाना सिकरारा के ट्यूबवेल पर पहुंचा तो देखा कि उदयराज उसकी 14 वर्षीया पुत्री के साथ दुष्कर्म करके भाग गया था। अदालत ने आरोपी उदय राज मौर्य को नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में दोषसिद्ध पाते हुए पॉक्सो ऐक्ट के अंतर्गत 20 वर्ष के सश्रम करावास एवं 60 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

### पानी भरे गड्ढे में गिरी बच्ची, मौत

**संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के पंचपेड़िया अर्जुन अतेरू निवासी रामसुमेर पटेल के घर के पास ही कुछ दिन पहले चकमार्ग बनवाया गया था। जेसीबी से खेत से मिट्टी निकालने के कारण वहां गड्ढा हो गया था। शनिवार सुबह रामसुमेर नहर के पानी से खेत की सिंचाई कर रहा था। इस दौरान खेत में बने गड्ढे में भी पानी भर गया। सुबह करीब आठ बजे रामसुमेर पटेल की तीन वर्षीय बेटी शालिनी खेलते हुए चकमार्ग किनारे चली गई। खेलने के दौरान शालिनी पानी भरे गड्ढे में गिरी तो निकल नहीं सकी और मौत हो गई। बेटी की मौत को लेकर पूरे परिवार में कोहराम मचा रहा।

# बोर्ड परीक्षा: प्रदेश में स्थान पाने वाले मेधावियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता, कोरांव, प्रयागराज।** 2024 की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में स्थान पाले वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शनिवार संगम सभागार सम्मानित किया गया। जिसमें गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव के टॉप 10 की सूची में स्थान पाकर इंटर के छात्र अभिनव ओझा पुत्र सुनील कुमार ओझा और हाई स्कूल के छात्र सौरभ मिश्र पुत्र विजय कृष्ण मिश्र एवं आकृति सिंह पुत्री जागेश्वर प्रसाद सिंह को राज्य सरकार से निर्धारित एक लाख रुपए का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले में 10वीं के कुल 13 और 12वीं के कुल 14 छात्र छात्राओं को शामिल किया गया। प्रदेश की मेरिट में स्थान बनाने वाले विद्यालय के तीनों छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के प्रबंधक राजा बहादुर राजा अजेय सिंह, प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रूद्र नारायण बाजपेई, प्रधानाचार्य साबिर अली, डॉ सन्त लाल मौर्य, विजय कृष्ण मिश्र, गोविन्द मिश्र और विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



गोपाल इंटर कालेज के तीन छात्रों को किया गया सम्मानित।

# डीएम ने बाढ़ की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता, मिर्जापुर



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

**▸▸ मॉडल बूथ की तरह ही मॉडल राहत शिविरों की करें स्थापना**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी बाढ़ की तैयारियों के दृष्टिगत बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ कंट्रोल रूम 8-8 घण्टे शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी जाए।

उन्होंने कहा कि यदि टेंडर आदि नही हुआ हो तो करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के पश्चात जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम्य विकास विभाग एवं नगर पालिका/पंचायत के द्वारा चूने का छिड़काव व आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित कराए ताकि संक्रामक बीमारियों से बचाया जा सकें। उन्होंने कहा के दौरान प्रभावित होने वाले खेतो का सर्वे उप जिलाधिकारी, उप निदेशक कृषि संयुक्त रूप से कर ले। उन्होने कहा कि तीन-तीन अच्छे स्थलों पर मानव व पशु सहायता शिविर की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावित गांवों के परिवारों की सूची के अनुसार पर्याप्त मात्रा में सामाग्री उपलब्ध होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बाढ़ चौकियों पर वारलेस की सुविधा अवश्य होनी चाहिए। उन्होने कहा कि ऐसे गांव जो बाढ़ के दौरान पूरी पानी घिर जाते है उनके लिये स्वास्थ्य विभाग के द्वारा डाक्टरों की टीम बना ली जाए ताकि वहां किसी प्रकार के उपचार की आवश्यता हो तो उन्हे मुहैया कराया जा सकें। स्वास्थ्य विभाग उप जिलाधिकारीगण को उपलब्ध कराते हुये इस आशय का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय गोताखोरों व नाविकों से सम्पर्क स्थापित किया जाए ताकि बाढ़ के दौरान रास्ते की जानकारी में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि राहत शरणालयों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम व तहसीलवार माइक्रो प्लान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित प्रत्येक विकास खण्डों में कम से कम एक-एक मॉडल शरणालय अवश्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मॉडल बूथ की तरह ही मॉडल राहत शिविरो की स्थापना की जाए। इसके साथ ही बाढ़ के दौरान हेलीपैड का भी निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से भी बेहतर राहत शिविर का निर्माण कराया जाए।

# चुनावी खुन्नस में दबंगों ने दंपति को मारी गोली, गंभीर

संवाददाता, प्रतापगढ़

**▸▸ घायल दंपति के बेटे की तहरीर पर दो नामजद सहित 14 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज**

**अमृत विचार :** चुनावी खुन्नस में दबंगो ने दम्पत्ति को गोली मार दी। बीच बचाव करने आये उनके बेटे पर भी फायर झोंका। उसे रॉड से मारकर घायल कर दिया। घायल दम्पत्ति को गम्भीर हालत में एसआरएन रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल दम्पत्ति के बेटे की तहरीर पर दो नामजद समेत 14 आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत धाराओं में केस दर्ज किया है। एसपी देर शाम मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिया।

मानधाता थाना क्षेत्र के हैंसी परजी (बीरापुर) में लोकसभा चुनाव की खुन्नस को लेकर बेटू मिश्र, सौरभ मिश्र पुत्रगण इन्द्रेश मिश्र ने 10-12 लोगों के साथ बाइक से असलहा लेकर गांव के 44 वर्षीय राजेश प्रताप सिंह पुत्र शारदा प्रसाद सिंह के घर धावा बोल दिया। जब तक वह कुछ समझ पाते आरोपियों ने राजेश के बाएं पैर के जांघ में गोली मार दी। बीच बचाव करने आये 18 वर्षीय रोहन सिंह पुत्र राजेश सिंह पर फायर झोंका, जिसमें वह बच गया तो लोहे की रॉड से हमला कर दिया। शोर सुनकर राजेश की 42 वर्षीय पत्नी गीता देवी आई तो उनके बाएं पैर के गांठ में गोली मार दी। पीड़ित ने डायल 112 से पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद एसओ मानधाता सुभाष यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानधाता भेजा गया। घायल दम्पति को वहां गम्भीर हालत में एसआरएन रेफर कर दिया गया। सूचना पर एडिशनल एसपी पूर्वी दुर्गेश सिंह, सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, एसओ कोतवाली देहात विनीत उपाध्याय भी पहुंच गए। एसपी डा.अनिल कुमार देर शाम मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिया। पुलिस ने रोहन की तहरीर पर बेटू मिश्र, सौरभ मिश्र समेत 14 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

> हमले की वजह चुनावी खुन्नस बताई जा रही है। तहरीर के आधार पर दो नामजद समेत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीमों का गठन किया गया है।
> 
> -दुर्गेश कुमार सिंह, एएसपी पूर्वी

# टीकाकरण में शिवगढ़ अव्वल मानधाता द्वितीय व गौरा तृतीय

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जनपद में टीकाकरण में लगी स्वास्थ्य विभाग की टीमों में सात ब्लॉक की टीमों ने बेहतर कार्य किया। प्रत्येक ब्लॉक से चार-चार कर्मचारियों एवं बेहतर कार्य करने वाली 46 एएनएम, आशा बहुओं को शनिवार को सीएमओ डॉ. जीएम शुक्ल ने अपने कार्यालय में प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों में पहला स्थान प्राप्त करने वाले शिवगढ़ ब्लॉक के बाद दूसरे नम्बर पर मानधाता ब्लॉक रहा। तीसरे नम्बर पर गौरा ब्लॉक रहा जबकि चौथे नम्बर पर पट्टी ब्लॉक रहा। पांचवा स्थान सांगीपुर ब्लॉक को, छठां कुंडा और सातंवा स्थान लक्ष्मणपुर का रहा है। इसी क्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण के कार्यक्रम के तहत चले अभियान में स्वास्थ्य सेवाओं को अनमोल एप पर आनलाइन करने में बेहतर कार्य करने वाली 46 एएनएम को सीएमओ ने शनिवार को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने बताया कि टीकाकरण में सबसे अच्छा योगदान मंजूलता, दूसरे पर अर्बन की वत्सला और तीसरे पर सुखपाल नगर की रामा सरोज रहीं। इस अवसर पर डीपीएम राजशेखर, प्रतिरक्षण अधिकारी डा. एएन राय, सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी महेश सिंह आदि रहे।

### डीएम ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पूरे केशवराय स्थित ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था एवं उसके रख-रखाव को लेकर निरीक्षण किया। उन्होने गोदामों में रखी बीयू/सीयू तथा वीवीपैट के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को मुस्तैदी से तैनात रहने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वर्षा के दौरान ईवीएम वेयरहाउस में कहीं से पानी का रिसाव न हो इसको देखवा लिया जाये।

# फर्नीचर कारोबारी को ट्रक ने कुचला, मौत

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज।

**▸▸ दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था नैनी**

**अमृत विचार:** दोस्त के साथ बाइक खरीदने जा रहे फर्नीचर कारोबारी को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोस्त से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना कर दी घटना शनिवार की दोपहर नैनी जिला जेल के सामने की है।

जानकारी के मुताबिक फाफामऊ के पाडिला महादेव इस्माईलगंज निवासी शाहिद पुत्र बच्चा बेहना इस्माइल गंज चौराहे पर फर्नीचर की दुकान चलाता था। शनिवार को वह अपने दोस्त राहुल के साथ नैनी बाइक खरीदने के लिए आया हुआ था। उसका दोस्त राहुल पुरानी गाड़ियों को खरीदने और बेचने का काम करता है। वह राहुल के साथ नैनी जिला जेल के पास पहुंचा था, तभी ई रिक्शा से उसकी बाइक में टक्कर लग गई। इस दौरान बगल से निकाल रही ट्रक ने उसे रौंद दिया और भागने लगा। हालांकि कुछ लोगों ने ट्रक चालक को दौड़ा कर पकड़ लिया। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने मृतक शाहिद के साथ रहे उसके दोस्त राहुल से पूछताछ कर उसके घर वालों को सूचना कर दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सम्मानित किये गए राज्य व जिला स्तरीय मेधावी

संवाददाता, प्रतापगढ़



जीआईसी में सम्मानित किये गए यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इण्टर के मेधावी विद्यार्थी।

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

**▸▸ सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर करें परिश्रम : विधायक सदर**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह लोकभवन लखनऊ में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा छात्र-छात्राओं को एक लाख रूपये का चेक, एक टेबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जीआईसी में किया गया।

जीआईसी में 05 राज्य स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा 1-1 लाख रूपये का डेमो चेक, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र,मेडल व चांदी का सिक्का प्रदान किया। जिला स्तरीय 18 मेधावियों को 21-21 हजार का डेमो चेक, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं चांदी का सिक्का प्रदान कर सम्मानित किया गया। लखनऊ में जनपद के 04 राज्य स्तरीय मेधावी हाईस्कूल के अभिषेक तिवारी,संध्या यादव, अर्पित तिवारी एवं इण्टर की रितू सिंह को मुख्यमंत्री द्वारा 1-1 लाख रूपये का चेक, एक टेबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन संतोष मिश्रा ने किया। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने बधाई देते हुए कहा कि यह सब आपके परिश्रम का फल है। आगे बढ़ने के लिये आप लक्ष्य निर्धारित करके कठोर परिश्रम करें और जीवन में सफल होगें। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि हम सबके जीवन में शिक्षा की बहुत अहमियत है, शिक्षा से ही हमें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का पता चलता है।जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि कठोर परिश्रम के माध्यम से सफलता हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर जीआईसी प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, डा. राकेश शुक्ल, राघवेन्द्र पाण्डेय, अनुपम ओझा,स्कन्द नारायण तिवारी, डा. मो.अनीस, नसरत अली, एआरपी धर्मेन्द्र ओझा, अशोक मौर्य, रंजन प्रताप सिंह, कौशल पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, तीर्थराज सिंह, बृजेश मिश्रा,रमेश सिंह,गयासुद्दीन, अशोक श्रीवास्तव, सुधीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पंचायत कोरांव-प्रयागराज

पत्रांक- मेमो/न0पं0कोरांव / 2024-25 दिनांक - 02/02/2024

**सार्वजनिक अधिसूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोरांव प्रतापगढ़ सीमान्तर्गत आने वाले प्रत्येक वाडों में किसी व्यक्ति, संस्था या व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा आपने परिसर में प्रतिदिन न्यूनतम 50 किलो ग्राम या इससे अधिक कूड़े का उत्सर्जन अथवा 5000 वर्ग मीटर से अधिक का परिसर है तो ऐसे व्यक्ति, संस्था या व्यावसायिक प्रतिष्ठान को बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में रखा जायेगा।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 में कचड़ा उत्सर्जन के कर्तव्य (Duties of Waste Generator) के विषयगत निर्देशों के अनुक्रम में प्राविधान (**दायित्व एवं कर्तव्य**) दिये गये है। जिसका अनुपालन प्रत्येक बल्क वेस्ट जनरेटरों को करना अनिवार्य होगा।

**बल्क वेस्ट जनरेटर के दायित्व एवं कर्तव्य निम्नवत है-**

1-परिसर से निकलने वाले गीले, सूखे एवं हानिकारक कूडे को अलग-अलग डस्टबिन में रखना सुनिष्चित करें।
2-गीले कूड़े का निस्तारण बायोगैस अथवा कम्पोस्ट पिट के माध्यम से कम्पोस्ट बनाकर सुनिष्चित करें।
3-सूखे कूड़े को नगर पंचायत अथवा किसी पंजीकृत संस्थान को ही निस्तारण हेतु देना सुनिश्चित करें।
4-परिसर से निकलने वाले फूल पत्ती (Horticulture and Garden waste) जैसे अपशिष्टों का निस्तारण परिसर के अन्दर कम्पोस्ट पिट बनाकर करना है अथवा स्थान न उपलब्ध होने पर नगर पंचायत अथवा नगर पंचायत से पंजीकृत संस्थान के माध्यम से ही निस्तारण करवाना सुनिश्चित करना होगा।
5-परिसर में निकलने वाले मलयों, मिट्टी (Construction & Demolition Waste) का निस्तारण Construction & Demolition Waste Management Rulè 2016 के अन्तर्गत कराना सुनिश्चित करना होगा, किसी भी दशा में परिसर के बाहर मलवों, मिट्टी फेकना प्रतिबंधित रहेगा। उचित निस्तारण हेतु नगर पंचायत अथवा नगर पंचायत से पंजीकृत संस्था द्वारा कराना अनिवार्य होगा।

आप समस्त सर्वसाधारण उपरोक्त से अवगत होते हुए दिये गये समस्त प्रावधानों का अनुपालन करना अनिवार्य है, प्रावधानों का अनुपालन नही करने वाले ऐसे व्यक्ति संस्थान या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में निहित नियमों के अन्तर्गत शुल्क/उपभोक्ता शुल्क / अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कोरांव-प्रयागराज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कोरांव-प्रयागराज**

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में मध्यम से घने बादल छाने एवं वर्षा होने की संभावना है।

| 31.0° | 24.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |



**मुसीबत** दर्शन मार्ग पर जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी। अमृत विचार




जलवानपुरा में लबालब पानी से घरों में कैद हुए लोग।



श्रीराम अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में भरा पानी।



गुलाबबाड़ी के पास भी धंस गई सड़क।



धारा रोड पर धंसी सड़क।

## एक नजर

### तीन एसडीएम के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या में तीन एसडीएम के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने रुदौली की एसडीएम अंशिका दीक्षित को अपर नगर मजिस्ट्रेट के पद पर भेजा है। वहीं प्रवीण यादव को एसडीएम रुदौली बनाया है। प्रवीण यादव ने अपना चार्ज तत्काल ग्रहण भी कर लिया है, जबकि सुधीर कुमार को एसडीएम न्यायिक सोहावल बनाया गया है।

### विषैले जंतु के काटने से बालक की मौत

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** थाना बाबा बाजार के पारा पहाड़पुर गांव में शनिवार को विषैले जीव के काटने से एक 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ग्राम पारा पहाड़पुर निवासी अनिल कुमार का 12 वर्षीय पुत्र शनिवार को आम की बाग गया था। अपरान्ह लगभग तीन बजे वह वह घर लौटा। थोड़ी देर बाद चारपाई से उठा और लड़खड़ाने लगा। यह देख उसकी मां ने परिवार के अन्य लोगों को बुलवाकर तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सर्प दंश से गंभीर महिला की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगंज अयोध्या। अमृत विचार :** भोर में झाड़ू लगाते समय महिला को सांप ने डस लिया। जहां अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना थाना हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनऊपुर मजरे दुबौलिया की शीला देवी पत्नी नरेंद्र दूबे घर के अंदर शनिवार की सुबह झाड़ू लगा रही थी। जहरीले सांप ने बाहर निकल कर महिला को दौड़ कर काट लिया। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन कमरे की तरफ दौड़े। महिला के बताने के बाद उसे इलाज के लिए परिवार वाले सीएचसी रमवाकलां ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

# रामपथ की बदहाली देखने सड़क पर उतरी नेताओं की फौज

## सांसद अवधेश प्रसाद ने गड्ढे कुरेद कर देखे, बोले- लोकसभा में उठाऊंगा मुद्दा

## उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी सभी दोषी किए जाएंगे चिह्नित

## रुदौली के भाजपा विधायक और महापौर ने भी लिया जायजा, अफसरों ने किया निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्री मानसून के दौरान ही रामपथ समेत अयोध्या के विभिन्न इलाकों की दुर्दशा पर शनिवार को नेताओं और अफसरों की फौज सड़क पर उतरी। सांसद अवधेश प्रसाद ने सहादतगंज से अयोध्या तक निरीक्षण के बाद विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। वहीं रुदौली विधायक रामचंद्र यादव और महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की बात कही। मंडलायुक्त गौरव दयाल समेत जिलाधिकारी नितिश कुमार ने भी प्रभावित इलाकों का जायजा लिया।

संसद के सत्र से लौटे सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने शनिवार देर शाम सहादतगंज से लेकर नयाघाट तक बने 13 किलोमीटर के रामपथ और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, रामजन्मभूमि दर्शन मार्ग आदि का निरीक्षण किया। सहादतगंज से गाड़ियों के काफिले के साथ चले सांसद ने रिकाबगंज में उतर कर गड्ढे कुरेद कुरेद कर देखे और फोटोग्राफी के साथ नमूने भी लिए। कई स्थानों पर उन्होंने लोगों से बातचीत भी की और जहां-जहां गड्ढे थे उनके नमूने भी भरवाए। अयोध्या में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने रामपथ और विभिन्न स्थानों पर जलभराव आदि को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह विकास के नाम पर महाभ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि रामपथ पर जगह-जगह गड्ढे बता रहे हैं विकास किस गुणवत्ता से किया गया है वह भी तब जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमाम उच्च अधिकारी नियमित निरीक्षण और समीक्षा के लिए यहां आते थे। उन्होंने कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि रामपथ ही नहीं रामजन्मभूमि दर्शन मार्ग, रेलवे स्टेशन मार्ग समेत जलवानपुरा की बेहद खराब स्थिति है। सपा सांसद ने कहा कि अब कमी छिपाने के लिए मरम्मत की जा रही है। उन्होंने कहा कि संसद में रहने के दौरान यहां की सूचनाएं मिल रही थीं, लेकिन मैंने सोंचा खुद देख कर देश की संसद में इसे उठाऊंगा। उन्होंने कहा कि जिस अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया था उसकी डेढ़ मीटर लंबी और आठ फिट ऊंची दीवार ढह गई। बताया कि दर्शन करने वालों को गंदे कीचड़ युक्त पानी से आना जाना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि अयोध्या के लोगों का जीवन विकास के नाम पर नर्क बना दिया गया है। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।



जलवानपुरा में जलभराव का जायजा लेते सपा सांसद। अमृत विचार



जलवानपुरा में निरीक्षण के दौरान महापौर गिरीशपति त्रिपाठी। अमृत विचार

### अब तक छह इंजीनियर हो चुके सस्पेंड

रामपथ पर सड़क धंसने के मामले में सरकार एक्शन में आ गई है। लोक निर्माण विभाग के बाद जल निगम के भी तीन अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। शनिवार देर शाम जल निगम के अधिशासी अभियंता आनंद कुमार दुबे, सहायक अभियंता राजेन्द्र यादव, जूनियर इंजीनियर मोहम्मद शाहिद को निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई लोक निर्माण विभाग के तीन अधिकारियों पर एक्शन लेने के बाद हुई। इससे पहले लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल, सहायक अभियंता अनुज देशवाल व जूनियर इंजीनियर प्रभात पांडेय को सस्पेंड कर दिया गया था।

### रामपथ पर सवाल राम का अपमान है : रामचंद्र

रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने निरीक्षण के बाद कहा कि रामपथ एक ऐसा पथ है जो आजादी के बाद से पहली बार बना है। इस पथ पर सरकार ने एक बड़ी रकम खर्च की। आज तक कोई भी सरकार ऐसा करने के लिए नहीं सोची। अगर विपक्ष रामपथ पर सवाल उठा रहा तो कहीं न कहीं राम और अयोध्यावासियों का अपमान है। सभी समस्याओं से निपटने को जिलाधिकारी से वार्ता हुई है। वहीं महापौर ने रामपथ स्थित श्रीराम चिकित्सालय का निरीक्षण किया।



कचहरी के पास रामपथ के निरीक्षण के दौरान रुदौली विधायक रामचंद्र यादव।

## मानसून की दस्तक ने उड़ा दी लोगों की नींद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में मानसून ने दस्तक देते ही लोगों की नींद उड़ा दी। 80 एमएम की बारिश के बाद शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। जलभराव की समस्या फिर एक बार सामने आ गई। शनिवार सुबह बारिश के बाद अयोध्या के राम मंदिर दर्शन मार्ग, श्री राम अस्पताल, रेलवे स्टेशन सहित कई स्थानों पर जलभराव हो गया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का दौरा शुरू हो गया। जिले में मानसून के प्रवेश करते ही भोर में जोरदार बारिश शुरू हो गई। शनिवार की दोपहर में 11 बजे के करीब बारिश बंद हुई। इस दौरान मौसम काफी ठंडा हो गया, लेकिन जगह-जगह जलभराव हो जाने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राम मंदिर में जाने वाले श्रद्धालु प्रवेश द्वार पर भरे पानी के बीच से होकर दर्शन पूजन को जाते दिखे। श्रीराम अस्पताल में भी भारी जलभराव के कारण इमरजेंसी वार्ड और एक्स-रे रूम में पानी भर गया। जलभराव के कारण मरीज डॉक्टर तक पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करते दिखे। इसके बाद महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त संतोष कुमार ने टीम के साथ सभी स्थानों का निरीक्षण किया और जल भराव को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए अस्थाई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

**80 एमएम की बारिश के बाद शहर के कई इलाके जलमग्न**

### निरीक्षण कर जल निकासी कराई

सर्वप्रथम महापौर व अधिकारियों ने जलवानपुरा स्थित मोहल्ला क्षीरसागर, अयोध्या धाम पुराना रेलवे स्टेशन में जलभराव के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल निकासी के समस्या के सम्बन्ध में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये गये। रामपथ पर हो रहे जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। आईटीआई के सामने जल भराव वाले स्थलों का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से मिलकर शिकायतों का निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने श्रीराम चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण कर जल निकासी कराई। बछड़ा सुल्तानपुर व शक्ति नगर कालोनी में पंप के माध्यम से जल निकासी कराई गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि जलवानपुरा के लिए प्राधिकरण पाइपलाइन तैयार कर रहा है। 24 घंटे नगर निगम की टीम काम कर रही है। जलवानपुरा में जल भराव की समस्या काफी पुरानी है। एक सप्ताह के अंदर तत्कालीन समस्या को समाप्त करते हुए जलनिकासी के संक्षिप्त प्रबंध किए जाएंगे।

> अयोध्या के जलवानपुरा क्षेत्र को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। अगले एक सप्ताह में हम सफल होंगे। तीन किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डाली जा रही है। यहां पर एक पंप हाउस तैयार कर पानी को बाहर किया जाएगा।
> **- गिरीश त्रिपाठी, महापौर**

### ढकोसला बंद करे सपाः भाजपा

भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने कहा कि अपने कार्यकाल में प्रदेश को गड्ढे में ढकेलने वाले नकली समाजवादी नेताओं के द्वारा रामपथ का निरीक्षण करना राजनीतिक रोटी सेंकने जैसा है। एक्सीडेंटल सांसद अवधेश प्रसाद के द्वारा रामपथ बनाने वाली कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की मांग करने की हिम्मत है? अगर हिम्मत है तो सार्वजनिक रूप से कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की मांग करें। दिखावा धकोसला बंद करें।

## वर्ग पहेली-116

**बाएं से दाएं**

3. आक्रमण

6. 1. जिसे कहा न गया हो, जिसकी अभिव्यक्ति न हुई हो, अनुच्चरित 2. गुप्त, छुपा हुआ।

7. अचानक, अकस्मात, एकाएक, एकदम, शीघ्रता से, तीव्र वेग से।

**ऊपर से नीचे**


1. एक प्रकार की कश्मीरी अंगीठी जिसे गले में लटकाया जाता है।

2. जिसमें कूटनीति का समावेश हो, कूटनीति से संबंधित, कूटनीतियुक्त, (डिप्लोमैटिक)।

4. 1. चाय देने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक ढक्कनदार पात्र 2. पानी गरम करने का टोंटीदार बरतन जिसमें प्राय :चाय के लिए पानी गरम किया जाता है, (केटल)।

5. 1. बेकार 2. जाली, रद्दी 3. झूठा या नकली 4. कृत्रिम।

6. 1. किसी भी प्राणी को किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक कष्ट न देना 2. (योगशास्त्र) पांच प्रकार के यमों में पहला 3. जैन तथा बौद्ध धर्मों में आचार तथा धर्म संबंधी प्रमुख सिद्धांत।




### वर्ग पहेली -115 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 स | ■ | ■ | ■ | 2 को |
| लि | ■ | 3 अं | ■ | गी |
| 4 म | ति | ग | ति | ■ |
| ■ | ■ | सं | ■ | 5 द |
| 6 प | रि | ग | ण | न |
| को | ■ | ■ | ■ | द |
| ड़ा | ■ | 7 वं | ट | न |

## सुडोकू -29

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | | 1 | |
| 5 | | | 7 | 3 | | | 2 | 4 |
| | 2 | 9 | | 1 | | 3 | | 8 |
| | | 4 | 6 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 7 | | |
| 8 | | | | | 2 | 9 | | |
| 1 | | 7 | | 9 | | 2 | 8 | |
| 6 | 3 | | | 8 | 7 | | | 5 |
| | 4 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू -28 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 9 | 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |

# इलाज के दौरान अधिवक्ता की मौत, हंगामा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लखनऊ उच्च न्यायालय के एक अधिवक्ता की शनिवार को हादसे में मौत हो गई। इलाज को लेकर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में जमकर हंगामा किया। मौके की नजाकत को देखते हुए कोतवाली और चौकी की फोर्स बुलानी पड़ी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिवार के हवाले कर दिया है। मामले में अभी पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है।

मूल रूप से अंबेडकरनगर जिले के महरुआ थाना क्षेत्र स्थित गांव पतौना दादूपुर निवासी पंकज दूबे (35) पुत्र काशी प्रसाद लखनऊ उच्च न्यायालय में प्रेक्टिस करते थे और लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित नौबस्ता कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहे थे। शनिवार को वह अपनी पत्नी बिट्टन दूबे के साथ अपनी स्कूटी से दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर बारिश के चलते रौनाही थाना क्षेत्र में उनकी स्कूटी स्लिप कर गई और वह चोटिल हो गए। साथ में मौजूद उनकी पत्नी ने उनको 8.40 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया तो ड्यूटी पर तैनात डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिवारजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतक के साले विवेक दूबे का कहना है कि जिला अस्पताल में भी ठीक से इलाज नहीं मिला और मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने केवल ग्लूकोज की बोतल लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। पीएम के बाद शव को गांव लाए हैं और अंतिम संस्कार किया जा रहा है। अभी कोई शिकायत नहीं दी है। वहीं इमरजेंसी प्रभारी डॉ. विनोद आर्या का कहना है कि पीड़ित को इंजेक्शन लगाया गया और परीक्षण के पूर्व कुछ भी खाने-पीने से मना किया गया था लेकिन वह खुद को ठीक बताने लगा और पानी पी लिया। इसके बाद उसे अचानक झटका आया और मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**▸▸ मेडिकल कॉलेज में बुलानी पड़ी फोर्स दर्शन को पत्नी के साथ आया था अधिवक्ता**

## एक सप्ताह तक औषधियां ग्रहण करेंगे प्रभु जगन्नाथ


**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी में प्रभु जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। रथयात्रा सात जुलाई को परंपरागत ढंग से निकाली जाएगी। उधर, परंपरा अनुसार प्रभु जगन्नाथ के बीमार होने पर उनका प्राकृतिक उपचार शुरू कर दिया गया है। रामनगरी के दर्जनों मंदिर से प्रभु जगन्नाथ की भव्य यात्रा निकाली जाती है। रामकोट क्षेत्र स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में प्रभु को एक सप्ताह तक औषधियों से स्नान और उपचार की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है, जिस कारण मंदिर कपाट को बंद कर दिया गया है। राम कचहरी मंदिर के महंत शशिकांत दास बताते हैं कि एकादशी से प्रभु को केवल खिचड़ी व आंवले के पानी का ही सेवन कराया जाएगा। अष्टमी से काढ़ा दिया जा रहा है। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा सात जुलाई को उनका औषधीय उपचार किया जाएगा। दोपहर दो बजे के बाद उन्हें काढ़ा का सेवन कराने के बाद स्नान व श्रंगार किया जाएगा। सात जुलाई को ही प्रभु जगन्नाथ स्वास्थ्य होकर अभिषेक पूजन के बाद अयोध्या भ्रमण पर निकलेंगे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.19 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 07.34 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** — आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार की शालीनता की लोग प्रशंसा करेंगे। आप ऑनलाइन शॉपिंग में काफी व्यस्त हो सकते हैं। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

**वृष** — आज कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर तुरंत क्रोधित होने के बजाय उसे शांति से निपटाएं।

**मिथुन** — आज युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रुकी हुई डील होने के योग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**कर्क** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप किसी कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। छोटे भाई से जुड़ी किसी समस्या का समाधान हो सकता है। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है।

**सिंह** — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। बुजुर्ग लोगों का अपमान न करें। आप कुछ नया सीखने की इच्छा रखेंगे। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च हो सकता है। अति आत्मविश्वास से बचें।

**कन्या** — आज बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** — आज साझेदारी में नए व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक** — आज अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। प्रशासनिक कार्यों से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा।

**धनु** — आज बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें। आपको बातचीत के दौरान सभ्य शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चो में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

**मकर** — आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

**कुंभ** — आज जीवनशैली में नयापन आएगा। मार्केटिंग संबंधी कारोबार में उचित लाभ होगा। आप किसी वेबसीरीज का आनंद उठा सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मीन** — आज आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई महसूस होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | संसार | सुबह : 10.41 |
| B4U Movies | कीमत | रात : 09.00 |
| &pictures | सीक्रेट सुपरस्टार | सुबह : 08.51 |
| &pictures | राधे | शाम : 05.54 |
| Sony Pix | जॉन विक | दोपहर : 12.00 |
| Sony Pix | द फाउडर | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | विवाह | सुबह : 11.30 |
| Zee Cinema | घूमर | रात : 08.00 |
| Colors Cineplex | भेड़िया | सुबह : 11.08 |
| Colors Cineplex | सीता राम | शाम : 05.01 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुपचाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा?
तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

## एक नजर

### मोबाइल फोन चोरी के संदेह में व्यक्ति की हत्या

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में शुक्रवार देर रात को मोबाइल फोन चोरी के संदेह में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इससे करीब 24 घंटे पहले इसी तरह के संदेह में एक व्यक्ति की पिटाई की गई थी और उसकी बाद में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि आधी रात के बाद पोलेनाइट इलाके में हुई घटना में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान प्रसेन मंडल के रूप में हुई है।

### अंकपत्र घोटाले में अब तक नौ लोग गिरफ्तार

**बारपेटा (असम)।** असम के गुवाहाटी विश्वविद्यालय में कथित अंकपत्र घोटाले में अब तक मुख्य आरोपी सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां गुवाहाटी, बारपेटा और धुबरी के विभिन्न स्थानों से की गई हैं तथा नवीनतम गिरफ्तारी शुक्रवार को धुबरी में हुई। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कथित घोटाले का खुलासा सबसे पहले बृहस्पतिवार को बारपेटा दौरे के दौरान एक संवादाताओं सम्मेलन में किया था। उन्होंने कहा था, कम्प्यूटरीकृत अंकपत्र प्रणाली के संचालन दायित्व से जुड़े लोग पैसे लेकर उसमें अंक बढ़ा देते हैं... यहां तक कि एक ऑपरेटर भी गुवाहाटी विश्वविद्यालय (जीयू) द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रणाली में अंकों को बदल सकता है।

# न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं: चंद्रचूड़

## सीजेआई बोले-तकनीकी मदद से अंग्रेजी में सुनाए गए फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा अनुवाद

**कोलकाता, एजेंसी**



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं स्वामी नहीं ,उन्हें न्यायपूर्ण तरीके से फैसला सुनाना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां टाउन हॉल में शनिवार को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन में कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं। यह न्याय का मंदिर है, तो मैं थोड़ा संकोची हो जाता हूं। गंभीर धारणा है कि हमें मंदिर में देवताओं के रूप में देखा जाता है। मैं न्यायाधीशों की भूमिका को जनसेवक के रूप में फिर से परिभाषित कर रहा हूं। ऐसा करके आप दूसरों के बारे में निर्णय लेने में करुणा और सहानुभूति की भावना लाते हैं, लेकिन दूसरों के बारे में निर्णयात्मक नहीं होते।

उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में कई बाधाएं हैं, लेकिन तकनीकी मदद से अंग्रेजी से क्षेत्रीय भाषाओं का अनुवाद किया जा सकता है। ज्यादातर फैसले अंग्रेजी में लिखे जाते हैं। तकनीक ने हमें उनका अनुवाद करने में सक्षम बनाया है। हम 51 हजार से अधिक फैसलों का दूसरी भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं। इनमें बंगाली और उड़िया भी हैं। उन्होंने जमानत आवेदनों में सुस्ती पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह न्यायिक प्रणाली का मॉडल नहीं है। न्यायालयों को यह भी निगरानी करनी चाहिए कि किसी व्यक्ति को जमानत देने के उनके आदेश का क्रियान्वयन हुआ या नहीं, क्योंकि नौकरशाही प्रणाली आदेश के निपटान को प्रभावित करती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक मामले में किसी को भी सजा सुनाते समय न्यायाधीशों को करुणा की भावना के साथ ऐसा करना चाहिए, क्योंकि अंत में एक इंसान को ही सजा सुनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नैतिकता की ये अवधारणाएं केवल शीर्ष अदालत या उच्च अदालत के न्यायाधीशों के लिए ही नहीं बल्कि जिला न्यायपालिका के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आम नागरिक की भागीदारी सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से जिला न्यायपालिका से शुरू होती है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने स्वतंत्रता के बाद से उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों को अंग्रेजी से संविधान के तहत मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के लिए चल रहे कार्य में सहायता करने वाले एआई-सहायता प्राप्त सॉफ्टवेयर की भी बात की।

### न्यायपालिका राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त होनी चाहिए: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त न्यायपालिका का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि इसे बिल्कुल निष्पक्ष और ईमानदार होना चाहिए। बनर्जी ने यह भी कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र, संविधान और लोगों के हितों के संरक्षण के लिए भारत की नींव का बड़ा स्तंभ है। मुख्यमंत्री ने यहां राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (पूर्वी क्षेत्र) के द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा-कृपया ध्यान रखें कि न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षपात न हो। न्यायपालिका पूरी तरह से पक्षपात रहित, ईमानदार और पवित्र होनी चाहिए। लोगों को इसकी पूजा करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम भी मौजूद थे। बनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंदिर है और न्याय प्रदान करने का सर्वोच्च प्राधिकार है। उन्होंने कहा-यह एक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर की तरह है। न्यायपालिका लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए है...और न्याय पाने और संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए अंतिम मंच है।

# मृतक का परिवार अंतिम संस्कार के बाद कार्रवाई पर लेगा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**दिल्ली के हवाई अड्डे का हादसा**

दिल्ली के हवाई अड्डे पर भारी बारिश के बीच छत का हिस्सा गिरने से मारे गए 45 वर्षीय कैब चालक के बेटे ने कहा कि परिवार अंतिम संस्कार के बाद कानूनी कार्रवाई करने पर निर्णय लेगा। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने घटना के एक दिन बाद शनिवार को सफदरजंग अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद कैब चालक रमेश कुमार का शव उनके परिवार को सौंप दिया।

रमेश के 25 वर्षीय बेटे रवींद्र ने कहा,-हमें दोपहर करीब 12:30 बजे मेरे पिता का शव पोस्टमार्टम के बाद मिला। हम अपने घर के पास ही अंतिम संस्कार करेंगे। रवींद्र ने कहा कि उनके पिता के अंतिम संस्कार के बाद परिवार के सभी सदस्य चर्चा करेंगे और तय करेंगे कि वे उनके पिता की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराएंगे या नहीं। रमेश शुक्रवार सुबह आईजीआई टर्मिनल-1 पर कुछ यात्रियों का इंतजार कर रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजधानी में तीन घंटे की भारी बारिश के बीच प्रस्थान क्षेत्र को ढकने वाली छतरी का एक हिस्सा खड़ी कारों पर गिर गया। इस घटना में छह लोग घायल भी हुए हैं। कैब चालक रमेश कुमार सुबह-सुबह टर्मिनल-1 पर यात्रियों का इंतजार कर रहे थे तभी राष्ट्रीय राजधानी में तीन घंटे से जारी भारी बारिश के बीच प्रस्थान क्षेत्र की छत का एक हिस्सा खड़ी कारों पर गिर गया। इस हादसे में कुमार की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

# केरल में टैंकर से गैस रिसाव के बाद आठ विद्यार्थी अस्पताल में भर्ती

**कन्नूर।** केरल में कन्नूर जिले के रामपुरम में एक टैंकर लॉरी से गैस रिसाव के बाद शनिवार को एक नर्सिंग कॉलेज के कम से कम आठ विद्यार्थियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों को बेचैनी और सांस लेने में कठिनाई होने लगी और उन्हें परियारम मेडिकल कॉलेज और पझायंगडी तालुक अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। अधिकारियों ने बताया कि पय्यान्नूर और परियायम पुलिस की एक दमकल टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की, लेकिन रिसाव को पूरी तरह से रोका नहीं जा सका है।

# विस चुनाव के बाद भाजपा का हो जाएगा सफाया : सोरेन

**रांची, एजेंसी**



- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर लगाया साजिश रचने का आरोप

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का राज्य से सफाया हो जाएगा।

अपने आवास पर झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि उन्हें जेल में बंद करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ विद्रोह होगा और झारखंड के लोग भाजपा को नहीं बख्शेंगे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा-भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है। आने वाले दिनों में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा। धन शोधन के एक मामले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद सोरेन को शुक्रवार को बिरसा मुंडा जेल से रिहा किया गया था।

# राजस्थान में 23 करोड़ रुपये की हेरोइन समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में गंगानगर के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस ने करीब 23 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद करके तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि कल देर शाम सदर थाना क्षेत्र में हनुमानगढ़- अबोहर बाईपास पर हुंडई शोरूम के समीप मोटरसाइकिल पर जा रहे बलकारसिंह (35) और पुनीत (31) को गिरफ्तार करके उनसे 334 ग्राम हेरोइन बरामद की। इनसे पूछताछ के आधार पर सीमावर्ती श्रीकरनपुर शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी सद्दाम हुसैन (31) को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास चार किलो 80 ग्राम हेरोइन मिली।

# मुंबई-नागपुर राजमार्ग पर दो कारों की टक्कर में सात की मौत, चार घायल

**जालना (महाराष्ट्र), एजेंसी**

- बीती देर रात कदवांची गांव के निकट हुआ हादसा

महाराष्ट्र के जालना जिले में मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर दो कार की टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को समृद्धि एक्सप्रेसवे के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कदवांची गांव के निकट हुआ। उसने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोग मुंबई के मलाड (पूर्व) और बुलढाणा जिले के निवासी थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा- नागपुर से मुंबई जा रहा 'मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल' (एमयूवी) और विपरीत दिशा से आ रही एक कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में एक और व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि एमयूवी अवरोधक को तोड़कर सड़क के बाईं ओर जा गिरी। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। जालना के सरकारी जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश जाधव ने बताया कि छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया है।

# जद(यू) ने संजय झा को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) ने शनिवार को राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा को अपना कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के गठन में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए केंद्र से बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने पर विचार करने का आग्रह किया। पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महंगाई और बेरोजगारी को 'ज्वलंत मुद्दे' करार दिया गया और पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव में विश्वास जताया गया कि राजग सरकार इनसे निपटने के लिए और प्रभावी कदम उठाएगी।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार श्रमिकों की मौत, एक अन्य घायल

**विरुधुनगर(तमिलनाडु), एजेंसी**

- मुख्यमंत्री ने की तीन-तीन लाख रुपये मुआवजे की घोषणा

तमिलनाडु में एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट होने से चार श्रमिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार यह जानकारी दी। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट तथा आग लगने का कारण पटाखा बनाने में रासायनिक पदार्थों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाना बताया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इकाई के नजदीक मौजूद एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया और इमारतों और अन्य कमरों को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने दुख जताते हुए चारों मृत श्रमिकों के परिवार को मुआवजे के रूप में तीन-तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। विस्फोट 29 जून की सुबह विरुधुनगर जिले के सत्तूर तालुक के पंथुवरपट्टी गांव स्थित एक आतिशबाजी इकाई में हुआ था। मृतकों की पहचान अचनकुलम गांव के 45 वर्षीय राजकुमार, नाडुसुरनकुडी के मारिसमी (40) और वेम्बकोट्टई के सेल्वाकुमार (35) और मोहन (30) के रूप में हुई। पुलिस के अधिकारी ने बताया घटना के बाद राहत कार्य के साथ मामले की जांच जारी है कि आखिर विस्फोट किस वजह से हुआ है।

**बारिश के पानी में अठखेलियां...**



नई दिल्ली में शनिवार को रंजीत सिंह फ्लाईओवर के पास भारी बारिश के बाद सड़क पर भीषण जलभराव के बीच पानी में खेलते बच्चे। राजधानी में अभी तक हुई बारिश से कई इलाके जलभराव की परेशानी से ग्रसित हैं। • एजेंसी

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# विश्व बैंक ने कम कार्बन ऊर्जा विकास के लिए 1.5 अरब डॉलर देने की मंजूरी दी

## बैंक ने कहा-भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था और इसके विस्तार की है उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**




विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने भारत को कम कार्बन ऊर्जा के विकास में तेजी लाने में मदद करने के लिए दूसरे चरण में 1.5 अरब डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी है।

विश्व बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह अभियान हरित हाइड्रोजन के लिए एक जीवंत बाजार के विकास को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना जारी रखने और कम कार्बन ऊर्जा निवेश के लिए वित्त को प्रोत्साहित करने का प्रयास करेगा। उसने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और अर्थव्यवस्था के तेजी से विस्तार करने की उम्मीद है। उत्सर्जन वृद्धि से आर्थिक विकास को अलग करने के लिए अक्षय ऊर्जा को विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ाने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हरित हाइड्रोजन उत्पादन और खपत के विस्तार के साथ-साथ कम कार्बन निवेश के लिए वित्त जुटाने को बढ़ावा देने के लिए जलवायु वित्त के तेजी से विकास की आवश्यकता होगी।

विश्व बैंक ने कहा कि लो कार्बन एनर्जी प्रोग्रामेटिक डेवलपमेंट पॉलिसी ऑपरेशन के इस दूसरे चरण में हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइज़र के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का समर्थन करेगा, जो हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीक है।

### रणनीति का समर्थन जारी रखने की खुशी है : कौमे

भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्टे टैनो कौमे ने कहा-विश्व बैंक को भारत की कम कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखने की खुशी है, जो निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा रोजगार पैदा करते हुए देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। वास्तव में, पहले और दूसरे चरण दोनों में हरित हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर मजबूत ध्यान दिया गया है। सुधारों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 25/26 से प्रति वर्ष कम से कम 450,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने और प्रति वर्ष पांच करोड़ टन उत्सर्जन में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा। यह ऑपरेशन राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार को और विकसित करने के कदमों का भी समर्थन करेगा।

# इफको ने ट्रायम्फ ऑफशोर मामले में एनसीएलटी से वापस ली याचिका

**नई दिल्ली।** खाद बनाने वाली कंपनी इफको ने एनसीएलटी में ट्रायम्फ ऑफशोर के खिलाफ दायर अपनी याचिका वापस ले ली है। इफको ने याचिका में ऋण चुकाने के लिए ट्रायम्फ ऑफशोर को ऋणदाताओं को कोई भी शेयर या प्रतिभूति जारी करने से रोकने की मांग की थी। इससे पहले इफको ने ट्रायम्फ ऑफशोर में अपनी पूरी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने संयुक्त उद्यम भागीदार स्वान एनर्जी लिमिटेड (एसईएल) को 440 करोड़ रुपये में बेच दिया था। इफको ने मार्च में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाया था और उसकी मंजूरी के बिना ट्रायम्फ ऑफशोर तथा एसईएल को कर्ज चुकाने के लिए ऋणदाताओं को कोई भी शेयर या प्रतिभूति जारी करने से रोकने की मांग की थी।

# वस्तुओं, सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जताया भरोसा



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुएं 437.1 अरब डॉलर और सेवाएं 341 अरब डॉलर) रहा था।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्थिति गंभीर है, क्योंकि यूक्रेन-रूस और इजरायल-हमास के बीच युद्ध और लाल सागर संकट अभी भी जारी है। मंत्री ने कहा कि यूरोप जैसे कुछ प्रमुख लोकतांत्रिक देशों में चुनाव भी हो रहे हैं। गोयल ने कहा-ऐसी स्थिति में यह सकारात्मक संकेत है कि हमारा निर्यात बढ़ रहा है (मई में नौ प्रतिशत की वृद्धि) और इससे यह पता भी चलता है कि दुनिया भारत के साथ व्यापार और निवेश करना चाहती है। हमें भरोसा है कि इस साल हमारा निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होगा और यह एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा। वह रत्न एवं आभूषण निर्यातकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आए थे। गोयल ने कहा कि निर्यात के लिए मंत्रालय विदेश स्थित भारतीय मिशनों और निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 89,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,850-55,050 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,450 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,450 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

# कोयला आयात वृद्धि दर पिछले दशक में घटकर 2.5 प्रतिशत से नीचे आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्त वर्ष 2023-24 के मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

भारत ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसका पता इस बात से चलता है कि कोयला आयात में वार्षिक वृद्धि पिछले एक दशक में वित्त वर्ष 2023-24 तक घटकर 2.49 प्रतिशत रह गई है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक कोयला आयात की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 21.48 प्रतिशत रही। हालांकि, 2014-15 से 2023-24 तक कोयला आयात की सीएजीआर केवल 2.49 प्रतिशत रही है। बयान के अनुसार-इसके अलावा, वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान आयातित कोयले की हिस्सेदारी का सीएजीआर 13.94 प्रतिशत था। जबकि, पिछले दशक के दौरान यह आंकड़ा गिरकर शून्य से नीचे लगभग 2.29 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू कोयला संसाधनों के अनुकूलन और नवीन तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करते हुए देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा जारी रख रहा है।

# एआई क्लस्टर स्थापित करने के लिए आईबीएम गुजरात सरकार में समझौता

**नई दिल्ली।** आईबीएम और गुजरात सरकार ने शनिवार को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी में आईबीएम के वाटसनएक्स का लाभ उठाते हुए एआई क्लस्टर की स्थापना करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एआई क्लस्टर की स्थापना से वित्तीय संस्थानों के बीच नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। बयान के अनुसार, इस साझेदारी के तहत वित्तीय संस्थानों को कृत्रिम मेधा (एआई) सैंडबॉक्स तक पहुंच, अवधारणा का प्रमाण प्रदान करने में सहायता, एआई साक्षरता कार्यक्रम और डिजिटल सहायक समाधान प्राप्त होंगे।

# सीएस शेट्टी बनेंगे एसबीआई के नए चेयरमैन, एफएसआईबी ने सिफारिश की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सेवानिवृत्त होने वाले दिनेश कुमार खारा का लेंगे स्थान



सरकारी नियुक्ति चुनाव समिति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन पद के लिए बैंक के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक सी एस शेट्टी के नाम की सिफारिश की है। शेट्टी को जनवरी, 2020 में प्रबंध निदेशक के तौर पर चुना गया था।

वर्तमान में वे अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी विभागों का कार्यभार संभालते हैं। वह दिनेश कुमार खारा का स्थान लेंगे, जो 28 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। खारा की आयु 28 अगस्त को 63 वर्ष हो जाएगी, जो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए ऊपरी आयु सीमा है। एफएसआईबी ने इस पद के लिए 29 जून, 2024 को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया।

# सेल को कार्बन उत्सर्जन नियंत्रण के लिए वैश्विक मंच लीडआईटी में जगह

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को कारोबार में कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित वैश्विक कार्पोरेट मंच 'लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन (लीडआईटी) की सदस्यता मिली है।

सेल देश की प्रमुख इस्पात विनिर्माता कंपनी है। सेल की एक बयान के अनुसार, उसे लीडआईटी का सदस्य बनाए जाने की घोषणा स्वीडन के विस्बी में आयोजित 'एंगेजिंग इंडिया एट अल्मेडालेन' सम्मेलन में की गई।



फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराया, विराट और हार्दिक के शानदार प्रदर्शन से जीती दूसरी बार ट्रॉफी

# बारबाडोस में भारत विश्वविजेता



ब्रिजटाउन, एजेंसी

13 साल बाद भारतीय टीम ने एक बार फिर टी-20 विश्वकप के खिताब पर कब्जा जमाया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रोमांचक मैच में 7 रन जीत दर्ज कर भारत के लंबे इंतजार को खत्म किया। टी-20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी और भारतीय टीम पहले ही संस्करण में चैंपियन बनी थी। तब से लेकर अब तक 17 साल में पहली बार ऐसा हुआ कि पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही टीम भारत चैंपियन बनी। यह नौवां संस्करण है और पिछले आठ संस्करण में कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई टीम एक भी मैच न गंवाते हुए चैंपियन बनी हो। 2007 से लेकर 2022 टी-20 विश्व कप तक चैंपियन बनने वाली टीम ने अभियान के दौरान कोई न कोई मैच जरूर गंवाया है। हालांकि, इस बार न तो दक्षिण अफ्रीका और न ही भारत ने एक भी मैच हारा था। दक्षिण अफ्रीका ने अंत में आकर भारत के आगे घुटने टेक दिए और भारत ने 2007 के बाद एक बार फिर 2024 में टी-20 विश्वकप पर कब्जा किया।

पावरप्ले में मिले शुरूआती झटकों से उबरते हुए विराट कोहली और अक्षर पटेल ने भारत को में सात विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। भारत ने एक समय पांचवें ओवर में तीन विकेट सिर्फ 34 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद अक्षर (31 गेंद में 47 रन) और कोहली (59 गेंद में 76 रन) ने टीम को संकट से निकाला। जवाब में हेनरिच क्लासेन (27 गेंद में 52 रन) ने एक समय दक्षिण अफ्रीका को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन भारत ने हार की कगार पर पहुंचकर जीत दर्ज की। पिछले छह महीने से क्रिकेटप्रेमियों के कोपभाजन रहे हार्दिक पंड्या ने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिए। दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना सकी।

अगला टी-20 विश्व कप नहीं खेलने वाले विराट और रोहित के चेहरे पर जीत का इत्मीनान था। कोच राहुल द्रविड़ को भी शानदार विदाई मिली। भारतीय तेज गेंदबाजों ने दो शुरूआती विकेट जल्दी निकाले जिसके बाद क्विंटोन डिकॉक (31 गेंद में 39 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंद में 52 रन) ने 58 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को मैच में लौटाया। रोहित ने 15वें ओवर में अक्षर को गेंद सौंपी जिसमें क्लासेन ने दो छक्के और दो चौके जड़ डाले। ऐसा लगने लगा था कि भारत की जद से मैच निकल चुका है लेकिन जब आखिरी छह गेंद में 16 रन चाहिये थे, तब सूर्यकुमार यादव ने लांग ऑफ सीमा पर अद्भुत रिले कैच लपककर जीत सुनिश्चित कर दी।

इससे पहले भारत के लिए कोहली और अक्षर ने चौथे विकेट के लिए 54 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। अक्षर दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए। बीच के ओवरों में कोहली धीमे पड़े और अपना अर्धशतक उन्होंने 48 गेंदों में पूरा किया। रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय कप्तान को दूसरे ही ओवर में केशव महाराज ने पवेलियन भेजा। स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में वह स्क्वेयर लेग पर कैच दे बैठे। उनके बाद आए ऋषभ पंत भी इसी अंदाज में आउट हुए। रोहित की ही तरह शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव के आउट होने से भारत को हरारा झटका लगा। उन्हें कैगिसो रबाडा ने फाइन लेग पर कैच आउट कराया। भारत ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए। छह ओवर के बाद स्कोर तीन विकेट पर 45 रन था। दूसरे छोर से विकेटों का पतन देख रहे कोहली ने बीच के ओवरों में संभलकर खेला।

कोहली ने अपनी पारी का पहला छक्का रबाडा को 18वें ओवर में लगाया। दूसरे छोर से अक्षर ने अपने टी-20 कैरियर की सबसे उपयोगी पारी खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों को अच्छे स्ट्रोक्स लगाए। उन्होंने एडेन मार्क्रम, महाराज और तबरेज शम्सी को एक एक छक्का लगाया। भारत ने सातवें से 15वें ओवर के बीच में 72 रन बनाए और अक्षर का विकेट गंवाया।



## स्कोर बोर्ड

| भारत | 176/6 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| रोहित शर्मा कैच क्लासेन बो महाराज | 9 | 5 | 2/0 |
| विराट कोहली कैच रबाडा बो यैंसन | 76 | 59 | 6/2 |
| ऋषभ पंत कैच डिकॉक बो महाराज | 0 | 2 | 0/0 |
| सूर्यकुमार कैच क्लासेन बो रबादा | 3 | 4 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट डिकॉक | 47 | 31 | 1/4 |
| शिवम दुबे कैच मिलर बो नॉखिए | 27 | 16 | 3/1 |
| हार्दिक पांड्या नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा कैच महाराज बो नॉखिए | 2 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6 रन, गेंदबाजी : यैंसन 4-0-49-1, महाराज 3-0-23-2, रबाडा 4-0-36-1, मारक्रम 2-0-16-0, नॉखिए 4-0-26-2, शम्सी 3-0-26-0

| दक्षिण अफ्रीका | 168/8 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| रीजा हैंड्रिक्स बोल्ड बुमराह | 4 | 5 | 1/0 |
| डिकॉक कैच कुलदीप बो अर्शदीप | 39 | 31 | 4/1 |
| मारक्रम कैच पंत बो अर्शदीप | 4 | 5 | 1/0 |
| स्टब्स बोल्ड अक्षर | 31 | 21 | 3/1 |
| हैनरिक क्लासेन कैच पंत बो हार्दिक | 52 | 27 | 2/5 |
| डेविड मिलर कैच सूर्या बो हार्दिक | 21 | 17 | 1/1 |
| मार्को यैंसन बोल्ड बुमराह | 2 | 4 | 0/0 |
| केशव महाराज नाबाद | 2 | 7 | 0/0 |
| कगिसो रबाडा कैच सूर्या बो हार्दिक | 4 | 3 | 1/0 |
| एनरिक नॉर्टजे नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 9 रन, गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-20-2, बुमराह 4-0-18-2, अक्षर 4-0-49-1, हार्दिक 3-0-20-3, जडेजा 1-0-12-2

## कब कौन बना टी-20 विश्वकप विजेता

| वर्ष | विजेता | उपविजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2024 | भारत | द. अफ्रीका | वेस्टइंडीज |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई-ओमान |
| 2016 | वेस्ट इंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्ट इंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

## मालविका सेमीफाइनल में, त्रिसा और गायत्री का अभियान समाप्त

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी



- बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर को रोमांचक मैच में हराया

भारतीय खिलाड़ी मालविका बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर पर तीन गेम की रोमांचक जीत से अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागपुर की 22 साल की मालविका ने 2014 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता क्रिस्टी को 10-21 21-15 21-10 से शिकस्त दी।

49वीं रैंकिंग की मालविका ने हायलो ओपन 2022 में क्रिस्टी को हराया था जब स्कॉटलैंड की शटलर ने चोट के कारण दूसरे गेम में रिटायर होने का फैसला किया था। भारतीय खिलाड़ी इससे पहले क्रिस्टी से दो बार हार चुकी हैं। इस साल अजरबेजान अंतर्राष्ट्रीय चैलेंजर जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी का सामना अब जापान की छठी वरीय नातसुकी निडाइरा से होगा। पुरुष एकल में प्रियांशु ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह चीन के चौथे वरीय लेई लान जि की चुनौती पार नहीं कर सके और एक घंटे में 21-15 11-21 18-21 से हार गये। दूसरी वरीय त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जापान की रूई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीय जोड़ी से 17-21 21-17 19-21 पराजय झेलनी पड़ी जिससे उनका अभियान अंतिम आठ में समाप्त हो गया।

## टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में तैयारियां शुरू

**कानपुर।** 27 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच के लिये ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम पर तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं। तैयारियों का जायजा लेने जुलाई के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अध्यक्ष निधि पति सिंघानिया ग्रीन पार्क का निरीक्षण करेंगे। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उनका ग्रीनपार्क मैदान पर पहला दौरा होगा।

सूत्रों ने बताया कि ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लौदेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले टेस्ट मैच की घोषणा की गयी है। तब से ही तैयारियों को शुरु करा दिया गया है उसका जायजा लेने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचेगे।

## कोई प्रायोजक नहीं, सुधार के लिए जूझ रही हूं : लिली

पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी



धाविका लिली दास ने जब 2016 में भारतीय एथलेटिक्स में शुरूआत की थी तो उन्हें उम्मीद की किरण के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं और आठ साल बाद भी वह अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक की कोशिश में जुटी हैं। प्रायोजकों की कमी के कारण लिली शीर्ष स्तर पर अपनी काबिलियत नहीं दिखा सकी हैं लेकिन 2016 में फेडरेशन कप की जूनियर स्तर की 1500 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली पश्चिम बंगाल की यह एथलीट अभी हार मानने को तैयार नहीं है।

26 साल की लिली ने पोलैंड के बिडगोस्ज में 2016 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। इसमें लिली 1500 मीटर के फाइनल में 10वें स्थान पर रही थीं। सीनियर स्तर पर उन्होंने 2019 दक्षिण एशियाई खेलों की 800 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के अलावा कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है। लिली ने कहा, मैंने जूनियर स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं लेकिन सीनियर स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक नहीं जीत पा रही। यह दुखद हिस्सा है। लेकिन मैं अभी हार नहीं मान रही हूं।

## टेस्ट इतिहास में भारतीय महिला टीम ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर

- दूसरे दिन भारतीय महिला टीम ने 603 रन पर की पारी घोषित, दक्षिण अफ्रीका ने बनाए 4 विकेट खोकर 236 रन

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाते हुए छह विकेट पर 603 रन पर पहली पारी घोषित की। इसके बाद मारिजाने काप और सुने लुस की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 236 रन बना लिये थे। मेजबान टीम ने बीती रात के चार विकेट पर 525 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया।

अपना पांचवां टेस्ट खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लंबे प्रारूप में अपना पहला अर्धशतक बनाया और 115 गेंद में 69 रन की पारी खेली जबकि ऋचा घोष ने भी भारत का दबदबा जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेली। इन दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी निभायी। भारत ने 576 रन बनाते ही महिला टेस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया द्वारा बनाया पिछला नौ विकेट पर 575 रन का सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। हरमनप्रीत के टुमी सेखुखुने की गेंद पर पगबाधा आउट होते ही 593 रन पर यह साझेदारी टूट गई। इसके 10 रन बाद ही ऋचा भी मलाबा की गेंद पर पगबाधा हो गई और भारतीय कप्तान ने पारी घोषित कर दी।

दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम ने भी शानदार जज्बा दिखाते हुए पारी की शुरूआत की जिसमें सुने लुस (65 रन) और मारिजाने (नाबाद 69 रन) की अर्धशतकीय पारियों से स्टंप तक चार विकेट पर 236 बनाने में मदद की। अब टीम भारत से 367 रन से पिछड़ रही है। दक्षिण अफ्रीका ने बल्ले से अच्छी शुरूआत करते हुए लंच ब्रेक तक बिना विकेट गंवाये 29 रन बना लिये थे। लेकिन स्नेह राणा ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वुलवार्ट (20) को पगबाधा आउट कर 33 रन पर पहला झटका दिया। फिर एनेके बॉश का साथ निभाने लुस उतरीं। इस जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। राणा ने ही इस भागीदारी का अंत किया। अब काप और लुस क्रीज पर थीं। अंतिम सत्र में दोनों बल्लेबाजों ने अपने अर्धशतक पूरे करते हुए 93 रन की साझेदारी की जिसका अंत दीप्ति शर्मा ने लुस को पगबाधा आउट कर किया। यह दक्षिण अफ्रीका की इस प्रारूप में तीसरे विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी भी है। नौ गेंद बाद डेल्मी टकर खाता भी नहीं खोल सकीं और राणा की गेंद का शिकार हुई। काप और नाडिने डि क्लर्क ने मिलकर पांचवें विकेट के लिये स्टंप तक नाबाद 38 रन की साझेदारी निभा ली थी।




विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

## स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी घोषित) | 603/6 (115.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| शेफाली वर्मा रन आउट | 205 | 197 | 23/8 |
| स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर | 149 | 161 | 27/1 |
| सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लर्क | 15 | 27 | 2/0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लर्क बो टकर | 55 | 94 | 8/0 |
| हरमनप्रीत कौर पगबाधा सेखुखुने | 69 | 115 | 4/0 |
| रिचा घोष पगबाधा मलाबा | 86 | 90 | 16/0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 2 | 7 | 0/0 |

अतिरिक्त : 22 रन, गेंदबाजी : क्लास 17-2-74-0, डेर्कसन 17-0-80-0, डि क्लेर्क 12-1-79-1, सेखुखुने 14-0-70-1, मलाबा 26.1-1-122-1, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

| द. अफ्रीका (पहली पारी) | 236/4 (72 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| लॉरा वुलवार्ट पगबाधा राणा | 20 | 39 | 3/0 |
| ऐनेक बॉश का दीप्ति बो राणा | 39 | 73 | 4/1 |
| सुने लुस पगबाधा दीप्ति | 65 | 164 | 6/1 |
| मारिजाने काप नाबाद | 69 | 125 | 8/0 |
| डेल्मी टकर का रिचा बो राणा | 0 | 8 | 0/0 |
| नाडिने डि क्लर्क नाबाद | 27 | 28 | 5/0 |

अतिरिक्त : 16 रन, गेंदबाजी : रेणुका 7-0-22-0, वस्त्राकर 9-2-32-0, राणा 20-2-61-3, राजेश्वरी 16-3-50-0, दीप्ति 15-3-40-1, हरमनप्रीत 3-0-9-0, मंधाना 2-0-8-0

## विनिसियस जूनियर के दो गोल से ब्राजील ने पराग्वे को रौंदा

**लास वेगास।** विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किए दो गोल से ब्राजील ने कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच में पराग्वे को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का दावा मजबूत किया। ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। विनिसियस ने मैच के 35वें मिनट में गोलकर टीम का खाता खोला जबकि साबियो ने 43वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना किया। विनिसियस ने मध्यांतर से पहले दूसरे गोल के साथ मैच पर ब्राजील का दबदबा बनाया। पाक्वेटा ने 61वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने में गलती नहीं की। एल्डेरेटे ने 81वें मिनट में पराग्वे के लिए सांत्वना गोल दागा। ब्राजील को अंतिम आठ में जगह बनाने की संभावना बढ़ाने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत थी क्योंकि उसे ग्रुप के शुरुआती मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित बराबरी पर रोक दिया था।



कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच गोल के लिए के और पनामा के खिलाड़ी।

## कोस्टा रिका को हराकर कोलंबिया कोपा कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ग्लेनडाले।** डेविंसन सांचेज और जॉन कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में 3 मिनट के अंदर गोल किए, जिससे कोलंबिया ने कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत के साथ कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोलंबिया ने ग्रुप डी मैच की शुरुआत से ही दबदबा कायम किया। लुइस डाज ने पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 31वें मिनट में बढ़त दिला दी। सांचेज और कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में मैच के 59वें और 62वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। कोलंबिया के सामने अब मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप मैच में ब्राजील की चुनौती होगी। विश्व कप क्वालीफायर 2022 में अर्जेंटीना से हारने के बाद कोलंबिया की यह 25 मैचों में यह कुल 20वीं जबकि लगातार 10वीं जीत है। टीम ने इस दौरान पांच मैच ड्रॉ खेले हैं। कोस्टा रिका की टीम पूरे मैच में एक बार भी कोलंबिया की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद सकी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### ताइवान के आसपास मंडरा रहे हैं चीन के विमान

**ताइपेई।** ताइवान की सेना ने द्वीप के करीब मंडरा रहे चीन के पीएलए के 23 विमानों और पांच जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पर कहा सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 23 विमान और पांच जहाजों का पता चला। बीस विमान ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की है और प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि मई में, द्वीप के प्रशासन के नए प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार ग्रहण करने के दो दिन बाद चीनी सशस्त्र बलों ने ताइवान के आस-पास व्यापक सैन्य अभ्यास किया।

### न्यूयॉर्क में मिनीवैन दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में मिनीवैन की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सफोल्क काउंटी के डियर पार्क अग्निशमन विभाग के प्रमुख डोमिनिक अल्बानीज़ ने बताया कि सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां चार लोग मृत पाए गए। उन्होंने बताया कि अधिकारी घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### मास्को उपनगर में छात्रावास में आग लगने से पांच की मौत

**मास्को।** रूस में मॉस्को के उपनगर बालाशिखा में एक छात्रावास में आग लगने पांच लोगों की मौत हो गई। तास न्यूज एजेंसी ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने परिचालन सेवाओं के हवाले से बताया केरामीचेस्काया स्ट्रीट पर छात्रावास में आग लगने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई है। तीन लोगों को बचा लिया गया है और वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है तथा 10 अन्य लोगों को निकाला गया है। परिचालन सेवाओं ने कहा प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार आग का कारण विद्युत नेटवर्क का एक आपातकालीन संचालन था।

### चीन में धोखाधड़ी के आरोप में 3,350 लोग गिरफ्तार

**बीजिंग।** चीन में पुलिस ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों को मदद करने के आरोप में राष्ट्रव्यापी अभियान तहत 3,350 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दी। मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 106 आपराधिक गिरोहों के संदिग्धों ने कथित रूप से फर्जी वेबसाइट के पते, क्यूआर कोड और अश्लील जानकारी वाले कार्ड छपवाए और पीड़ितों को धोखाधड़ी की योजनाओं में लुभाने के लिए उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर पोस्ट किया। इस अभियान ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों की उभरती समस्या का जवाब दिया है।

# नासा की गलती से स्पेस में फंसी सुनीता विलियम्स हीलियम लीक के बारे में थी जानकारी, कब होगी वापसी?

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेस में फंसे हुए हैं। स्पेसक्राफ्ट में हीलियम लीक के कारण ऐसा हो रहा है। इस बीच उनके मामले से जुड़ी एक दिल दहला देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। अमरीकन न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक लॉन्च के लिए सुरक्षित मानने के बावजूद नासा और बोइंग दोनों प्रबंधकों को इसके रिसाव के बारे में जानकारी थी। हालांकि उन्होंने इसे मिशन को खतरे में डालने के लिए बेहद छोटा माना था। लेकिन अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद चार लीक देखे गए, जिस कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी फंसी हुई है। इनकी वापसी 13 जून को होनी थी, जो अभी तक नहीं हो पाई है।

### अब नासा ने कहा- 90 दिनों तक बढ़ सकता है मिशन

नासा ने कहा है कि उसके दोनों अंतरिक्ष यात्री अधिक समय तक स्पेस में रहेंगे। क्योंकि इंजीनियर बोइंग कैप्सूल में पैदा हुई समस्याओं का निवारण करने में लगे हैं। नासा ने जमीन पर परीक्षण पूरा होने तक वापसी की तारीख तय नहीं की और कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं। नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम मैनेजर स्टीव स्टिच ने कहा नासा स्टारलाइनर के मिशन की अधिकतम अवधि को 45 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन करने पर विचार कर रही है। 5 जून को दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सवार होकर आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। वर्षों की देरी और असफलताओं के बाद यह पहला अंतरिक्ष यात्री लॉन्च था। यह टेस्ट फ्लाइट लगभग एक सप्ताह चलने की उम्मीद थी।

### कई हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी समस्या को ठीक किया जा रहा

नासा और बोइंग टीम स्टारलाइनर की कई हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी समस्या को सही करने की कोशिश है। नासा के स्टीव स्टिच का कहना है कि वो एसओपी फॉलो कर रहे हैं और डेटा के आधार पर निर्णय ले रहे हैं। एक बार इसका समाधान होने पर उनकी वापसी हो जाएगी। आईएसएस से अंतरिक्ष यात्रियों को लाने-ले जाने की स्पेसएक्स की क्षमता को देखते हुए फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान की संभावना पर चर्चा की जा रही है।



### यह दिक्कत आई सामने

नासा ने 24 जून के प्रयास के बाद घोषणा की कि स्पेस सूट कूलिंग यूनिट वॉटर लूप रिसाव के कारण स्पेसवॉक रद कर दिया गया है। अच्छी बात यह रही कि हर मामले में अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रहे। स्पेससूट को लेकर पैदा हुई चिंताओं से स्पेसवॉक का स्थगित होना नासा की समस्याओं की शुरुआत है। 2 जुलाई के लिए भी एक स्पेसवॉक निर्धारित है। केवल समय ही बताएगा कि क्या इसे हरी झंडी दी जाएगी या नहीं। स्पेस सूट में आने वाली समस्याएं दिखाती हैं कि अंतरिक्ष यात्रियों को नए सूट की जरूरत है जो 40 साल पुराने डिजाइन पर आधारित हैं।

### अंतरिक्ष में बर्फ बनने लगा पानी

नासा के लाइव फीड के दौरान इस घटना को पकड़ा गया। इसमें डायसन ने हर जगह पानी की रिपोर्ट दी। डायसन ने मिशन कंट्रोल को बताया, मैं देख सकता था कि बर्फ के क्रिस्टल निकल रहे हैं। यह एक बर्फ बनाने वाली मशीन की तरह था। जब पानी का रिसाव हुआ तब अंतरिक्ष के लिए बाहर का दरवाजा खुला हुआ था।

# अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं प्रवासी

## ट्रंप के इस बयान की चौतरफा निंदा, कहा- वोट के लिए नस्लवादी टिप्पणी की

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बहस और शुक्रवार को एक रैली के दौरान दावा किया कि प्रवासी अमेरिका में अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं। ट्रंप के इस बयान की उनके आलोचकों ने कड़ी निंदा की और कहा कि वोट बैंक का दायरा बढ़ाने की उनकी यह नस्लवादी और अपमानजनक कोशिश है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की प्रक्रिया के तहत ट्रंप और बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को करीब 90 मिनट तक जोरदार बहस हुई थी। ट्रंप ने कोई सबूत पेश किए बिना कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चाहते हैं कि मतदाता के रूप में प्रवासी अमेरिकियों की जगह ले लें।

उन्होंने सीएनएन पर प्रसारित बहस में कहा सच्चाई यह है कि वह (बाइडन) अश्वेत लोगों पर सबसे बड़ा प्रहार उन लाखों लोगों के जरिए कर रहे हैं जिन्हें उन्होंने सीमा पार से आने की अनुमति दी है। वे अब अश्वेतों की नौकरियां ले रहे हैं। वे लातिन अमेरिकियों की



नौकरियां ले रहे हैं। आपको अभी यह समझ नहीं हा रहा लेकिन आप हमारे इतिहास की सबसे खराब चीज होती देखेंगे। ट्रंप और उनके सहयोगियों का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी बाइडन के कामकाज से असंतुष्ट अश्वेतों और लातिन अमेरिकी समुदाय तक पूर्व राष्ट्रपति की पहुंच बढ़ाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को वर्जीनिया में एक रैली के दौरान फिर से ये टिप्पणियां कीं। डेमोक्रेटिक पार्टी और अश्वेत नेताओं ने ट्रंप के इस बयान की निंदा की।

**गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है :** नेशनल असोसियेशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ कलर्ड पीपल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेरिक जॉनसन ने कहा अश्वेतों के लिए नौकरी जैसी कोई चीज नहीं होती। यह गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है। हम चिकित्सक, वकील, शिक्षक, पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी हैं। यह सूची बहुत लंबी है। उन्होंने कहा यह चिंताजनक है कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार ऐसा भेद पैदा करने की कोशिश कर रहा है जो मौजूद नहीं है, हालांकि ट्रंप का इस तरह की विभाजनकारी बात करना आश्चर्यजनक नहीं है।

### पार्टी में उठी मांग बाइडेन को उम्मीदवारी से सम्मानजनक रूप से हट जाना चाहिए



**सिडनी।** जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच इस सप्ताह की राष्ट्रपति बहस के समापन के कुछ ही मिनटों के भीतर, कई लोगों के लिए यह स्पष्ट हो गया कि 81 वर्षीय बाइडेन नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाएंगे। 90 मिनट की बहस के दौरान स्पष्ट रूप से संवाद करने में उनकी असमर्थता के कारण पूरे अमेरिकी राजनीतिक हलकों, विशेष रूप से डेमोक्रेट के बीच, उनकी कड़ी आलोचना हुई। पार्टी में भी अब उनकी उम्मीदवारी छोड़ने की मांग उठने लगी है। ओबामा प्रशासन के पूर्व अधिकारी और सीएनएन विश्लेषक वैन जोन्स ने बाइडेन के बारे में कहा देश और जनता में विश्वास बहाल करने के लिए उन्हें आज रात एक परीक्षा से गुजरना था, और वह ऐसा करने में असफल रहे। हम अभी भी पार्टी सम्मेलन से दूर हैं। और इस पार्टी के लिए आगे बढ़ने का एक अलग रास्ता निकालने का समय आ गया है। बाइडेन ने ट्रंप के विभिन्न व्यक्तिगत अविवेक और 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर विद्रोह को लेकर अपने पूर्ववर्ती पर कुछ वार किए, और एक बिंदु पर कहा आप गली की एक बिल्ली जितने नैतिक हैं। लेकिन यह कई संशयवादियों को समझाने के लिए पर्याप्त नहीं था कि बाइडेन ट्रंप अभियान से लड़ने में सक्षम हैं, अमेरिकी कमांडर-इन-चीफ के कर्तव्यों को निभाने और अगले चार वर्षों तक दुनिया में सबसे कठिन काम करने का तो जिक्र ही नहीं किया गया। यदि सप्ताहांत के मतदान से पता चलता है कि बाइडेन अपने भयानक बहस प्रदर्शन के बाद समर्थन खो रहे हैं, जिसकी अत्यधिक संभावना है, तो डेमोक्रेट के उम्मीदवार के रूप में उनकी जगह लेने का कदम और भी तीव्र और अंततः निर्विरोध हो जाएगा।

## रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत

**कीव।** रूस के स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि उसके देश के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के ड्रोन हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, दूसरी तरफ यूक्रेनी शहर डीनिप्रो में बचावकर्मी रूसी हमले में ध्वस्त हुई उस नौ मंजिला आवासीय इमारत का मलबा हटाते दिखे, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने सोशल मीडिया पर कहा कि रूस-यूक्रेन सीमा पर गोरोडिशे गांव में यूक्रेनी हमले के पीड़ितों में दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख सेरही लिसाक ने कहा कि डीनिप्रो में रूसी हमले के बाद एक इमारत की शीर्ष चार मंजिलें नष्ट होने के बाद कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात महीने की बच्ची सहित 12 लोग घायल हो गए।

## नेपाल ने भारत में क्यूआर कोड से भुगतान स्वीकार किया

काठमांडू, एजेंसी

- नेपाल राष्ट्र बैंक ने व्यापारी भुगतान के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये या 1,00,000 रुपये प्रति माह की

भारतीयों को नेपाल में अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति दिए जाने के तीन महीने बाद, नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने घोषणा की कि नेपाली नागरिक अब भारत में क्यूआर कोड भुगतान प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जारी एक परिपत्र में, नेपाल राष्ट्र बैंक ने क्यूआर कोड के साथ-साथ ई-बैंकिंग, इंटरबैंक भुगतान और मोबाइल बैंकिंग जैसे अन्य भुगतान विधियों का उपयोग करके भारत और भूटान में भुगतान करने की अनुमति दी। नेपाल राष्ट्र बैंक ने व्यापारी भुगतान के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये या 1,00,000 रुपये प्रति माह की लेनदेन तय की है। यह नेपाली नागरिकों द्वारा भारतीय व्यापारियों को किए गए भुगतान, विशेष रूप से वस्तुओं और सेवाओं को संदर्भित करता है। भूटान के केंद्रीय बैंक ने इस तरह के भुगतान की अनुमति देते हुए एक परिपत्र जारी किया है। इस विनियमन संशोधन के बाद, नेपाली भुगतान प्रणाली ऑपरेटर जल्द ही भारत में इन सेवाओं को शुरू करना चाहते हैं। नेपाल राष्ट्र बैंक ने निर्देश दिया है कि डिजिटल सीमा पार भुगतान प्रणालियों में शामिल नेपाली उद्यम विदेशी भागीदारों के साथ समझौता करने या समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने से पहले केंद्रीय बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करें।

## पाकिस्तानी एजेंसियों को न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप से रोके पीएमओ

लाहौर, एजेंसी

- कई न्यायाधीशों ने वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से दबाव डालने का लगाया है आरोप

पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को निर्देश दिया कि वह इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) सहित देश की खुफिया एजेंसियों को निर्देश जारी करे कि वे अनुकूल फैसला प्राप्त करने के लिए किसी भी न्यायाधीश या उनके स्टाफ के किसी सदस्य से संपर्क न करें। कई न्यायाधीशों ने खुफिया एजेंसियों, विशेषकर आईएसआई, सैन्य खुफिया (एमआई) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) पर वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से दबाव डालने का आरोप लगाया है, विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के मामलों में।

## इजराइल दूतावास के बाहर सुरक्षा अधिकारी पर किया हमला

**बेलग्राद (सर्बिया)।** सर्बिया के बेलग्राद में स्थित इजराइल के दूतावास की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस अधिकारी को शनिवार को यहां एक हमलावर ने तीर मार कर घायल कर दिया। गृह मंत्री ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमलावर को मार गिराया। गृह मंत्री इविका डेसिक ने एक बयान में कहा कि हमलावर ने अधिकारी पर तीर से हमला किया, जो उनकी गर्दन में लगा।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर किया मिसाइल हमला

लाहौर, दुबई

- बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर शुक्रवार को मिसाइल हमले किए। ब्रिटेन की सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही इस अहम समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं।

यूकेटीएमओ ने बताया कि इन हमलों मे पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने शुक्रवार रात दावा किया था कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोतों पर दो हमले किए हैं लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले की जानकारी दी है। विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलों में चार नाविक मारे गए हैं।

हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में जनवरी से कई हवाई हमले किए गए हैं। विद्रोहियों के अनुसार, 30 मई को हुए हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई थी और 42 अन्य घायल हुए थे।

### जद्दोजहद....



असम में भारी बारिश के कारण कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। डिब्रूगढ़ में भारी बारिश के बाद बाढ़ वाले क्षेत्र से नाव से पलायन करते लोग। ● एजेंसी

## ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए पेजेशकियन और जलीली के बीच होगा सीधा मुकाबला

दुबई, एजेंसी

- उम्मीदवार पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले

ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुए मतदान में किसी भी प्रत्याशी को जीत के लिए पर्याप्त मत नहीं मिले, जिसके बाद सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी सईद जलीली के बीच अब सीधा मुकाबला होगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

चुनाव प्रवक्ता मोहसिन इस्लामी ने बताया कि पेजेशकियन और जलीली के बीच सीधा मुकाबला शुक्रवार को होगा। इस्लामी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव परिणाम की घोषणा की, जिसका ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने सीधा प्रसारण किया। उन्होंने बताया कि कुल दो करोड़ 45 लाख मतों में से पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 33 लाख वोट मिले और शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 2,06,000 वोट मिले हैं। ईरान के कानून के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने पर ही कोई उम्मीदवार विजेता घोषित किया जा सकता हैं और यदि ऐसा नहीं होता है, तो शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा।

### मतपेटी के ले जा रहे काफिले पर हमला, दो की मौत

**तेहरान।** ईरान के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के बाद शनिवार तड़के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में मतपेटी ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर सशस्त्र हमलावरों ने हमला किया जिसमें दो पुलिस अधिकारी मारे गए। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने सिस्तान और बलूचिस्तान पुलिस विभाग के एक बयान के हवाले से कहा कि रस्क काउंटी के जकीगुर गांव में हुए हमले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में मतपेटी को जब्त करना था।

## बॉलीवुड हलचल

### श्रद्धा कपूर ने अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने फिल्म कल्कि 2988 एडी में अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का किरदार निभाया है। दर्शकों को अमिताभ का अश्वत्थामा वाला किरदार बेहद पसंद आ रहा है। इस बीच श्रद्धा कपूर ने अमिताभ की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में श्रद्धा ने लिखा है, क्या नॉर्थ, क्या साउथ, क्या ईस्ट क्या वेस्ट, सारा सिनेमा एक तरफ और अमिताभ बच्चन एक तरफ।

### मेरे कपड़े फटे, गंदे थे, तभी आमिर सामने आ गए और मैं घबरा गया : नवाजुद्दीन

**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज बॉलीवुड के बेहतरीन और टॉप एक्टर्स में शुमार किए जाते हैं और उन्हें अच्छी फीस भी मिलती है, लेकिन कभी उन्होंने फिल्मों में बिना किसी क्रेडिट के काम किया था। यहां तक उन्हें रोजाना सिर्फ एक हजार रुपये की तनख्वाह मिलती थी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी इस वक्त नई फिल्म रौतू का राज को लेकर चर्चा में हैं, और उन्होंने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपने करियर की शुरुआती फीस से लेकर ''सरफरोश'' में आमिर संग काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने यह भी बताया कि सरफरोश में जो उनका सीन था, उसमें वह असल में आमिर के सामने हकला रहे थे और बहुत डरे हुए थे। चूंकि उनका किरदार भी ऐसा ही था, इसलिए लोगों को लगा कि नवाजुद्दीन अच्छी एक्टिंग कर रहे हैं। नवाजुद्दीन ने आगे बताया सरफरोश में मेरा छोटा सा रोल था। पूरी स्क्रिप्ट में, मैं एसीपी राठौड़ को पढ़ सकता था।

### सोनू निगम ने धोए आशा भोंसले के पैर



मुंबई। मौका था देश की मशहूर सिंगर आशा भोंसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' के लॉन्च का। इस बुक लॉन्चिंग में कई दिग्गज वहां पहुंचे थे, जिनमें से कई बॉलीवुड सिलेब्रिटीज़ भी थे। स्टेज पर आशा भोंसले के साथ सोनू निगम भी नजर आए और जिस तरह का सम्मान उन्होंने इस दिग्गज सिंगर को दिया है वह अक्सर हमने पढ़ा या सुना ही होगा। बॉलीवुड में इस तरह की चीजें कम ही देखने को मिलती हैं।

## खगोल विज्ञान


### शुरुआती चरण में हुई 57 ग्रहों के विकिरण की जांच

# अब विकिरण आधार पर होगी जीवन योग्य ग्रहों की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने रहने योग्य ग्रह की तलाश की दिशा बदल दी है। अब सूर्य के विकिरण के आधार पर खोज की जाएगी। जिसके शुरुआती चरण में 57 तारों के ग्रहों के विकिरण की जांच की है। जिसमें कई ग्रहों पर पड़ने वाला विकिरण पृथ्वी के समान है।

पृथ्वी के समान रहनेयोग्य ग्रह की तलाश में वैज्ञानिक लंबे समय से संघर्षरत हैं। अभी तक पांच हजार बाहरी ग्रहों की खोज हो चुकी है। जिनमें कुछ ग्रह जीवनयोग्य हो सकते हैं। मगर वैज्ञानिको की नई सोच कहती है कि सूर्य के विकिरण के आधार पर जीवनयोग्य ग्रहों की तलाश उद्देश्य की पूर्ति संभव है। इस क्रम में खगोलविदों ने हाल ही में पास के 57 सितारों से आने वाले विकिरण की मात्रा को मापा है। इनमें से कुछ तारों के ग्रहों में रहने योग्य ग्रह को हमारे सूर्य से पृथ्वी के समान या उससे भी कम विकिरण प्राप्त हुआ। तारों से निकलने वाले विकिरण की मात्रा और उस तारे के ग्रहों के लिए खतरनाक हो सकता है, जिससे संभावित रूप से वे रहने लायक नहीं रह जाते हैं। इस खोज की दिशा में तारों के आस-पास रहने योग्य एक्सोप्लैनेट की तलाश तेज कर दी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ज्ञात एक्सोप्लैनेट की बढ़ती संख्या संभावित रूप से जीवन की मेजबानी कर सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी दूसरे बाहरी ग्रह पर जीवन की तलाश सबसे बढ़ी चुनौती है। भावी दूरबीनें इस चुनौती से पार पा सकती हैं।



तारे के साथ मौजूद ग्रह। ● अमृत विचार

### कई दूरबीनों के जरिए मापा गया विकिरण

**नैनीताल।** कैलिफोर्निया स्टेट पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ब्रीना बाइंडर के अनुसार वैज्ञानिकों ने विकिरण का अध्ययन करने के लिए नासा के चंद्रा एक्स-रे वेधशाला और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक्सएमएम-न्यूटन उपग्रह का उपयोग किया और सोच के अनुरूप निष्कर्ष सामने आए। जिसे अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया।